# समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-163
लखनऊ, बुधवार 31 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





लापरवाही पर 17 जिलों के अफसरों को लगी फटकार 03

पश्चिमी विक्षोभों के चलते एक बार फिर बढ़ेगी ठंड 12


## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में दो स्कूली बच्चों समेत तीन की मौत

**बदायूं।** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि गांव बुटला दौलतपुर में स्थित कैप्टन गजराज सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही एक प्राइवेट स्कूल वैन की आज सुबह लगभग 9.45 बजे एक कैंटर से टक्कर हो गयी। वैन पहले कैंटर गाड़ी से टकराई, उसके बाद पीछे से आ रही रोडवेज बस भी वैन से टकरा गयी। इस हादसे में ड्राइवर और उसके बेटे समेत दो बच्चों की मौके पर मौत हो गई है। घायल छह बच्चों को बदायूं मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करवाया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि मरने वालों में वैन चालक उमेश(30), उसका 2 साल का बच्चा और एक अन्य 6 वर्ष के छात्र की मृत्यु हुई है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिहार दौरा रद्द

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिहार दौरा एक बार फिर से टल गया है। प्रधानमंत्री मोदी चार फरवरी को बिहार आने वाले थे। प्रधानमंत्री को बेतिया में कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करना था। इसके साथ बेतिया लोकसभा क्षेत्र में उनकी जनसभा थी लेकिन अपरिहार्य कारणों से प्रधानमंत्री का दौरा आगे बढ़ा दिया गया है। कार्यक्रम के संबंध में पश्चिम चंपारण के भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। नई तारीख की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बेतिया के सुगौली में 6500 करोड़ रुपये के इंडियन ऑयल की परियोजना का शुभारंभ करने का कार्यक्रम था। परियोजना के शुभारंभ के बाद वह बेतिया के रमना मैदान में जनसभा को भी संबोधित करते।

### गृहकर बकाए की कार्रवाई में चार भवन सील

**प्रयागराज।** नगर निगम के अधिकारियों ने गृहकर बकाये अभियान में सख्ती दिखाते हुए मंगलवार को कुल 13.74 लाख रू. कैश-चेक के माध्यम से वसूली की एवं चार भवनों को सील किया गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी.के द्विवेदी ने बताया कि नगर विकास विभाग उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में गृहकर वसूली टीम ने कई प्रस्तावित भवनों के बड़े बकायेदारों के भवन पर कुर्की की कार्यवाही की। जोनल कार्यलय मुटठीगंज क्षेत्र में टीम द्वारा मालवीय नगर वार्ड 62 की श्रीमनी अग्रवाल पर 1.53 लाख के बकाया गृहकर न जमा करने पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। गृहकर मद में सभी 15 बड़े बकायेदारो से वसूली के दौरान कुल धनराशि 3.81 लाख प्राप्त हुआ।

### अखिलेश को झटका, मनोज यादव ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में जुटे समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को उनके ही गढ़ मैनपुरी में बड़ा झटका लगा है। दरअसल यहां से उनके बेहद करीबी माने जाने वाले नेता मनोज यादव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इतना ही नहीं मनोज यादव ने अपने इस फैसले के पीछे की हैरान कर देने वाली वजह भी बताई। यूपी का मैनपुरी जिसे समाजवादी पार्टी का गढ़ कहा जाता है, अखिलेश के बेहद करीबी नेता मनोज यादव ने पार्टी का साथ छोड़ दिया है।


# सदन में लौटेंगे निलंबित सांसद

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में फैसला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में पार्टियों के फ्लोर नेताओं ने भागीदारी की। इसमें सरकार ने आगामी सत्र के एजेंडे से नेताओं को अवगत कराया और सदन के सुचारू संचालन में उनका सहयोग मांगा।

केन्द्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पिछले शीतकालीन सत्र में निलंबित सभी सदस्यों का निलंबन वापस लिया जाएगा। इस संबंध में सरकार की मंशा से लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को अवगत करा दिया गया है। वे आगे इस पर कोई फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि ज्यादातर सांसदों का निलंबन पिछले सत्र तक ही था और उन्होंने




राज्यसभा सभापति एवं लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि जिन सांसदों का विषय विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था, वे उनसे चर्चा कर निलंबन वापस ले लें। दोनों ओर से इस पर सहमति भी प्राप्त हुई है।

जोशी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष सभी दलों ने सदन की मर्यादा को लेकर कुछ निर्णय लिये थे। उनका पालन नहीं किए जाने के कारण निलंबन हुआ था। अब सभी से उन्होंने अनुरोध किया गया है कि इसे दोबारा न दोहराया जाए और सभी सदस्य संसदीय मर्यादाओं का पालन करें और सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करें। इस दौरान एक प्रश्न के उत्तर में केन्द्रीय मंत्री ने विपक्षी आईएनडीआई गठबंधन को ब्रेन डेड बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का स्वभाव ही है आपस में लड़ना। हमने पहले ही कहा था कि यह गठबंधन अस्वाभाविक है। अस्वाभाविक चीजों की जल्द ही मृत्यु हो जाती है। ऐसे में इंडी एलायंस अब ब्रेन डेड है।

### चंडीगढ़ में नगर निगम चुनाव में भाजपा ने इंडी गठबंधन को दी करारी मात

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम के प्रतिष्ठित चुनाव में विपक्ष के आईएनडीआईए (इंडी गठबंधन) को भारतीय जनता पार्टी ने करारी मात दी है। भाजपा ने नगर निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद पर कब्जा कर लिया है। मतगणना में चुनाव अधिकारी की ओर से विपक्षी गठबंधन के आठ वोटों को अमान्य कर देने पर आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस ने हाई कोर्ट में दस्तक दी है। कई दिनों की राजनीतिक उठापटक और सियासी घमासान के बीच भाजपा के मनोज सोनकर ने विपक्ष के इंडी गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप टीटा को चार वोटों से हरा दिया। मेयर पद के लिए 35 पार्षदों ने वोट डाला। जिनमें से भाजपा के मनोज सोनकर को 16 तथा आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार को 12 वोट मिले। मतगणना में चुनाव अधिकारी ने इंडी गठबंधन की आठ वोटों को अमान्य कर दिया। मंगलवार को मेयर पद के चुनाव के बाद सदन में काफी देर तक हंगामा होता रहा। कांग्रेस व आप पार्षदों ने सदन से बहिष्कार कर दिया। इसके बाद सीनियर डिप्टी मेयर के चुनाव में विपक्षी पार्षदों ने भाग नहीं लिया और भाजपा के कुलजीत सिंह को इस चुनाव में 16 वोट मिले और वह सीनियर डिप्टी मेयर चुन लिए गए। इसके बाद हुए डिप्टी मेयर चुनाव में भी भाजपा उम्मीदवार राजिंदर शर्मा जीत गए। चंडीगढ़ नगर निगम में मेयर चुनाव जीतने के बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट करके समूची लीडरशिप को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा चंडीगढ़ यूनिट को लंबे समय से मेयर चुनाव का इंतजार था। वह इस जीत के लिए चंडीगढ़ यूनिट को बधाई देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चंडीगढ़ में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन को मिली हार ने साफ कर दिया है कि लोग काम में विश्वास करते हैं, न की छल-कपट की राजनीति को पसंद करते हैं।

# नक्सलियों से मुठभेड़ में तीन जवान शहीद, 14 घायल

एजेंसी

**बीजापुर/सुकमा/रायपुर।** बीजापुर-सुकमा सीमा पर जोनागुड़ा और अलीगुड़ा के पास मंगलवार को नक्सलियों के हमले में तीन सुरक्षा जवान बलिदान हो गए। गोलीबारी में घायल 14 जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

मंगलवार को जिस इलाके में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर हमला किया, वहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी। सुकमा व बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र टेकलगुड़ेम गांव में (थाना जगरगुण्डा, जिला सुकमा) नक्सल गतिविधि पर अंकुश लगाने के लक्ष्य के साथ मंगलवार को ही यहां सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया है। यहां से आज दोपहर कोबरा, एसटीएफ व डीआरजी के जवान जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में सर्चिंग के लिए निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू



कर दी। सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग में नक्सली भाग खड़े हुए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हमले में 3 जवानों के बलिदान होने की खबर है।

मुठभेड़ में 14 जवान घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल जवानों को रायपुर भेजे जाने की तैयारी है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. के मुताबिक क्षेत्र की जनता को नक्सल समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए बस्तर पुलिस एवं तैनात सुरक्षा बल संकल्पित है। वर्ष 2021 में टेकलगुड़ेम मुठभेड़ में हमें भारी क्षति पहुंचने के बावजूद जनहित में विचार करते हुए आज दोबारा मजबूती से टेकलगुड़ेम गांव में कैम्प स्थापित कर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा एवं विकास हेतु समर्पित होकर कार्य करेंगे।

# पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा

**बीजेपी नेता की हत्या में पाए गए दोषी**

एजेंसी

**अलाप्पुझा।** भाजपा नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में अलाप्पुझा की एक अदालत ने इसे दुर्लभतम मामला मानते हुए मंगलवार को 15 आरोपियों को मौत की सजा सुनाई। अपराधी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के सदस्य हैं।

2021 में हुई हत्या उन कारणों में से एक थी जिसके कारण देश में पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय



प्रथम, मावेलिककारा की न्यायाधीश वीजी श्रीदेवी ने सजा सुनाई। मावेलिककारा की अतिरिक्त सत्र अदालत ने पिछले सप्ताह इस मामले में सभी 15 आरोपियों को दोषी पाया था। पुलिस ने 14 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था। 10वें आरोपी नवास को चिकित्सीय कारणों से मेडिकल कॉलेज तिरुवनंतपुरम में भर्ती कराया गया है। जांच के अनुसार, पहले आठ आरोपी सीधे तौर पर हत्या में शामिल थे। अदालत ने मौत की सजा के अलावा उम्रकैद की सजा भी सुनाई। इस मामले में नईसम, अजमल, अनूप, मोहम्मद असलम, अब्दुल कलाम उर्फ सलाम, अब्दुल कलाम, सफारुद्दीन, मनशाद, जसीब राजा, नवास, समीर, नसीर, जाकिर हुसैन, पूवाथिल शाजी, शेरनाज अशरफ दोषी हैं। नवास को छोड़कर बाकी सभी को फैसले के तुरंत बाद जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। रंजीत, जो भाजपा ओबीसी मोर्चा के राज्य सचिव थे, उनकी 19 दिसंबर, 2021 को उनके घर में परिवार के सदस्यों के सामने हत्या कर दी गई थी। हमले में उनके शरीर को बेरहमी से क्षत-विक्षत कर दिया गया था। यह कथित तौर पर एक दिन पहले एसडीपीआई के नेता केएस शान की हत्या का प्रतिशोध था।

### हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच से ढाई साल बाद बीएसपी सांसद को मिली जमानत

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने घोसी के सांसद अतुल राय को मेडिकल आधार पर 2 लाख के व्यक्तिगत बंध पत्र पर 22 मार्च तक अंतरिम जमानत दी है। वे अगस्त 2021 में दो व्यक्तियों द्वारा सुप्रीम कोर्ट के सामने आग लगाए जाने के मामले में पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर के साथ सह अभियुक्त हैं, जिसमें वे लगभग ढाई वर्षों से जेल में बंद हैं। जस्टिस मोहम्मद फैज आलम खान की बेंच ने अपने आदेश में कहा है कि अतुल राय के संबंध में प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट से स्पष्ट है कि वे एक लंबे समय से गंभीर रूप से बीमार हैं। कोर्ट में अपने आदेश में अतुल राय की विभिन्न बीमारियों का विस्तार से विवरण किया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सोरेन के दिल्ली आवास से 36 लाख की नकदी और दो लग्जरी कारें जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजधानी दिल्ली स्थित आवास की तलाशी के बाद 36 लाख रुपये नकद, दो लग्जरी कार और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। केंद्रीय जांच एजेंसी सोरेन के दक्षिण दिल्ली स्थित 5/1 शांति निकेतन आवास पहुंची और 13 घंटे से ज्यादा समय तक वहां डेरा डाले रही। इस दौरान जांच अधिकारियों ने आवास परिसर की तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईडी की टीम कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ करने के लिए सोमवार को हेमंत सोरेन के दक्षिण दिल्ली स्थित 5/1 शांति निकेतन आवास पहुंची और 13 घंटे से अधिक समय तक वहां डेरा डाले रही। इस दौरान केंद्रीय जांच एजेंसी ने मुख्यमंत्री सोरेन के आवास परिसर की तलाशी ली।

# आईएएस अफसरों का तबादला बदले कई जिलों के जिलाधिकारी

समृद्धि न्यूज

**राज्य सम्पत्ति अधिकारी वीके सिंह बने डीएम फर्रुखाबाद**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बीती सोमवार की देर रात 19 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें आठ जिलों के डीएम भी शामिल हैं। इनमें से कई आईएएस अधिकारी एक ही स्थान पर तीन वर्ष की अवधि से तैनात थे। इन्हें चुनाव आयोग के निर्देश पर हटाया गया है।

जारी शासनादेश में बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिन्द्र सिंह को पीलीभीत का डीएम बनाया गया है। अलीगढ़ के डीएम इंद्र विक्रम सिंह को इसी पद पर गाजियाबाद भेजा गया है। गाजियाबाद के डीएम आरके सिंह को कानपुर नगर का डीएम बनाया गया है। कानपुर नगर के डीएम विशाख जी. को अलीगढ़ का डीएम बनाया गया है। फर्रुखाबाद के डीएम संजय कुमार सिंह प्रथम को रामपुर भेजा गया है। रामपुर के डीएम रविंद्र कुमार मंदर को जौनपुर का डीएम बनाया गया है। राज्य संपत्ति अधिकारी बीके सिंह को फर्रुखाबाद का डीएम बनाया गया है। श्रम विभाग में तैनात निशा आनंद को अमेठी का डीएम बनाया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के विशेष सचिव दिव्यांशु पटेल को मुरादाबाद का नगर आयुक्त और आगरा के मुख्य विकास अधिकारी मनिकनंदन ए. को बरेली विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। जौनपुर के डीएम अनुज झा अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी बनाए गए हैं। इसके अलावा कई मुख्य विकास अधिकारी भी इधर से उधर किए गए हैं। नियुक्ति विभाग ने इन तबादलों की आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

# सपा ने जारी की 16 प्रत्याशियों की पहली सूची

समृद्धि न्यूज



**मैनपुरी से डिंपल यादव और लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा लड़ेंगे चुनाव**

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए समाजवादी पार्टीन आज पहली सूची जारी कर दी है।सपा ने16 प्रत्याशियों का ऐलान किया है। सूची में स्व.मुलायम सिंह यादव परिवार से डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव, अक्षय यादव के नाम शामिल है। अभी तक किसी दल ने प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं की है। सपा ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को दोबारा उतारा है। फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश यादव, बदायूं से धर्मद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनंद भदौरिया, उन्नाव से अन्नू टंडन को उम्मीदवार बनाया गया है।

लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से डॉक्टर नवल किशोर शाक्य को टिकट दिया गया है। अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, अंबेडकरनगर को लालजी वर्मा, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी और गोरखपुर से काजल निषाद को मैदान में उतारा गया है। सपा ने अपने आधिकारिक हैंडल पर सूची जारी करते हुए यह लिखा कि सपा ने कांग्रेस और रालोद गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने का फैसला किया है।

यूपी की 80 में 60 सीटों पर सपा ने लड़ने का फैसला लिया है। सात सीटें जयंत चौधरी की रालोद को दी गई है। 11 सीटें सपा ने कांग्रेस को दी है। कांग्रेस ने इन सीटों को लेकर अभी तक न इनकार किया है और न खुलकर गठबंधन की बात कही है। लोगों का कहना है कि दोनों दलों में अंदरखाने बात हो गई तभी सपा ने प्रत्याशियों का ऐलान किया है।

पिछले लोकसभा चुनाव में सपा ने बसपा के साथ गठबंधन किया था। तब 80 में भाजपा को 62, बसपा को 10, सपा को 5 सीटें मिली थीं। अपना दल ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी। सपा के पास अब तीन ही लोकसभा सीटें हैं। पांच में दो सीटें भाजपा ने उपचुनाव में सपा से छीन ली। आजमगढ़ में अखिलेश यादव के इस्तीफे के बाद भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ जीते हैं। रामपुर में आजम खान की सीट पर भाजपा का कब्जा हो गया है।

### यूपी में 105 आईपीएस अधिकारियों के एक साथ हुए तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को एक साथ बड़े पैमाने पर आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। जिन अधिकारियों का तबादा किया गया उनकी सूची भी जारी कर दी गई। कुल 105 आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है वह एक ही जिले में तीन साल से तैनात और प्रमोशन पाने वालो में है। अंकिता शर्मा को अपर पुलिस उपयुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी भेजा गया, संतोष कुमार मीणा अपर पुलिस आयुक्त कानपुर बनाए गए, अभिजीत कुमार अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज बनाए गए, श्रुति श्रीवास्तव अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी बनाई गई, पुनीत द्विवेदी अपर पुलिस अधीक्षक राज्यपाल उत्तर प्रदेश बनाई गए। विस्तृत खबर पेज 3 पर...

# व्यास जी के तहखाने के मामले में कोर्ट में बहस पूरी, फैसला आज

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाना में पूजा पाठ संबंधी याचिका पर मंगलवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई। याचिका पर अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया। बुधवार को अदालत फैसला सुना सकती है।

वादी शैलेन्द्र पाठक के याचिका पर उनके अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, सुधीर त्रिपाठी, सुभाष नंदन चतुर्वेदी व दीपक सिंह ने बहस किया। वादी पक्ष के अधिवक्ताओं के एक आवेदन को अदालत ने स्वीकार कर लिया, जिसमें व्यास जी के तहखाने को जिलाधिकारी की सुपुर्दगी में दिए जाने का अनुरोध किया गया था। वादी पक्ष ने याचिका में कहा है कि ज्ञानवापी में बैरिकेडिंग नंदी जी के सामने की गई है उसे खोल दिया जाए और व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ के लिए आने जाने दिया जाए। इस पर आदेश किए जाने का अनुरोध किया गया है। इस पर प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताते हुए कहा कि व्यास जी का तहखाना मस्जिद का हिस्सा है। यहां पूजा पाठ की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आदेश के लिए बुधवार की तिथि नियत की है। गौरतलब है कि वादी शैलेन्द्र पाठक के परिजन वर्ष 1993 तक तहखाने में पूजा पाठ करते थे। 1993 के बाद तत्कालीन सपा सरकार के आदेश पर ज्ञानवापी के व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ बंद हो गई।

### खेती के आधुनिकीकरण से किसानों को होगा मुनाफा : शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि खेती को लाभकारी बनाने के लिए कृषि आधुनिकीकरण बहुत जरूरी है। इस आधुनिकीकरण के लिए किसानों को पूंजी की जरूरत होगी। ऐसे में सहकारी बैंक ही किसानों को उनकी जरूरत के हिसाब से ऋण दे सकते हैं। सहकारिता मंत्रालय इस दिशा में काम कर रहा है। शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में राज्यों के रजिस्ट्रार कार्यालय एवं कृषि व ग्रामीण विकास बैंकों के कम्प्यूटरीकरण की योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि किसानों को उनकी जरूरत के हिसाब से ऋण देने का कार्य कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) का है। हालांकि ये बैंक समय के साथ-साथ शिथिल पड़ गए थे। अब इन बैंको को आधुनिक करने का कार्य शुरू किया गया है।

**सम्मान**

**गणतंत्र दिवस समारोह में विकसित भारत-समृद्ध विरासत थीम पर सजाई गई थी झांकी**

# कर्तव्य पथ पर उत्तर प्रदेश की झांकी को मिला द्वितीय पुरस्कार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में विकास के ट्रैक पर तेजी से दौड़ रहे उत्तर प्रदेश को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड 2024 में उत्तर प्रदेश की मनोरम झांकी ने सभी का दिल जीत लिया। विकसित भारत-समृद्ध विरासत की थीम पर सजाई गई उत्तर प्रदेश की झांकी को 75वें गणतंत्र दिवस पर द्वितीय पुरस्कार मिला है।

मंगलवार को नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक शिशिर को भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने प्रशस्ति




पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया। 26 जनवरी को 16 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के साथ ही 9 अलग-अलग मंत्रालयों व विभागों की कुल 25 झांकियां निकली थीं। इसमें पीपुल्स च्वॉइस के आधार पर उत्तर प्रदेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की थीम पर सजाई गई उत्तर प्रदेश की इस झांकी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें पांच वर्ष के रामलला को हाथों में धनुष लिए दर्शाया गया था। झांकी पर ऋषि-मुनियों के साथ सनातन परंपरा और महाकुंभ आयोजन का अद्भुत नजारा देखने को मिला। साथ ही रैपिड रेल, ब्रह्मोस मिसाइल के प्रदर्शन तकनीक के साथ ही आत्मनिर्भर होते यूपी की झलक पेश कर रहा था।

**अनवरत पांचवें वर्ष मिला उत्तर प्रदेश को यह सम्मान**

उत्तर प्रदेश के लिए यह गौरव का क्षण है। उत्तर प्रदेश को गणतंत्र दिवस परेड में आकर्षक झांकी के लिए अनवरत पांचवें वर्ष सम्मानित किया गया। 2020 में यूपी की झांकी को द्वितीय, 2021 व 2022 में प्रथम पुरस्कार मिला था। 2023 में पीपुल्स च्वॉइस श्रेणी में द्वितीय व तृतीय पुरस्कार यूपी के खाते में आया। वहीं 2024 में भी पीपुल्स च्वॉइस श्रेणी में उत्तर प्रदेश की झांकी दूसरे स्थान पर रही।



# मानक विहीन तरीके से चल रहा वरदान हॉस्पिटल, नोटिस जारी

- तीन दिन में दस्तावेज प्रस्तुत करने के दिए गए निर्देश
- डॉ. अंजित सिंह ने बताया कि वरदान हॉस्पिटल को बैंक से लोन लेकर स्थापित किया था जिसकी किस्त अभी भी वह दे रहे हैं




**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले में अवैध तरीके से संचालित अस्पतालों पर लगातार सीएमओ संतोष गुप्ता के दिशा निर्देशन में चिकित्सा अधिकारियों द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही की गई फिर भी कुछ ऊंची रसूख वाले आज भी धड़ल्ले से अवैध अस्पताल संचालित कर जनता को मूर्ख बनाकर उनकी जान के साथ खिलवाड़ कर रहे है। इसी प्रकार के अवैध रूप से संचालित एक फर्जी अस्पताल का मामला प्रकाश में तब आया जब अस्पताल के मालिकाना हक रखने वाले डॉक्टर अंजीत सिंह ने अपने ही अस्पताल के खिलाफ सीएमओ को लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

दरअसल अस्पताल के मालिक डॉक्टर अंजित सिंह के एक्सीडेंट होने के चलते अस्पताल के रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण नहीं हो पाया था, इस बीच अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर अंबरीश वर्मा के द्वारा अनाधिकृत रूप से मालिकाना हक जताते हुए अस्पताल पर कब्जा कर लिया और तब से डॉ. अंबरीश वर्मा के द्वारा बिना मानक पूरे किए हुए धड़ल्ले से आशा बहूओ से सेटिंग कर प्रसूताओं की डिलीवरी की जाने लगी। डॉ. अंजित सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखीमपुर खीरी को पूरे मामले की जानकारी देते हुए लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मोहल्ला श्याम नगर स्थित एलआरपी चौराहा के पास वरदान हॉस्पिटल नाम से संचालित अस्पताल का आवेदन पोर्टल पर किया गया था जिसका नवीनीकरण विचाराधीन था इसी बीच अस्पताल में डॉक्टर अमरीश वर्मा के द्वारा बिना मेरी सहमत के इसका अनाधिकृत रूप से मालिकाना हक जताने के लिए आवेदन पोर्टल पर अपने नाम से नवीनीकरण हेतु आवेदन किया गया जो कि पूर्णतः असवैधानिक है।

**इस संबंध में सीएमओ संतोष गुप्ता ने बताया कि वरदान नर्सिंग होम को नोटिस के माध्यम से तीन दिन में सभी कागजात उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।**

डॉ. अंजित सिंह ने बताया कि वरदान हॉस्पिटल को बैंक से लोन लेकर स्थापित किया था जिसकी किस्त अभी भी वह दे रहे हैं। फिलहाल अस्पताल का बिना रजिस्ट्रेशन संचालित होने से अस्पताल पर कहीं ना कहीं किसी का संरक्षण प्राप्त होना प्रतीत होता है।

# क्षेत्र में हो रहा अंधाधुंध अवैध मिट्टी खनन, भरा डंपर सीज

**उचौलिया खीरी। समृद्धि न्यूज**

लगातार कई दिनों से उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध मिट्टी का खनन जोर-शोर से चल रहा है। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर मिट्टी लेकर जा रहे एक डंपर को उचौलिया पुलिस हल्का नंबर एक उपनिरीक्षक गिरिजेश कुमार द्वारा पकड़ लिया गया जिसको बाद में थाने पर लाया गया।

**इस संबंध में उचौलिया थाना उपनिरीक्षक गिरिजेश कुमार का कहना है कि ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना के बाद पुलिस ने डंपर को मिट्टी समेत पकड़ा है जो जंग बहादुर गंज के शिवम मिश्रा का बताया गया है जिसको सीज कर दिया गया है?**



## जेसीबी से सरेआम हो रहा मिट्टी का अवैध खनन।

ग्रामीणों के मुताबिक पसगवां ब्लॉक क्षेत्र के कई गांव में ईंट भट्टे की रायल्टी की आड़ में खनन माफिया दिन रात महंगे दामों में अवैध रूप से मिट्टी को बेच रहे हैं। मिट्टी खनन माफिया के द्वारा दिनदहाड़े जेसीबी मशीन से मिट्टी का खनन किया जा रहा है जिससे राजस्व विभाग को लाखों की क्षति हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र के कई खनन माफिया जिम्मेदारों की मिलीभगत से खनन करते है। उचौलिया थाना क्षेत्र के गांव कोटरा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिछले दिनों कई दिनों तक अवैध मिट्टी खनन होता रहा और पास के ही निर्माणाधीन पेट्रोल पंप पर मिट्टी को डाला गया जिसकी सूचना कई बार पुलिस प्रशासन और उच्च अधिकारियों को दी गई लेकिन उसे पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। क्षेत्र में लगातार कई दिनों से मिट्टी का अवैध रूप से जेसीबी मशीन के द्वारा खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि रात के अंधेरे और दिन के उजाले में खनन माफिया ओवरलोडेड मिट्टी के डंपर अंधाधुंध दौड़ाते हैं जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक एक डंपर मिट्टी 5000 से 6000 में बेची जा रही है जिससे राजस्व विभाग को हजारों रुपये की क्षति हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खनन माफिया के पास मिट्टी उठाने का कोई भी परमिट नहीं है। ग्रामीणों द्वारा अवैध खनन का जब विरोध किया जाता है तो माफिया ने उन्हें धमकाकर भगा देते हैं।

## कमल खिलाने को मील का पत्थर साबित होगा गांव चलो अभियानः अवनीश सिंह

**बाराबंकी।** केंद्र में लगातार तीसरी बार कमल खिलाने के लिए भाजपा ने कमर कस ली है। हर गांव में 51 फीसदी से अधिक वोट पाने के लिए भाजपा ने 4 से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान शुरू करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए चौतरफा घेराबंदी करने की रणनीति बनाने के लिए मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश पटेल ने कहा कि हर बूथ,हर क्षेत्र में पार्टी की मजबूती के लिए गांव चलो अभियान मील का पत्थर साबित होगा जो मिशन 2024 में बड़ी विजय का आधार बनेगा। कहा कि अभियान के तहत सांसद, विधायक ,जिला पंचायत अध्यक्ष समेत पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता गांव में प्रवास करके ग्रामीणों से व्यापक जनसंवाद करेंगे।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों का सामूहिक इस्तीफा देने का ऐलान

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

बिजुआ ब्लॉक अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर ब्लॉक बिजुआ में बीडीओ व ब्लॉक प्रमुख से समय मांगकर 29/01/2024 को बैठक बुलाई, जिसमे बीडीओ बिजुआ व ब्लॉक प्रमुख मीटिंग में शामिल नही हुए। जिससे नाराजगी जाहिर करते हुए कन्या देवी पत्नी जगदीश प्रसाद क्षेत्र पंचायत सदस्य रहीमनगर ग्रंट व मूड़ा खुर्द ने एक प्रार्थना पत्र के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी बिजुआ को अवगत कराया है कि मेरे वार्ड संख्या 1 से 7 रहीम नगर ग्रंट व 11 से 13 मूड़ा खुर्द में विकास कार्य क्षेत्र पंचायत निधि से ठप्प है। पंचायत के महत्वपूर्ण कार्य न होने से निर्वाचित होकर सदन में अपने क्षेत्र के विकास के लिए कोई भी प्रस्ताव पर कार्य न करा पाने से क्षेत्र पंचायत सदस्य स्वयं को असमर्थ महसूस कर रहे हैं।



जबकि वर्तमान सरकार में विकास की गति तेजी से चल रही है लेकिन हमारे महत्वपूर्ण सदन से कोई भी विकास कार्य जैसे मनरेगा निधि से नही हो रहे हैं। इस विषय को लेकर ब्लॉक के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य खण्ड विकास अधिकारी बिजुआ व सदन के प्रमुख ब्लॉक प्रमुख को सूचना देकर मिलने का समय मांगा था। सूचना होने बावजूद खण्ड विकास अधिकारी व ब्लॉक प्रमुख नही मिले। जिससे निराश होकर सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने यह निर्णय लिया है कि यदि एक माह में विकास कार्य व मनरेगा से कार्य नही कराए जाते हैं तो सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य सामूहिक इस्तीफा देने को मजबूर होंगे व दूसरे प्रमुख का चयन करेंगे।

# 'गोडसे ने गांधी को इसलिए मारा क्योंकि वे मुसलमानों के हिमायती थे'

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

गांधी को गोडसे ने इसलिए मारा क्योंकि वह मुसलमानों की बहुत पैरवी करते थे। वह उनकी बात करते थे। असल बात यह थी कि गांधी मुसलमानों की वजह से मरे, मुसलमानों के लिए मरे, ना कि हिन्दूओं के लिए मरे। लेकिन दुःख है कि गांधी की इस बात को उन्होंने कबूल नहीं किया और उनकी शहादत को नहीं समझा। जिनके लिए गांधी मरे। यह कड़वा सच है। यह बात गांधी भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राहुल देव ने कही। मंगलवार को आजादी के नायक महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए 11 बजे सभी ने एक मिनट मौन रहकर उनको श्रद्धांजलि भी दी। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि राहुल देव, वरिष्ठ पत्रकार शीतल सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की अध्यक्षता पूर्व विधायक सरवर अली ने की।




श्री राहुल देव ने अपने सम्बोधन में आगे कहा कि समाज में हिन्दू साम्प्रदायिकता है साथ ही मुस्लिम साम्प्रदायिकता भी है। समाज में आज नहीं सदियों से यह साम्प्रदायिकता बनी हुई है। इसे स्वीकारना पड़ेगा। वरिष्ठ पत्रकार शीतल पी सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों का प्रमुख आधार सत्य और अहिंसा है। जिसे उन्होंने देश और दुनिया के सामने रखा। जिसे दुनिया अजूबे की तरह देखती है। गांधी जी पूरे जीवन सत्य और अहिंसा का प्रयोग करते रहे और इसी प्रयोग में उन्होंने अपनी जान दे दी। गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कहा कि भारत एक ऐसा देश बने जिसमें गांधी दर्शन के साथ-साथ लोगों में आपसी भाईचारा और सौहार्द कायम हो। आपसी भाईचारा से ही देश चलता है। गांधी हमारे बीच अभी भी जिन्दा हैं और वो हमेशा जिन्दा रहेंगे। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाया। सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अप्रवासी भारतीय जिया चौधरी, समाजसेवी मो उमैर किदवाई, विनय कुमार सिंह, अताउर्रहमान 'सज्जन', मृत्युंजय शर्मा, पाटेश्वरी प्रसाद, सभासद अश्वनी शर्मा, मो. फैसल, मो आरिफ, सलाउद्दीन किदवई, अशोक शुक्ला, हुमायूं नईम खान, साकेत संत मौर्य, सत्यवान वर्मा, सईद अहमद, फहीम सिद्दीकी, आदि नगर के कई संभ्रान्त नागरिक, अधिवक्ता, समाजसेवी व पत्रकार मौजूद रहेंगे।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों के चलते महिला ने खाया जहर, मौत।

**बिजुआ खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम मनहरिया निवासी सावित्री देवी पत्नी गोवर्धन उम्र करीब 60 वर्ष ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली जिसकी सूचना मृतका के पुत्र पवन कुमार बंजारा ने भीरा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक रामानंद शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच कर पंचानामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### झांकी ग्रुपो ने किया भव्य आयोजन, एक फरवरी को होगा अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन



**मितौली खीरी।** विकास खंड मितौली के सामने स्थित मेला मैदान में महाकाल झांकी ग्रुप सोनू सांवरिया (सोनू पागल) हरगांव सीतापुर व झांकी ग्रुप बरेली के द्वारा धार्मिक झांकियों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मेला आयोजक मास्टर दिनेश कुमार द्वारा मंच का फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेला कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि नें गणेश भगवान की झांकी की आरती के साथ हनुमान जी की झांकी, नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा राधा कृष्ण की झांकी के साथ बहुत ही सुंदर मनोहरी कार्यक्रम झांकी ग्रुपो द्वारा दिखाया गया। मेला आयोजक मास्टर दिनेश कुमार नें उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा यह सदैव प्रयास रहता है कि बहुत सुंदर धार्मिक ज्ञानवर्धक लीलाएं मेला महोत्सव में दिखाई जाए । पूर्वजो द्वारा मुगल शासको के समय से लगाया जाने वाला पौराणिक मेला महोत्सव को अधिक ऊंचाइयों पर ले जाया जाय। मेंला अध्यक्ष ग्राम प्रधान मितौली नीरज कश्यप ने बताया एक फरवरी को मेला मैदान में ही बने सुंदर पन्डाल में अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### जेल के अधिकारियों को समाजसेवी ने किया सम्मानित

**बाराबंकी।** सेवा का कार्य करना स्वयं ईश्वर का कार्य है।इसके लिए संकोच नहीं किया जाना चाहिए और जरूरतमंद तक मदद पहुंचानी चाहिए। संसार वेलफेयर सोसायटी द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों के हित में अपने कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों का निर्वाहन करते हुए सेवा भाव से कार्य करने वाले कारागार अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि-प्रशासन के नियमों का पालन करते हुए लगातार बंदियों के हित में कार्य किए जाते हैं।बंदीगृह से निकल कर समाज में पुनः एक व्यवस्थित और सत्य के मार्ग पर जीवन यापन के लिए कई प्रकार के प्रशिक्षण भी समय समय आयोजित किए जाते हैं। रोजगार की दृष्टि से भी बंदियों को कौशल प्रशिक्षण भी कराया जाता है।जिसे उन्हें जीवन यापन करने में मदद मिल सके। इस दौरान संसार वेलफेयर सोसायटी जिलाध्यक्ष व ग्रीन गैंग राज्य प्रभारी सूरज सिंह गौर ने बताया कि- कारागार प्रशासन द्वारा बंदियों के हित में संस्थानों की मदद से भी ठंड में कंबल और अन्य आवश्यक जरूरतों की मदद स्वइच्छा उपलब्ध कराई जाती हैं जिससे उन्हें राहत मिल सके।

# हैदरगढ़ रोड पर क्षतिग्रस्त पटरियां बन रही हादसे का सबब

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर क्षतिग्रस्त पटरिया हादसे का कारण बन रही है शिकायत के बाद भी लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं यदि जिम्मेदार अभी भी न चेते तो क्षतिग्रस्त पटरियां बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इस मार्ग पर पड़ने वाले करौंदिया गांव के निकट पटरिया बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं ।जिनकी मरम्मत काफी अरसे से नहीं की गई है।

उल्लेखनीय है कि इस राज मार्ग से होकर बड़ी संख्या में भारी वाहन दिन रात फर्राटा भरते रहते हैं जिससे इस मार्ग पर आवागमन करने वाले दो पहिया वाहनों व स्कूली छात्र-छात्राओं को हर समय दुर्घटना के भय से गुजरना पड़ता है। पिछ्ले कुछ महीनो के दौरान करौंदिया चौराहे पर कई हादसे या तो हो चुके या होते-होते बचे हैं। लगभग 2 माह पहले नसीपुर में स्थित राम अभिलाख शिक्षा सदन में पढ़ने वाली कक्षा 11 की छात्रा रिसाला बानो पुत्रि ईशान अली की जान जाते जाते बची यही नहीं कुछ दिन पूर्व केशव राम यादव की दुकान के सामने क्षतिग्रस्त पटरी की वजह से प्याज लदा ट्रक पलट गया था जिसके चलते दुकान व कई साइकिले क्षतिग्रस्त हो गई थी।



# मेधावियों को एसडीएम ने किया सम्मानित

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के हुसैनाबाद स्थित लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय में प्रदेश सरकार की योजना के तहत स्नातक के मेधावी विद्यार्थियों को उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह द्वारा 101 निशुल्क स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपजिलाधिकारी का स्वागत महाविद्यालय के प्रबंधक ने स्मृति चिन्ह भेंटकर किया।उसके बाद बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया व शानदार रंगोली बनाई गई। उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने कहा विद्यार्थी इसके जरिए अब घर बैठे ज्ञान अर्जित कर सकेंगे और देश दुनिया में घट रही घटनाओं से भी परिचित होंगे। श्री सिंह ने बताया कि इससे शिक्षा के क्षेत्र में एक नया बदलाव आएगा।



आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा निशुल्क स्मार्ट फोन प्रदान किए गए है। उन्होंने छात्रों का आवाहन किया कि स्मार्ट फोन का सदुपयोग कर अपनी शिक्षा को बेहतर बनाये फोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर प्रबंधक अम्बिका प्रसाद वर्मा, श्रीमती सरिता वर्मा, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाचार्य रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रयलंकर , सोनू शर्मा ,जितेंद्र राठौर, प्रियंका, अरुण कुमार,डॉक्टर आरती द्विवेदी आदि छात्र व छात्राएं व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## युवक ने किया हर्ष फायरिंग, मेले में मची भगदड़

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।** रामलीला धनुष यज्ञ मेले में डांसर का नृत्य देखते समय उत्साहित एक व्यक्ति ने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से हर्ष फायरिंग कर दिया। जिससे मेले में भगदड़ मच गई । भगदड़ के दौरान एक बालक को हल्की चोट लग गई जिसके बाद उत्तेजित ग्रामीणों ने फायरिंग करने वाले व्यक्ति को दौड़ा लिया किंतु वह अपने वाहन से भाग गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बदोसराय पुलिस ने तीन चार लोगों को हिरासत में ले लिया। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम किशुनदासपुर में तीन दिवसीय रामलीला मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें सोमवार की रात को चित्रहार नृत्य हो रहा था। एक नर्तकी के डांस पर लखनऊ से मेले में डांस देखने आए व्यक्ति ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने लखनऊ से आए व्यक्ति को दौड़ा लिया किंतु वह अपने साथियों के साथ चार पहिया वाहन पर सवार होकर भाग गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया कि मिश्रा नामक एक व्यक्ति व चार पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एक्सिकॉन ने अयोध्या से टूरिज्म के क्षेत्र में किया प्रवेश

**कम्पनी के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक एम.क्यू. सैयद ने पर्यटन उद्योग में कंपनी के प्रवेश पर जताया उत्साह**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

एक्सिकॉन इवेंट्स मीडिया सॉल्यूशंस लिमिटेड (एक्सिकॉन), जो की भारत की एकमात्र स्टॉक एक्सचेंज लिस्टेड 360-डिग्री इवेंट और प्रदर्शनी कंपनी है, ने आज बॉम्बे स्टॉक ऐक्सचेंज पर पर्यटन उद्योग मे प्रवेश की घोषणा कर दी है। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि एक्सिकॉन अब अपने ग्राहको को यात्रा और पर्यटन समाधान भी प्रदान करेगा। यह रणनीतिक कदम न केवल एक्सिकॉन के विविधीकरण के दृष्टिकोण के अनुरूप है,बल्कि यादगार यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी विशेषज्ञता प्रदान करेगा। एक्सिकॉन को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहर अयोध्या में अपने नए कार्यालय के उद्घाटन का यह रणनीतिक कदम न केवल बढ़ते विस्तार के प्रति एक्सिकॉन की प्रतिबद्धता का प्रमाण है,बल्कि विविध सांस्कृतिक स्थलों की खोज और योगदान के लिए कंपनी के समर्पण का भी प्रतिबिंब है। एक्सिकॉन श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सहयोग से दुनिया भर से अयोध्या आने वाले तीर्थयात्रियों को आरती और पूजा समारोहों में भाग लेने वाले अनुभव को सुविधाजनक बनाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के तीस प्रतिनिधियो और तीर्थयात्रियो के मंगलवार, 30 जनवरी, 2024 से अपनी सेवाओ की शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी महसूस हो रही है। इन सभी प्रतिनिधियो के लिए असाधारण अनुभव प्रदान करने और एक निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए एक्सिकॉन तत्पर है।पूर्व मे बाराबंकी जनपद के शामिल रहे रूदौली कस्बे के रहने वाले एक्सिकॉन के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक एम.क्यू. सैयद ने पर्यटन उद्योग में कंपनी के प्रवेश के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होने कहा, हम पर्यटन क्षेत्र मे इस रोमांचक यात्रा को शुरू करने के लिए रोमांचित हैं। एक्सिकॉन हमेशा हर अनुभव को यादगार बनाने में विश्वास करता रहा है। सैयद ने आगे कहा एक्सिकॉन इवेंट्स मीडिया सॉल्यूशंस दुनिया भर के यात्रियों के लिए अद्वितीय और अविस्मरणीय अनुभवों का वादा करते हुए, विकसित पर्यटन परिदृश्य में योगदान करने के लिए उत्सुक है।

# वाहन की जोरदार टक्कर से मासूम की हुई मौत

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

कोतवाली टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम सिकलिकपुरवा में बनगाँवा मोड़ के समीप पिकअप वाहन की टक्कर से एक मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। कोतवाली टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम बनगाँवा मोड़ निवासी रुमाईशा (5) पुत्री मो. अतीक घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे स्थित गुमटी (दुकान) से कुछ खाने का समान लाने जा रही थी। इसी दौरान दरियाबाद की ओर से आ रहे पिकअप वाहन ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। इतने में ही पिकअप चालक अपने वाहन को घटनास्थल पर ही छोड़कर गायब हो गया। मासूम की मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही पुलिस ने शव को पी एम के लिए भेजा है। कोतवाल संजीत कुमार सोनकर ने बताया कि उचित कार्रवाही की जाएगी।



## सूचना

मै दयाराम चौरसिया पुत्र हजारी लाल निवासी गौरीगंज पोस्ट हरदासपुर थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली अपने पुत्र मंथन चौरसिया पुत्र दयाराम चौरसिया के चाल चलन व उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे सारे संबंध समाप्त कर रहा हू । अब वह अपने कृत्यों का स्वंय उत्तरदायी होगा। यदि वह भविष्य में कोई अपराधिक या अनैतिक कार्य करता है, तो उससे मेरा व उसके परिवार का कोई लेना देना नहीं है।

**बयान** — जमुरिया नाले के अतिक्रमण को लेकर बोले डीएम, कार्ययोजना के अनुसार कराए जा रहे हैं कार्य

# जमुरिया ड्रेन के जल भराव की समस्या से निदान हेतु बैठक सम्पन्न

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में जमुरिया ड्रेन के जल भराव की समस्या से निदान के सम्बन्ध में आज कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान अगस्त-सितम्बर 2023 में जमुरिया नाले में उफान के कारण बाराबंकी में हुए जलभराव के दृष्टिगत भविष्य में जलभराव से बचाव हेतु निराकरण पर चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जो कार्य योजना बनाई गई है, समस्त कार्य उसके अनुसार ही कराया जाना सुनिश्चित किया जाए जिससे कि भविष्य में जलभराव से बचाव हो सके। उन्होंने बताया कि इसके लिए जमुरिया नाले के शहरी भाग के मध्य खुदाई हेतु नाले को अतिक्रमण मुक्त एवं अन्य सभी कार्य कराए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने अधिशासी अभियंता विद्युत को जमुरिया के किमी0 0.000 से किमी. 6.000 के मध्य शहरी भाग में बिजली के तार, खम्मे इत्यादि को यथाशीघ्र हटवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को पेयजल की पाइप लाइन को सीमांकन क्षेत्र से हटाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि खुदाई का कार्य प्रारम्भ होने पर निकलने वाली मिटटी / मलवे को ट्रांसपोर्ट करके निस्तारण / डिस्पोज करें ताकि नाले के खुदाई कार्य में बाधा उत्पन्न न हों। इसके साथ ही उन्होंने शहरी क्षेत्र में बने हुए पुलों के साइड से कूड़ा करकट को नाले में जाने से रोकने हेतु पुल के दोनों साईड जाली लगाने के लिए निर्देशित किया गया। जमुरिया नाले में गिरने वाले घरेलु नालों को जोड़ते समय आउट फाल का लेवल जमुरिया के एफएसएल के ऊपर रखा जाए। जमुरिया के अतिक्रमण को छोटे-छोटे पैचों में हटाने की कार्यवाही की जाए और जो मार्ग अतिक्रमण मुक्त हो जाए उसको खुदाई हेतु बाढ़ कार्य खण्ड, को अग्रसारित करते हुए बाढ़ से पूर्व सभी निमार्ण कार्य पूर्ण कर लिए जाए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड-3 के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि जमुरिया के हेड (किमी 0.000), पटेल चौराहा (किमी 3.025), छाया चौराहा (किमी 3.650), पर निर्मित पुराने पुल जिनका वाटर वे बहुत कम है उनको डिस्मेंटल करके नये पुल नये डिजाइन से कराने की कार्यवाही की जाए।अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ कार्य खण्ड को निर्देश देते हुए कहा कि जमुरिया नाले के किमी 0.000 से किमी 6.000 के मध्य खुदाई कराने हेतु अपनी कार्ययोजना छोटे-छोटे टुकड़ों में बनाकर कार्य हेतु पूर्ण तैयारी कर लें। जिससे जो भाग अतिक्रमण मुक्त हो जाए, उस भाग का कार्य कराया जा सके। बैठक में उपजिलाधिकारी नवाबगंज, अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ कार्य खण्ड,अधिशासी अभियन्ता, जल निगम्, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-3, सहायक अभियन्ता-द्वितीय, बाढ़ कार्य खण्ड, जिला वनाधिकारी, सहायक जिला पर्यटन अधिकरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




## लखनऊ नगर निगम जलकल विभाग
## जोन-1 लालबाग लखनऊ

### अल्पकालिक निविदा सूचना

पत्रांक-1440/EE-1/नि. — दिनांक- 30.01.2024

निम्नलिखित आपूर्ति/कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 06.02.2024 के सायंकाल 04:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 06.02.2024 को 01:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किए जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदाएं उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 04:00 बजे तक निविदा बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बॉक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:30 बजे सायं काल खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जोन-1 अन्तर्गत हुसैनगंज स्थित वीर नगर माता सुग्गा देवी रोड पर 90 एम.एम. ब्यास की लगभग 130 मीटर पी.वी.सी. पाइप लाइन डालने का कार्य | 250.00 | 5000.00 |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता जोन-1
जलकल विभाग

# नागरिक सुविधा दिवस पर काम में देरी पर कारण बताओ नोटिस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नागरिक सुविधा दिवस में का आयोजन सुबह शुरू हुआ तो शिकायतों का अंबार लग गया। गोमती नगर नेहरू ऐनक्लेव में लोगों ने सफाई न होने की बात कही। जिसके बाद कमिश्नर ने नगर आयुक्त से तत्काल वहां सफाई व्यवस्था सही करने की बात कही।

नेहरू ऐनक्लेव के निवासियों ने कालोनी में गंदगी, ड्रेनेज व छुट्टा जानवरों के आतंक से प्रताड़ित होने की समस्या बताया। तय किया गया कि इसके लिए वहां कैंप लगा कर सफाई व्यवस्था को ठीक किया जाएगा। जानकीपुरम विस्तार में एकेटीयू के पास अवैध डेयरी, पार्क में गंदगी व स्ट्रीट लाइटें खराब होने की शिकायत पर नगर निगम की टीम को यहां की व्यवस्था ठीक करने का आदेश दिया गया। एलडीए में रिफंड पर भी शिकायत आई। इसमें लोगों ने बताया कि कार्यधिकारी रोहित सिंह रिफंड का पैसा काफी समय से लटकाए हुए है। इसके बाद रोशन जैकब ने तत्काल प्रभाव से रोहित सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देने की बात कही। वहीं, अलीगंज स्थित प्रगति विहार कॉलोनी की एक सम्पत्ति के नामांतरण के मामले में विलम्ब पर विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी व अनु सचिव बलराम से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

# कैरावैन टूरिज्म से अधिक से अधिक पर्यटक यूपी की तरफ होंगे आकर्षित

## कैरावैन टूरिज्म की शुरूआत, पर्यटन मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** विदेशों में कैरवॉन पर्यटन की लोकप्रियता को देखते हुए यूपी में इसकी शुरूआत करने का निर्णय लिया गया है। कैरवॉन पर्यटन पर्यटकों को सुरक्षित यात्रा की अनुभूति कराने के साथ ही घर जैसा वातावरण प्राप्त होगा, इससे उत्तर प्रदेश में कैरवॉन पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार निजी टूर आपरेटर को प्रोत्साहित करेगी। इसके लिए आज पर्यटन विकास निगम की ओर से पहली बार मोटो होम टूर आपरेटर के सहयोग से कैरावैन टूरिज्म की शुरूआत प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन भवन से हरी झंडी दिखाकर की।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि कैरवॉ टूरिज्म परिवार उन्मुख पर्यटन को बढ़ावा देगी। जहां पर ठहरने आदि की पर्याप्त व्यवस्थायें नहीं होगी, वहां इसे आसानी से उपयोग में लाया जा सकेगा। कैरवॉ टूरिज्म प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहल है। इसे लोकप्रिय बनाने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यूपी में पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इसको देखते हुए पर्यटन के क्षेत्र में नये-नये प्रयोग किये जा रहे हैं। वर्तमान में ईको, वन्य जीव, तीर्थ पर्यटन इत्यादि की मांग निरंतर बढ़ रही है। ऐसे परिदृश्य में कैरवॉ टूरिज्म प्रभावी रूप से बढ़ती हुई मांग को पूर्ण कर सकेगा।

कैरवॉ टूरिज्म युवाओं, परिवारों, वरिष्ठनागरिकों और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों सहित एक विस्तृत श्रृंखला को आकर्षित करेगा। काशी, मथुरा, प्रयागराज के बाद अब अयोध्या वैश्विक पर्यटन के रूप में उभरेगा। इससे अयोध्या सहित आसपास के जनपदों की अर्थव्यवस्था में व्यापक परिवर्तन आयेगा। एक सप्ताह में ही लगभग 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किये हैं। इसके अलावा ईंधन, जीएसटी और टोल टैक्स अलग से देना होगा। 35 हजार रुपये की बुकिंग में 350 से 400 किलोमीटर तक भ्रमण करने की सुविधा रहेगी। यदि इससे ज्यादा दूरी होगी तो 150 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से किराया होगा।इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य मुकेश मेश्राम ने बताया कि कैरवान वैन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। इसकी सफलता को देखते हुए इसके विस्तार पर गम्भीरता से विचार किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश में संसाधन एवं क्षमता है। इसका अधिकतम दोहन कर पर्यटन सेक्टर को लोकप्रिय बनाते हुए निवेश, रोजगार तथा राजस्व अर्जन का जरिया बनाया जायेगा। इस मौके पर पर्यटन विकास निगम के निदेशक एके पाण्डेय एवं मोटो होम टूर ऑपरेटर के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### तेजी से बढ़ रहा यूपी का पर्यटन

पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश जितना सुंदर है उतना ही अनोखा और आकर्षक भी है। मुख्यमंत्री के प्रयासों से प्रदेश में पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ा। देशी-विदेशी सभी सैलानी यहां पर्यटन की ओर उन्मुख हुए हैं। प्रदेश में सांस्कृतिक पर्यटन, रोमांच और खेलकूद पर्यटन, सम्मेलन पर्यटन, जल पर्यटन, वन्य प्राणी पर्यटन, धर्म पर्यटन आदि निरंतर विकसित होते जा रहे हैं। पर्यटन जहां एक ओर सामाजिक और आर्थिक लाभ का स्रोत है और राष्ट्रीय एकता और अंतरराष्ट्रीय मेल मिलाप को बढ़ावा देता है। वहीं दूसरी ओर इससे संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अनेक मौके उपलब्ध कराता है। कैरावन वैन में छह से आठ पर्यटकों की बैठने-सोने की व्यवस्था है। इसके अलावा एक ड्राइवर और एक अटेंडेंट रहेंगे। बस में किचन और शौचालय भी है। एक दिन का किराया 50 हजार रुपये है, लेकिन आफर के तहत इस समय 35 हजार रुपये में बुकिंग हो रही है।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा के सात, सपा के तीन सदस्यों का राज्यसभा जाना तय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की 2 अप्रैल को रिक्त हो रही राज्यसभा की 10 सीटों में से भारतीय जनता पार्टी की 9 और एक सपा की है। 27 फरवरी को होने जा रहे चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सात और समाजवादी पार्टी के तीन सदस्य चुना जाना तय है। इस तरह से भाजपा के जहां 2 सदस्य कम हो जाएंगे वहीं सपा के 2 सदस्य बढ़ जाएंगे। इस बार चुनाव में जीत के लिए 37 विधायकों के वोट की जरूरत है। इस समय विधानसभा में 4 सीटें रिक्त होने के कारण 399 विधायक हैं। ऐसे में तय फार्मूले के तहत प्रत्येक राज्यसभा सीट पर जीत के लिए 37 विधायकों का वोट चाहिए। भाजपा व उसके सहयोगी दलों को मिलाकर कुल 277 विधायक हैं। ऐसे में 7 सीट जीतने के लिए जरूरी 259 वोट के बाद भी उसके पास 18 विधायक बच जाएंगे। यदि 8 प्रत्याशी भाजपा खड़ा करती है, तो उसे 19 विधायकों के मतों की और जरूरत होगी। वहीं समाजवादी पार्टी व रालोद को मिलाकर 117 विधायक हैं। उसे तीन सीट जीतने के लिए 111 विधायकों के वोट की जरूरत है। ऐसे में उसके तीन सदस्य जीतना तय है। आपको बता दें कि विधानसभा में दलीय स्थिति कुछ इस प्रकार है। भारतीय जनता पार्टी 252, समाजवादी पार्टी 108, अपना दल सोनेलाल 13, रालोद 09, निषाद 06, सुभासपा 06, कांग्रेस 02, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक 02, बसपा 01 और 04 सीटें खाली हैं।

### पांच राज्यों में बहाल हो चुकी है पुरानी पेंशन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के तहत देश भर में पुरानी पेंशन बहाली का अभियान चल रहा है। इस आंदोलन की वजह से झारखंड सहित छह राज्यों में पुरानी पेंशन बहाली हो चुकी है। अब आखिरी चोट लोकसभा चुनाव में होगी जिससे देश भर में पुरानी पेंशन लागू हो। आरोप लगाया गया है कि न्यू पेंशन स्कीम दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला है। अटेवा ने इस बात की आशंका विगत कई वर्ष पहले ही कर दी थी, जो आज सच साबित हो रही है ।अटेवा के प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरजपति त्रिपाठी ने कहा कि अटेवा सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करता आ रहा है। अगर बहाल नहीं की गई तो एनपीएस के पैसे निजी कंपनियों में निवेश कर सरकार को चूना लगाया जाता रहेगा। पुरानी पेंशन शिक्षकों व कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी और सम्मान है। सरकार पुरानी पेंशन बहाल कर कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षादे।

### अम्ब्रेला प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटशन के लिए 10 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वाराराज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष-2023-24 में स्टार्टअप विलेज इन्टर प्रोन्योरशिप प्रोग्राम हेतु अनुदान सं0-13 सामान्य मद में अवमुक्त केन्द्रांश 60 प्रतिशत रु0-611.25 लाख, जिसके सापेक्ष मैचिंग राज्यांश 40 प्रतिशत धनराशि 407.50 लाख अर्थात कुल धनराशि 1018.75 लाख रूपये को अवमुक्त कर आयुक्त, ग्राम्य विकास के निर्वतन पर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है ।इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

### एलयू में पीएचडी आवेदन की तारीख बढ़कर 10 फरवरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन अब 10 फरवरी तक किए जा सकेंगे। मंगलवार को विश्वविद्यालय की तरफसे इससे जुड़ा आदेश जारी कर दिया गया। इससे पहले सत्र 2023-24 के पीएचडी में दाखिले के लिए आवेदन की लास्ट डेट 31 जनवरी थी। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक जनवरी को पीएचडी के 39 विषयों में 898 रेगुलर और 58 पार्टटाइम सीटों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी और 22 जनवरी तक आवेदन करने की आखिरी तारीख थी। एलयू के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी में दाखिले का अब 10 फरवरी तक अवसर रहेगा। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन पेज पर जाकर डिटेल प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन के लिए पहले सभी अभ्यर्थी को लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर एलयूआरएन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। आवेदन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक संपर्क किया जा सकता हैं।

### 1000 किसानों के साथ डेढ़ सौ उद्यमियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी स्थित सीएसआईआर-सीमैप मुख्यालय में दो दिवसीय किसान मेला आज यानी मंगलवार से शुरू हो गया। किसान मेले के पहले दिन करीब 1 हजार किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं डेढ़ सौ के करीब उद्यमियों ने भी हिस्सा लिया है। मेले का उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को करेंगे। यह जानकारी सीएसआईआर-सीमैप के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर मनोज सेमवाल ने दी है। आज से शुरू हुए किसान मेले में पहुंचे एनबीआरआई के निदेशक डॉ अजीत कुमार शासनी ने कहा कि सीमैप एक यूनिक संस्था है। सीमैप लगातार औषधीय और सुगंधित फूलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार रिसर्च करता है और किसानों तक उस तकनीक को पहुंचने में मदद भी करता है। डॉक्टर मनोज की मानें तो इस मेले में पूरे देश से करीब 5000 किसान शामिल होंगे। इसके अलावा इस मेले में उद्यमी और उद्योग से जुड़े लोग भी मौजूद रहेंगे। सीएसआईआर-सीमैप के मुख्यालय में आयोजित इस किसान मेला- 2024 में देश के करीब 15 राज्यों से किसान आ रहे हैं।

### नि:स्वार्थ सेवाभाव सीखना है तो गुरूद्वारे जाइए : देवकीनंदन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में भगवान श्री राम के आगमन के उपलक्ष्य में पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के पावन सानिध्य में भव्य दिव्य श्री राम कथा और श्री सीताराम यज्ञ का दिव्य आयोजन स्थान - डी.ए.वी कॉलेज, ऐशबाग रोड नियर नाका थाना लखनऊ में 24 जनवरी से 1 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। आज कथा में मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य श्री बालयोगी अरुण पुरी चैतन्य जी महाराज पधारे जिन्होंने व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के मुख्य यजमान और उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक नम्रता पाठक जी, डी.ए.वी कॉलेज प्रबंधक मनमोहन तिवारी एवं कथा में प्रमुख यजमान - सर्वेश पाण्डेय, मुरलीधर आहूजा, अंशु गुप्ता, अरविन्द सिंह, सुरेश मिश्रा जी, नितिन गुप्ता जी पधारे एवं आरती पूजन किया। श्री राम कथा के सप्तम दिवस की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। जिसके बाद पूज्य महाराज जी ने भक्तों को ध्र्री रामचंद्र कृपाल भजमन भजन का श्रवण कराया।

### फुटकर दुकानों की ई-लॉटरी का प्रथम चरण पूरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल के निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश के आबकारी आयुक्त सैंथिल पाण्डियन सी. ने बताया कि देशी मदिरा की 1202, विदेशी मदिरा की 679, बीयर की 280, भांग की 291 दुकानों तथा 64 मॉडल शॉप के व्यवस्थापन हेतु प्रथम चरण की ई-लॉटरी 30 जनवरी को प्रदेश के 73 जिलों में संपादित की गई। इसमें देशी मदिरा की 495, विदेशी मदिरा की 312, बीयर की 188, भांग की 75 दुकानों तथा 20 मॉडल शॉप का व्यवस्थापन हुआ। इन दुकानों के व्यवस्थापन से लगभग रूपया 141 करोड़ की लाइसेंस फीस राज्य सरकार को प्राप्त होगी। देशी मदिरा की व्यवस्थित हुई 495 दुकानों में लगभग 2.10 करोड़ बल्क लीटर कोटा व्यवस्थित हुआ। ई-लॉटरी के प्रथम चरण में विज्ञापित दुकानों पर कुल 6521 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिससे राज्य सरकार को प्रोसेसिंग फीस के रूप में लगभग रूपया 26.73 करोड़ प्राप्त हुआ है। 1430 अवशेष दुकानों का व्यवस्थापन ई-लॉटरी के द्वितीय चरण में संपन्न कराया जायेगा।

# लापरवाही पर अफसरों को लगी फटकार

## सीएम योगी ने मुआवजा देने में देरी होने पर 17 जिलों के अधिकारियों से किया जवाब-तलब

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही बरतने पर सीएम योगी ने नाराजगी जताते हुए 17 जिलों के अधिकारियों से जवाब तलब किया है। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में विभिन्न आपदाओं से क्षतिग्रस्त हुई फसलों के मुआवजे और अन्य राहत को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने त्रुटियों के कारण फसलों के नुकसान के दोबारा सत्यापन में लापरवाही और मुआवजा नहीं देने पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल सत्यापन कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिये हैं।

मालूम हो कि फसलों के नुकसान का सत्यापन करने के बाद प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को मुआवजा राशि व अन्य राहत प्रदान की जाती है, लेकिन कुछ मामलों में तकनीकी कमियों के कारण कुछ किसानों की फसलों का सत्यापन पूर्ण नहीं हो सका। वहीं दोबारा उनका सत्यापन नहीं किया गया, जिससे कुछ किसान सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली राहत और मुआवजा राशि प्राप्त नहीं कर सके। इसी को लेकर सीएम योगी ने सख्ती जताते हुए अधिकारियों से जवाब तलब करने के साथ ही वंचित किसानों को तत्काल मुआवजा देने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक में पाया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हजारों किसानों को डाटा फिडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं किया जा सका जबकि उन्होंने अधिकारियों को दोबारा सत्यापन करा मुआवजे से वंचित किसानों को सहायता राशि देने के निर्देश दिये थे। सीएम योगी के निर्देश के बाद भी प्रदेश के कई जिलों के अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों का सर्वे नहीं कराया। इसकी वजह से समय से किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कड़ी फटकार लगाई। इतना हीं नहीं उन्होंने लापरवाह 17 एडीएम एफआर से जवाब तलब करते हुए कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिये।

सीएम योगी की नाराजगी के बाद हरकत में अधिकारियों ने अपने-अपने जिले में मुआवजे से वंचित किसानों का दोबारा सर्वे कराकर शासन से बजट की डिमांड की है। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित वंचित किसानों को तत्काल मुआवजा देने के लिए डिमांड के अनुसार धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। अभी तक 35 करोड़ से अधिक की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों को जल्द से जल्द मुआवजे से छुटे किसानों का सत्यापन कराकर धनराशि के डिमांड के निर्देश दिये गये हैं ताकि कोई भी किसान इससे वंचित न रह जाए। वर्ष 2021-22 में प्रदेश के 75 जिलों के क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित 13,97,480 से अधिक किसानों को 5,08,31,80,715 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी गई।

### अधिकारियों से एक हफ्ते में मांगा गया जवाब

अपर मुख्य सचिव राजस्व ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 17 जिलों के एडीएम एफआर से लापरवाही पर जवाब तलब किया गया है। इनमें अलीगढ़, हाथरस, बाराबंकी, मऊ, बरेली, बदांयू, अंबेडकरनगर, शाहजहांपुर, महोबा, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, झांसी, ललितपुर, गाजियाबाद, बिजनौर और कौशांबी के एडीएम एफआर शामिल हैं। सभी एडीएम को एक हफ्ते में अपना जवाब शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। सभी एडीएम से जवाब मिलते ही रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। सीएम योगी के निर्देश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाता है। सीएम योगी के निर्देश पर किसानों को मुआवजा धनराशि सर्वे के 24 घंटे में डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी जा रही है।

# अभियान : एलडीए ने ध्वस्त की पांच करोड़ रुपए की प्रापर्टी




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** गोसाईगंज में मंगलवार को अभियान चलाया गया। अवैध निर्माण पर एलडीए की तरफ से चले अभियान में करीब 5 करोड़ रुपए से ज्यादा की प्रापर्टी को ध्वस्त किया गया। यहां करीब दो महीने से अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। नोटिस के बाद भी कुछ नहीं हो रहा था। उसके बाद भी प्रापर्टी डीलर अवैध प्लाटिंग नहीं छोड़ रहे थे।

प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि कालीचरण पुत्र गोकुल द्वारा सुशांत गोल्फसिटी थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम-मस्तेमऊ में भूमि खसरा संख्या-121 पर लगभग 0.8700 हेक्टेयर क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। यहां प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत नहीं कराया गया था।

अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए थे। आदेश के अनुपालन में सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, गेट व भूखण्डों के डिमार्केशन के लिए ईंटों से किए गए चिनाई आदि के कार्य को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

# 105 आईपीएस अधिकारियों के एक साथ तबादले

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को एक साथ बड़े पैमाने पर आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। जिन अधिकारियों का तबादा किया गया उनकी सूची भी जारी कर दी गई। कुल 105 आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है वह एक ही जिले में तीन साल से तैनात और प्रमोशन पाने वालो में है। इतनी भारी संख्या में तबादला होने के बाद जानकारों का कहना है कि यह तो तबादले लोकसभा चुनाव को देखते हुए किए गए है।

अंकिता शर्मा को अपर पुलिस उपयुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी भेजा गया, संतोष कुमार मीणा अपर पुलिस आयुक्त कानपुर बनाए गए, अभिजीत कुमार अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज बनाए गए, श्रु ति श्रीवास्तव अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी बनाई गई, पुनीत द्विवेदी अपर पुलिस अधीक्षक राज्यपाल उत्तर प्रदेश बनाई गए, शिव सिंह अपर पुलिस आयुक्त कानपुर बनाई गई, नीतू अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी बनाई गई, आकाश पटेल अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, आनंद प्रकाश तिवारी पुलिस महानिरीक्षक भवन एवं कल्याण पुलिस मुख्यालय बनाए गए, धर्मेंद्र सिंह पुलिस महानिरीक्षक आरटीसी चुनार मिर्जापुर बनाए गए, एल आर कुमार पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था लखनऊ बनाए गए, अब्दुल हमीद पुलिस महानिरीक्षक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बनाए गए, संजीव गुप्ता अपर पुलिस महानिदेशक सचिव गृह उत्तर प्रदेश शासन बनाए गए, रमित शर्मा पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज बनाए गए आकाश कुलहरी पुलिस महानिरीक्षक संयुक्त पुलिस आयुक्त लखनऊ बनाए गए सलभ माथुर पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र बनाए गए, रोहन पीकंय पुलिस उपमहानिरीक्षक तकनीकी सेवाएं बनाये गए, संजय सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी गोरखपुर बनाए गए, वैभव कृष्ण पुलिस उपमहानिरीक्षक वीआईपी सुरक्षा लखनऊ, प्रभाकर चौधरी पुलिस उपमहानिरीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, संजीव त्यागी पुलिस उपमहानिरीक्षक अभी सूचना मुख्यालय लखनऊ, पूनम पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी सेक्टर आगरा बनाई गई, सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज पुलिस उपमहानिरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड, राठौर किरीट कुमार हरि भाई पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी लखनऊ, शैलेश कुमार यादव पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, सफीक अहमद पुलिस उपमहानिरीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ, राधेश्याम पुलिस उपमहानिरीक्षक लॉजिस्टिक्स लखनऊ, सुरेश्वर पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय लखनऊ, रामजी सिंह यादव पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, रामकिशन पुलिस उपमहानिरीक्षक सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ, राजकमल यादव पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, राकेश पुष्कर पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे लखनऊ, मनोज कुमार सोनकर उपमहानिरीक्षक जे लखनऊ, कुलदीप नारायण पुलिस उपमहानिरीक्षक एसटीएफ मेरठ, किरण यादव पुलिस उपमहानिरीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ, सब रशीद खान पुलिस उपमहानिरीक्षक यूपी 112, अशोक कुमार चतुर्थ पुलिस उपमहानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ, प्रदीप गुप्ता पुलिस उपमहानिरीक्षक दूरसंचार लखनऊ आदि के तबादले किए गए।

### सीएम योगी ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर बापू को याद किया। सीएम योगी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा,'' मानवता के अप्रतिम प्रतीक, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। पूज्य बापू के विचार'एक भारत-श्रेष्ठ भारत और'आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उनकी दी गई शिक्षा में रामराज्य और विश्व शांति की कामना का भाव अंतर्निहित है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी महेंद्र सिंह आदि गणमान्य लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 69000 शिक्षक भर्ती, अभ्यर्थीयों ने दी चेतावनी, पुलिस प्रशासन अलर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव व आगामी विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा घेराव की चेतावनी दी है। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गई है। इस संबंध में अभिसूचना मुख्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। पत्र में बताया गया है की आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र सिंह बाहुबली के द्वारा मुख्यमंत्री आवास के घेराव करने तथा 2 फरवरी 2024 तक मुख्यमंत्री से मुलाकात ना होने पर 2 फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र चलने न दिए जाने की चेतावनी दी गई है। स्थानीय पुलिस को अलर्ट करते हुए पत्र में बताया है कि यह अभ्यर्थी रोके जाने की स्थिति में पुलिस कर्मियों से वाद विवाद पथराव मार्ग अवरोध ध्आगजनी तथा मीडिया का ध्यान आकृष्ट करने के लिए फांसी लगाना, आत्मदाह, टंकी पर चढ़ना, जहरीला पदार्थ खाना, नदी में कूदना अप्रिय कृति किए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं अभर्थियों का कहना है कि सभी पिछले 594 दिन से धरना स्थल इको गार्डन में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, साथ ही 37 दिन से इनका क्रमिक भूखहड़ताल भी चल रहा है।

**प्रगति**

## स्वयं सहायता समूहों और किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ : केशव

# हाईटेक नर्सरी से कृषि व औद्योगिक फसल उत्पादन में होगी वृद्धि

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में किसानों को विभिन्न प्रजातियों के उच्च क्वालिटी के पौधे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इजरायली तकनीक पर आधारित हाइटेक नर्सरी तैयार की जा रही है। यह कार्य मनरेगा अभिसरण के तहत उद्यान विभाग के सहयोग से कराया जा रहा है और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियां भी इसमें हांथ बंटा रही है। इससे स्वयं सहायता समूहों को काम मिल रहा है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन से कृषि और औद्यानिक फसलों को नई ऊंचाई मिलेगी। विशेष तकनीक का प्रयोग करके यह नर्सरी तैयार की जा रहीं हैं। सरकार की मंशा है कि प्रदेश का हर किसान समृद्ध बने और बदलते समय के साथ किसान हाईटेक भी बने। सरकार पौधरोपण को बढ़ावा देने के साथ बागबानी से जुड़े किसानों को भी आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम कर रही है। मनरेगा योजना से 150 हाईटेक नर्सरी बनाने के लक्ष्य के साथ तेजी से कार्य किया जा रहा है। श्री मौर्य के निर्देश व पहल पर ग्राम्य विकास विभाग ने इसको लेकर प्रस्ताव तैयार किया था, जिसको लेकर जमीनी स्तर पर युद्धस्तर पर कार्य हो रहा है। हाईटेक नर्सरी से किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है। प्रदेश भर में 150 हाईटेक नर्सरी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 44 जिलों की 56 साइटों पर हाईटेक नर्सरी बनाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। कन्नौज के उमर्दा में स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल की तर्ज पर प्रदेश के सभी जनपदों में दो-दो मिनी सेंटर स्थापित करने की कार्यवाही जारी है।

किसानों को उन्नत किस्म के पौध के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बुलंदशहर, बागपत, वाराणसी, बरेली, मिर्जापुर और मेरठ की 7 हाईटेक नर्सरियों में सिडलिंग प्रोडक्शन का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है।नर्सरी की देखरेख के लिए स्वयं सहायता समूह को जिम्मेदारी दी गई है। समूह के सदस्य नर्सरी का काम देखते हैं, जो पौधों की सिंचाई, रोग, खाद-बीज आदि का जिम्मा संभालते हैं।

### किसानों के खाते में एक सप्ताह में भेज दी जाए अनुदान राशि:

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा मंगलवार को कृषि निदेशालय में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। कृषि यंत्रीकरण योजना में किसानों के जो बिल अपलोड किए गए हैं, उसका एक सप्ताह में सत्यपान कर अनुदान राशि किसानों के खाते में भेजें। खेत तालाब योजना में भूमि संरक्षण इकाई प्रथम उरई राष्ट्रीय जलागम जालौन की प्रगति संतोष जनक नहीं है, उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक के दौरान श्री शाही ने कहा कि 21892 किसानों द्वारा सोलर पम्प की बुकिंग कराई गई है, प्रचार प्रसार कर जिन जनपदों मे ज्यादा मांग है उन जनपदों के लक्ष्य में वृद्धि कर दी जाय। उन्होंने नेशनल मिशन ऑन एडिबल आयल टीबीओ में प्रगति करने के निर्देश दिए गए, बीज परीक्षण प्रयोगशाला के मद में उपलब्ध धनराशि को व्यय करने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना मे प्लांटिंग मटेरियल बीज ग्राम योजना में खराब प्रगति पर नाराजगी प्रगट करते हुए तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए, जायद के मौसम में आच्छादन का टारगेट बढाध्या जाए, मूंगफली एवं मक्का को प्रोत्साहित किया जाए।

### इजराइल जाने के लिए 5020 श्रमिक चयनित

**लखनऊ।** लखनऊ के अलीगंज स्थिति आईआईटी कैंपस में इजरायल जाने के श्रमिकों की अंतिम दिन भी स्किल टेस्ट के लिए भीड़ उमड़ी। सुबह तड़के से ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परिसर पहुंच गए थे। इस बीच शाम होने तक कुल 1 हजार 221 श्रमिक में से 860 श्रमिकों को चयन हुआ। इसी के साथ7 दिनों में कुल 5 हजार 20 श्रमिकों को इजरायल के लिए चयन किया गया। आईआईटी अलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव के मुताबिक सबसे ज्यादा चयन श्रमिकों का ट्रेड फ्रेम वर्क और ट्रेड बार बेंडिंग के क्षेत्र में हुआ हैं। ट्रेड फ्रेमवर्क में 1 हजार 803 श्रमिक पहुंचे, इनमें से 1 हजार 608 का चयन हुआ। वही बार बेंडिंग में 1911 के सापेक्ष 1316 श्रमिकों को सेलेक्ट किया गया। इसके अलावा प्लास्टर के लिए 1185 के सापेक्ष 913 श्रमिकों का चयन किया गया।

# शव लेकर भीड़ ने किया हंगामा, पुलिस के हाथ पांव फूले

▸ हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे परिवार के लोग



**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज**

जिले के ग्राम पंचायत बरानिजाम गांव में चार दिन पूर्व एक ग्रामीण पर अज्ञात लोगों ने चाकू से हमला कर दिया था। हमले में घायल ग्रामीण की सोमवार को लखनऊ में मौत हो गई। शव गांव पहुंचने पर परिवार के लोग नाराज हो गए। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव को लेकर भारी भीड़ के साथ परिजनों ने पुरैना चौराहे पर हंगामा कर दिया। परिजनों की मांग थी कि अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। मौके पर दो सीओ के साथ चार थाना एक चौकी की पुलिस मौजूद रही। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरानिजाम के मजरा मनिहारनपुरवा निवासी मोहम्मद रईस (40) पुत्र हसमत को अज्ञात लोगों ने चार दिन पूर्व चाकू मार कर घायल कर दिया था। परिजन घायल को जिला अस्पताल ले गए थे। यहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखनऊ मेडिकल कालेज इलाज के लिए रेफर कर दिया था। ग्रामीण की लखनऊ में इलाज के दौरान सोमवार दोपहर को मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुबह ग्रामीण का शव पहुंचा तो सभी नाराज हो गए। मंगलवार सुबह आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नाराज हो गए। परिवार के लोग शव लेकर थाने ले जाने लगे। बवाल की जानकारी होने पर दो सीओ पयागपुर आनन्द राय, नगर राजीव सिसोदिया, पयागपुर, रानीपुर , हुजूरपुर, विशेश्वरगंज थाना, धनुहीं चौकी की पुलिस भी बुला ली गई। पुलिस ने ग्रामीणों को रोक दिया। पुलिस ने परिवार को शव ले जाने से रोक लिया। परिवार के लोग नाराज हैं। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही शव का अंतिम संस्कार करने बात कर रहे थे।भारी भीड़ देखते हुए पुलिस के हाथ पांव फूलने लगे।दो सीओ,चार थाना,एक चौकी की फोर्स ने स्थित को नियंत्रण मे किया। पुलिस लगातार अंतिम संस्कार करने के समझाती रही लेकिन भीड़ हंगामे पर आमादा रही। सीओ द्वारा गिरफ्तारी करने के आश्वासन पर बात बनी। तब जाकर परिजन शव को मिट्टी देने पर सहमत हुए। पुलिस क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि सभी मान गए हैं। दोपहर तक शव का अंतिम संस्कार करवा दिया जाएगा।

## लंबी बीमारी के बाद पत्रकार का निधन

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** साथियों बड़े ही दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे बीच पत्रकार साथी राजेश कुमार गुप्ता उर्फ पोले अब हमारे बीच नहीं रहे लगभग 55 वर्ष की आयु में उन्होंने इस दुनिया से विदा ले लिया काफी दिनों से बीमार चल रहे थे आज शाम लगभग 6:00 बजे उन्होंने अंतिम सांस लिया अपने पीछे पत्नी दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गए हम उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं तथा परिवार को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करें।



# पेड़ से टकराए बाइक सवार, दो की मौत, एक घायल

▸ एक बाइक पर सवार थे तीन लोग, वापस जा रहे थे घर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के नानपारा नवाबगंज मार्ग बाइक सवार लोग रात में पेड़ से टकरा गए। हादसे में मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य बाइक सवार घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि मृतकों के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खाबा कला निवासी मंशाराम वर्मा (50) पुत्र श्यामता प्रसाद वर्मा, गांव निवासी लालता वर्मा (32) पुत्र परशु राम और बनगई गांव निवासी गौतम वर्मा (35) पुत्र राम शंकर श्रमिक थे। सभी बाइक से सोमवार को नानपारा क्षेत्र में गए थे। इसके बाद रात में पुनः तीनों लोग बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। रात 10 बजे के आसपास बाइक सवार नानपारा कोतवाली क्षेत्र के नानपारा नवाबगंज मार्ग पर पहुंचे। मथुरा पुल के पास लगे पीपल के पेड़ के पास बाइक सवार अनियंत्रित होकर टकरा गए। मौके पर ही लालता और गौतम की मौत हो गई। जबकि मंशाराम घायल पड़े रहे। कुछ देर बाद आसपास के लोगों ने मौके का माजरा देख पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी को सीएचसी पहुंचाया। यहां पर डॉक्टर ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल मंशा राम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाल ने बताया कि बाइक सवार पेड़ से टकराए थे। वहीं परिवार के लोग किसी वाहन हादसे की बात कह रहे हैं। फिलहाल जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# एसपी ने जरवल रोड और विशेश्वरगंज थानाध्यक्ष को किया लाइन हाजिर

▸ पुलिस विभाग के मुताबिक जरवल कस्बे में एक मामले में जांच के बाद थानाध्यक्ष पर हुई है कार्रवाई



**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक ने रात को जरवल रोड और विशेश्वरगंज थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर अभी किसी अन्य की तैनाती नहीं हुई है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने सोमवार रात आठ बजे जरवल रोड और विश ेश्वरगंज थानाध्यक्ष पर कार्रवाई कर दी है। एसपी ने जरवल रोड थानाध्यक्ष विनोद कुमार राव और विशेश्वरगंज थानाध्यक्ष सूरज राना को लाइन हाजिर करते हुए पुलिस लाइन में आमद दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं इनके स्थान पर अभी किसी अन्य थानाध्यक्ष की तैनाती नहीं हुई है। पुलिस विभाग के मुताबिक जरवल कस्बे में एक मामले में जांच के बाद थानाध्यक्ष पर कार्रवाई हुई है। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

# बदहाल मार्ग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

## लोक निर्माण विभाग से पत्राचार कर समस्या का समाधान किया जायेगा: एसडीएम

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



विकास क्षेत्र अंतर्गत चरदहा-बरवलिया संपर्क मार्ग बदहाल है। दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले इस प्रमुख मार्ग की बदहाली पर जिम्मेदारों ने अपनी आंखें मूंद रखी है जिससे नाराज ग्रामीणों ने मार्ग पर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। बदहाल चरदहा बरवलिया मार्ग को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि इस अहम मार्ग से कई गांव के लोगों का आवागमन होता है। मार्ग बदहाल होने से राहगीरों को काफी परेशानी होती है।

कई बार जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया गया,लेकिन हालात में कोई सुधार नही हो सका। ग्रामवासी नन्हेलाल, जयशंकर,कामता मौर्य, मंदिर के पुजारी पृथ्वी दास, ओमप्रकाश शुक्ल, संजय शुक्ल, विजय बहादुर,मंशाराम,भवानी शंकर, राजेश शुक्ल, शहादत अली, रामजी पाठक, गया प्रसाद, दिनेश राव, राम सहाय, दंगल सिंह,आदि ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग खंड एक ने मार्ग का सर्वे किया था जिसका निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग के बनने से चरदहा, पचदेवरा, धौली, मगराइचपुरवा, अहिरनपुरवा आदि गांवों के लोगों को आने-जाने में काफी सुविधा होगी।वर्तमान हालात में संपर्क मार्ग जर्जर है जिसके कारण जहाँ राहगीर परेशान हैं।

वहीं चरदहा गांव में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर जहाँ पर प्रत्येक वर्ष चैत्र पूर्णिमा को मेला लगता है जिसमे आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानियाँ उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए संपर्क मार्ग पर खड़े होकर प्रदर्शन करते हुए मार्ग का निर्माण किये जाने की मांग की। इस सम्बंध में उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार ने बताया कि लोक निर्माण विभाग से पत्राचार कर समस्या का समाधान किया जायेगा।





## अथर्व छत्तीसगढ़ तो नव्या लखनऊ में करेंगी प्रतिभाग

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में बहराइच की नव्या और अथर्व ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। अब यह दोनों महिला और पुरुष के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 27 से 29 जनवरी के मध्य ताइक्कांडो प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच से 7 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ी अथर्व पाठक और नव्या सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि खिलाड़ी मनी देवी मिश्रा, सरगम कनौजिया, आयुष सिंह,सौम्या पाठक,हर्षित सोनी का शानदार प्रदर्शन रहा पर बिना पदक संतोष करना पड़ा। अथर्व पाठक राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 से 4 फरवरी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजन होना है। जिसमें प्रतिभाग करेंगे ।वही नव्या सिंह लखनऊ केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 21 से 24 फरवरी तक में आयोजित खेलो इंडिया वूमेंस लीग में प्रतिभा करेंगे। दोनों खिलाड़ी इंदिरा गांधी स्टेडियम में प्रशिक्षक मनीष कुमार बघेल के देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# खबरें एक नजर में

## धार्मिक उन्माद फैलाने वाला गिरफ्तार



**नवाबगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** बाबरी ढांचे की फोटो लगाकर इंस्टाग्राम ऐप पर हिंदू धर्म से संबंधित विवादित पोस्ट शेयर करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। अयोध्या में भगवान श्री रामलला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी को कस्बे के समुदाय विशेष के कुछ युवकों द्वारा अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर बाबरी मस्जिद के ढांचे की फोटो के साथ एक धमकी भरा विवादित पोस्ट शेयर किया गया था, जिसके बाद कस्बे के विशाल सिंह की तहरीर पर चांई टोला मोहल्ला निवासी मोहम्मद कैफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में विहिप की अगुवाई में अन्य हिंदूवादी संगठनों ने प्रभारी निरीक्षक का घेराव करते हुए अन्य युवकों के द्वारा सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट शेयर करने की बात बताई गई थी, जिस पर उच्च अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेने के बाद स्थानीय पुलिस ने इस मामले में मंगलवार को मोफिया गांव निवासी गोलू खान उर्फ शाह आलम को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया। गिरफ्तार किए गये युवक के पास से विवादित पोस्ट शेयर करने वाला मोबाइल बरामद किया गया है।

## न्यायालय के आदेश पर चार माह बाद मुकदमा दर्ज

**परसपुर/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** नाबालिग से दुष्कर्म करने का प्रयास करने वाले के विरुद्ध चार माह बाद न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने बताया कि उसके गांव का काफी बिगड़ैल व आवारा किस्म का एक व्यक्ति उसकी नाबालिग लड़की पर हमेशा बुरी नजर रखता था और अश्लील गाने भी देखकर गाता था। जिस पर उसके द्वारा कई बार उनके घर वालों से शिकायत की। लेकिन उस व्यक्ति में कोई सुधार नहीं हुआ और मनोबल काफी बढ़ता गया। इसी बढ़े मनोबल के कारण बीते वर्ष 30 सितंबर को शाम करीब 09 बजे उसके घर में घुस आया और उसकी नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने लगा। लड़की के शोर मचाने पर लोग दौड़े तो देखा कि लड़की के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास कर रहा था। परिजनों के पहुंचने पर चाकू निकालकर धमकाते हुए भाग निकला। इस संबंध में थाना प्रभारी शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर थाना क्षेत्र के राघवेन्द्र पुत्र ननकू के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल, गोंडा रेफर

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत गोण्डा-लखनऊ हाईवे स्थित सरकारी अस्पताल तिराहे के पास मंगलवार की सुबह सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे लोगों द्वारा सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र पहुंचाया गया। जहाँ बाइक सवार की हालत नाजुक देखते हुए डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गोण्डा रेफर कर दिया। घायल युवक का नाम राहुल तिवारी पुत्र बसंत लाल तिवारी उम्र 26 वर्ष निवासी बालपुर बताया जाता है जो अभी कुछ दिनों पहले हलधरमऊ में आयुष्मान मित्र के पद पर कार्यरत था।

# बिना सीट बेल्ट लगाए मिला सिपाही तो सीओ का चढ़ा पारा

▸ सीओ बोले, ठंड में हादसे न हो, इसके लिए लोगों को किया जा रहा है जागरूक

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



शहर के डीएम तिराहे के पास यातायात के पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान चार पहिया वाहन से एक सिपाही बिना सेट बेल्ट के जाते दिखा। इस पर सीओ नाराज हो गए। उन्होंने नियम की दुहाई देते हुए सीट बेल्ट के प्रयोग की बात कही।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ काफी बढ़ गया है। इसके बाद भी आम लोगों के साथ पुलिस भी नियम को तोड़ने में पीछे नहीं है। कुछ यही मामला मंगलवार को भी देखने को मिला। यातायात के प्रभारी निरीक्षक हीरालाल कनौजिया सुबह टीम के साथ डीएम तिराहे पर वाहनों की जांच कर रहे थे।

एक बाइक सवार बिना हेलमेट के जाते दिखा तो उसे समझाकर हेलमेट के साथ वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। इसके कुछ देर बाद एसपी कार्यालय की ओर से एक सिपाही चार पहिया वाहन से आता दिखा। उसे रोक कर सीओ ट्रैफिक ने देखा कि सिपाही ने सीट बेल्ट नहीं बांध रखा है। इस पर वह नाराज हो गए। सीओ ने सीट बेल्ट न लगाने का कारण पूछा। इसके बाद नियम सभी के लिए बराबर होने और सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी। सीओ ने बताया कि ठंड में हादसे न हो, इसके लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बाइक सवार हेलमेट और चार पहिया चालक सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। इस दौरान अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# पागल कुत्ते के काटने से जिला चिकित्सालय पहुंचे लोग

**रुपईडीह /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

भैरमपुर में मंगलवार को एक पागल कुत्ते ने गांव के करीब एक दर्जन से अधिक लोगों को काट लिया। स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रैबीज इंजेक्शन न होने से सभी लोगों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय जाना पड़ा। विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत भैरमपुर में एक पागल कुत्ते ने गांव के मुमताज उम्र 60 वर्ष, रोज अली उम्र 40 वर्ष, शुभम 15 वर्ष, कलावती 70 वर्ष, साधु 65 वर्ष, सुंदरदेई 60 वर्ष, शेषराज 15 वर्ष, मिंटू मिश्रा 30 वर्ष, मनोज कुमार 20 वर्ष सहित एक दर्जन से अधिक लोगों को काट लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर करीब 2 वर्षों से रैबीज इंजेक्शन न होने के चलते क्षेत्र के लोगों को कुत्ता, बिल्ली, बंदर सियार सहित कोई भी जानवर काटने से सभी लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर या फिर जिलाचिकित्सालय जाना पड़ता है। जिससे सभी को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। भैरमपुर के ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार मिश्रा, रवि मिश्रा ,अनिल मिश्रा, राजेश दूबे ,राजकुमार दूबे, जगदेव शुक्ला ठाकरे सहित सभी लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रैबीज व स्नेकबाइट इंजेक्शन उपलब्ध कराते हुए मरीजों को लगवाने की मांग सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा व स्थानीय विधायक बावन सिंह से की। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट कुलदीप मणि त्रिपाठी ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर कर्मचारियों की कमी के चलते करीब डेढ़ वर्षो से रैबीज इंजेक्शन नहीं लगाया जा रहा है।

## हत्यारोपी का मोबाइल तक बरामद नहीं कर सकी पुलिस

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नारायणा हॉस्पिटल के कर्मचारी अंकित तिवारी हत्याकांड में राजकीय रेलवे पुलिस घटना के पांच दिन बाद भी खाली हाथ है। हत्यारोपी डॉक्टर व उसके गुर्गों की गिरफ्तारी दूर, पुलिस अब तक मृतक अंकित का मोबाइल फोन तक नहीं बरामद कर सकी है। वहीं सोमवार को कई सामाजिक संगठनों ने डीएम, एसपी से मुलाकात की और आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार करने समेत उसके हॉस्पिटल को सील किए जाने की मांग की है। मोतीगंज थाना क्षेत्र के अचलपुर गांव के रहने वाले 23 वर्षीय अंकित तिवारी की बीते गुरुवार को बेरहमी से हत्या कर दी गई थी और उसका शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया था? अंकित नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित नारायणा हॉस्पिटल में काम करता था।

# एसपी ने थाना खोड़ारे का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**





सोमवार की मध्यरात्रि को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा थाना खोड़ारे का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें थाना परिसर, कार्यालय, ष्ट्टञ्जहस् कार्यालय, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा रिकॉर्डो को अद्यावधिक करने, साफ सफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को थाने पर आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने हेतु संबंधित के आवश्यक निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने के हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, मासिक निरीक्षण रजिस्टर व अपराध रजिस्टर का अवलोकन, ऑपरेशन क्लीन के तहत मालों का निस्तारण किए जाने तथा सभी अभिलेखों को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। इसी दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग को प्रभावी बनाने, रात्रि गश्त व पिकेट को प्रभावी बनाने, एचएस चेकिंग, लम्बित विवेचनाओ को गुणदोष के आधार पर निस्तारण व वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे सुरेन्द्र कुमार शर्मा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक, व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुई रंजीता वाल्मीकि का हुआ सम्मान

▸ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सामाजिक समरसता विभाग ने किया सम्मानित

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में श्री राम तीर्थ ट्रस्ट के द्वारा जनपद के कुछ चुनिंदा लोगों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें सामाजिक समरसता की प्रांतीय टोली की सदस्य रंजीता बाल्मीकि को आमंत्रित किया गया था।

रंजीता की बहराइच वापस लौटने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता विभाग की ओर से श्री रामचरितमानस भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख राज किशोर, नगर कार्यवाह शिवम, सामाजिक समरसता मंच के जिला संयोजक रजनीश, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री अंकुल, सचिन व कई अन्य साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सम्मानित होने के बाद रंजीता वाल्मीकि ने बताया कि यह हमारा सौभाग्य है की श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में हमें शामिल होने का अवसर मिला।

# पेड़ों की कटाई को थानाध्यक्ष ने लिया संज्ञान

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**



मोतीगंज थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित पेड़ों की बगैर परमिट के कटान करने पर थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह द्वारा प्रतिबंध लगाने के बाद भी हल्का के दरोगा व सिपाहियों द्वारा वृक्षों को धराशाई कराया जा रहा है।

बिना परमिट के सागौन के 160 वृक्षों को काटकर लकड़ियां गायब कर दिए जाने के मामले में मोतीगंज पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मोतीगंज थाना क्षेत्र के सूर्यबली बनकटी के मौजा मेघवा निवासी नईम पुत्र कयूम के निजी काश्तकारी भूमि खसरा संख्या 11, खाता संख्या 00256, रकबा 0.4250 हेक्टेयर में लगे सागौन के 160 हरे पेड़ों को दीपक सिंह व चंदन सिंह पुत्रगण राजकुमार सिंह निवासी ग्राम पूरे उजागर सिंह पुरवा, उज्जैनी कला, थाना धानेपुर के द्वारा बिना परमिट के अवैध रूप से कटाकर लकड़ियां मौके से गायब कर दी गयीं। इस बाबत पंडरी कृपाल रेंज के उज्जैनी बीट के वन रक्षक समीर रंजन चौधरी द्वारा मोतीगंज थाने पर तहरीर दी गई, जिसमें कहा गया कि बिना परमिट के 160 वृक्षों को काटकर लकड़ियां गायब कर दिया गया, जो उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 का उल्लंघन है। मोतीगंज पुलिस ने वन रक्षक द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर काश्तकार नईम के साथ ही ठेकेदार दीपक सिंह व चंदन सिंह के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

इस संबंध में मोतीगंज थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में कहीं भी बिना परमिट के प्रतिबंधित पेड़ों की कटान नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बिना परमिट के अवैध रूप से वृक्षों को धराशाई कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले ठेकेदारों को चिन्हित किया जा रहा है। इनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**बयान** देश की खुशहाली का रास्ता गांव गली गलीयारो से है: बृजेश पांडेय

# भाजपा की गांव चलो अभियान की कार्यशाला आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भाजपा की गांव चलो अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शिव भूषण सिंह उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन सह संयोजक डॉ डिंपल जैन ने किया। संयोजक जिला महामंत्री धीरेंद्र मोहन आर्य ने व्रत निवेदन किया। जिलाध्यक्ष ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि देश की खुशहाली का रास्ता गांव गली गलीयारो से है और आज भाजपा सरकार उसी के विश्वास की तरफ अग्रसर है साथ ही आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह अभियान अति महत्वपूर्ण है इसलिए आप सभी महत्वपूर्ण लोगों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है ।आज पंडित दीनदयाल के अंत्योदय के सपने को हमारी मोदी सरकार साकार करते हुए गांव के हर गरीब व्यक्ति के दुख दर्द का समाधान कर रही है। आप सभी को गांव में प्रवास करते हुए उन सभी से चर्चा व वार्तालाप करना है साथ ही पन्ना प्रमुख बूथ समिति विश्वकर्मा योजना पर भी कार्य करना है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्यामकरण टेकडीवाल ने कहा कि गांव चलो अभियान में हम सभी बहुत सारे कार्य करने वाले हैं जो भारत की जनता के लिए लाभकारी है। कार्यक्रम संयोजक व जिला उपाध्यक्ष सुवेद वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी का पूर्णतया निर्वहन करते हुए इस कार्यशाला की योजनाओं को धरातल पर फलीभूत करेंगे ।कार्यशाला में निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्यामकरण टेकडीवाल, गुलाबचंद शुक्ला, जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, धीरेंद्र मोहन आर्य, नन्हेलाल लोधी, जिला उपाध्यक्ष राहुल राय, रणविजय सिंह, सुषमा चौधरी, उमाशंकर तिवारी, सुरेश गुप्ता, जिलामंत्री हेमा निगम, सुनील श्रीवास्तव, संजय राव, हरेंद्र विक्रम सिंह, डॉ डिंपल जैन, वीरचन्द्र वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजन सिंह, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष शिव सागर गौतम, किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंन्द्र प्रताप सिंह व जनपद के सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री सहित अभियान प्रमुख उपस्थित रहे।

# बंद घरों को निशाना बनाने वाले पांच गिरफ्तार



**लालगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जिले में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं के चलते लोग काफी परेशान थे। वहीं ऐसी घटनाओं और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस द्वारा धर-पकड़ अभियान चलाया गया। जिसके चलते पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां पुलिस ने सुने घर में रेकी कर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। साथ ही पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया गया। जिसके चलते जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में अलग-अलग हुई चोरी की वारदातों की प्रकरणों की जांच की गई। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने पांच आरोपियों को धर दबोचा साथ ही अलग-अलग स्थानों से चोरी का माल भी बरामद किया है। आपको बता दें कि मंगलवार को लालगंज पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर बालेमऊ पुलिया के पास से पांच अभियुक्त अशरफ उर्फ बग्गड पुत्र मुन्ना, अनिल कुमार पुत्र विजयशंकर, राजेन्द्र उर्फ राज पुत्र बिरजू, सुमित तिवारी पुत्र अनिल तिवारी, विनय कुमार गोडिया पुत्र रामकुमार को दो अवैध देशी तमंचा तथा जिंदा कारतूस सहित लाखो रुपये के चोरी के समान सहित गिरफ्तार किया गया। कोतवाली शिवशंकर सिंह ने बताया की चोरों का गिरोह पहले रैकी करता है फिर बन्द घरो को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे में पांचो ने अपना जुर्म कबूला जिसके बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

**पूछताछ मे चोरो ने कबूला जुर्म**

पूछताछ करने पर बताया कि 1 अक्टूबर की रात्रि को ग्राम मुबारकपुर में जया गुप्ता पत्नी स्व. राजू निवासी मुबारकपुर थाना लालगंज रायबरेली के घर से चोरी की थी तथा 5 दिसंबर की रात्रि को ग्राम गोविन्दपुर वलौली में अखिलेश कुमार पुत्र गंगासागर निवासी रमुआपुर दुबाई 6 जनवरी की रात्रि को ग्राम नगदिलपुर थाना गुरुबक्शगंज में औसान पुत्र स्व0 झब्बू निवासी नगदिलपुर थाना गुरुबक्शगंज रायबरेली के घर को निशाना बनाकर चोरी की थी 17 जनवरी रात्रि को ग्राम सातनपुर में शमरेश कुमार कुशवाहा पुत्र छविलाल नि) सातनपुर के घर मे चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था।

- दिन में रेकी रात में चोरी की घटना को देते थे अंजाम
- क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का सबब बने थे ये चोर

# बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल कर रहे अरविंद यादव



**शिवगढ़, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

कहते हैं जब इरादे मजबूत हो तो लाख मुश्किलें के बावजूद कामयाबी आपके कदम चूमती है अपने मजबूत इरादों को हकीकत में बदलने वाले अरविंद यादव उन सभी युवाओं के लिए मिशाल हैं वो जन्म से ही आंखों से देख नहीं सकते थे फिर भी बड़ी से बड़ी मुश्किल को मात देते हुए कुछ ऐसा किया जो दूसरे युवाओं के लिए मिसाल बन गया। उन्होंने वर्ष 2023 में पूरा किया वह सामान्य शिक्षकों की भांति बच्चों को बड़े ही सरलता और सौम्यता पूर्वक पढ़ते हैं बच्चे भी उनकी पढ़ाई से बड़े संतुष्ट नजर आते हैं वह ब्रेल लिपि से पहले अध्ययन करते है उसके बाद किताब पढ़कर बच्चों को सामान्य शिक्षकों की तरीके से पढ़ाते हैं।

**आगरा शहर से लेकर डीयू तक तय किया सफर**

अरविंद यादव ने आगरा शहर से लेकर डीयू तक का सफर तय किया उनकी प्रारंभिक शिक्षा आगरा से हुई फिर वह स्नातक की पढ़ाई के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिला लिया जहां से उन्होंने स्नातक व परास्नातक के साथ ही बीएड तक की पढ़ाई पूरी की।

**जिंदगी की मुश्किलें बनाती है हमारे लिए रास्ता**

केंद्रीय विद्यालय संगठन शिवगढ़ रायबरेली में तैनात शिक्षक अरविंद यादव बताते हैं की जिंदगी की मुश्किलें से हमें घबराना नहीं चाहिए यही मुश्किलें हमारे लिए अच्छा रास्ता तैयार करती हैं वह बताते हैं कि नेत्रहीन होने के बावजूद भी उन्होंने कभी भी अपनी इस कमी को अपने लक्ष्य में बाधा नहीं बनने दिया बचपन से ही उनका सपना था कि वह शिक्षक बने और बच्चों को अच्छी शिक्षा दें इसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और उसे मुकाम को हासिल किया।

# धूमधाम से मना लालगंज नगर पंचायत का स्थापना दिवस

**लालगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**




लालगंज नगर पंचायत के इतिहास में 89 वर्षों में पहली बार स्थापना दिवस पर विकास कार्यों की झड़ी लगाकर धूमधाम से मनाया गया। वहीं जिसकी समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों व राजनीतिज्ञों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की ।इस पुनीत अवसर पर अध्यक्ष सरिता दीपेंद्र गुप्ता ने पूर्व अध्यक्षों का सम्मान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

लालगंज नगर पंचायत परिसर में आयोजित स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि रायबरेली सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि के एल शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षेत्र सोनिया गांधी की कर्मभूमि है लालगंज नगर पंचायत को विकसित बनाना ही हमारा लक्ष्य है।यहां की जनता जागरुक है । इसलिए नगर पालिका अवश्य बननी चाहिए वहीं सांसद प्रतिनिधि शर्मा ने अध्यक्ष की विशेष मांग पर सांसद निधि से एक कम्युनिटी सेंटर का निर्माण तथा सभी 15 सभासदों को उनके क्षेत्र में दो दो सोलर लाइट लगाने की सहर्ष घोषणा की। जबकि लालगंज क्षेत्र की खराब सड़कों और बाईपास के निर्माण हेतु जनता को आश्वस्त किया। समारोह के विशेष अतिथि प्रोफेसर बैजनाथ विश्वकर्मा ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा प्रथम स्थापना दिवस मनाना यह नगर के सौभाग्य की बात है।

जो लालगंज के विकास में महिती भूमिका निभाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह ने कहा कि लालगंज नगर पंचायत के समग्र विकास के लिए हम सभी सदैव तत्पर रहेंगे। जिससे आम जनमानस को मूलभूत सुविधाएं मिल सके।

# गंगा पर्यावरण जागरूकता अभियान पदयात्रा पहुंची डलमऊ

**डलमऊ, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

गंगा एवं पर्यावरण को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए कानपुर निवासी प्रोफेसर योगेंद्र कुमार यादव के द्वारा गंगा तट की दोनों छोर की पदयात्रा करते हुए गंगा पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत हरिद्वार से गंगासागर एवं गंगासागर से गंगोत्री तक शहीद सम्मान पदयात्रा करते हुए गंगा एवं पर्यावरण को साफ सुथरा बनाए रखती का संदेश दिया जा रहा है प्रोफेसर डॉ योगेंद्र यादव द्वारा यात्रा का शुभारंभ 13 दिसंबर 2023 को 13:13 एवं 13 सेकंड से हरिद्वार के चंडी घाट से प्रारंभ की गई 47 दिन की यात्रा के पश्चात यात्रा आज गंगा तट डलमऊ स्थित संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ पहुंची जहां पर बड़ा मठ के स्वामी दिव्यानंद जी महाराज के द्वारा डॉ योगेंद्र यादव का स्वागत एवं सम्मान किया गया तथा रात्रि विश्राम की व्यवस्था कराई गई सोमवार को प्रातः बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद महाराज के साथ अन्य लोगों द्वारा अग्रिम यात्रा की मंगल कामना करते हुए विदा किया गया प्रोफेसर डॉ योगेंद्र यादव ने बताया कि हरिद्वार से गंगासागर तक गंगा नदी के बाएं तरफ से तथा गंगासागर से गंगोत्री तक दाएं तरफ से यात्रा संपन्न की जाएगी यात्रा के दौरान डलमऊ में लोगों से मिलते हुए गंगा एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की अपील की गई और बताया कि इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य गंगा नदी की स्वच्छता के साथ पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए लोगों को जागरूक और प्रेरित करना है।

# जिले के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण सहित जीते चार पदक

**लालगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**




खेलो इण्डिया द्वारा गोवा में आयोजित वेस्ट जोन वोमेन वूशु चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम को दूसरा स्थान। इस प्रतियोगिता में रायबरेली जिले के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण पदक सहित जीते चार पदक। पदक जीतने पर जिले के खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल खिलाड़ियों ने मुंह मीठा कराकर दी एक दूसरे को बधाई। 27 से 30 जनवरी तक खेलो इण्डिया द्वारा मनोहर पर्रिकर स्टेडियम गोवा में वूशु की वेस्ट जोन वोमेन लीग का आयोजन किया गया जिसमे रायबरेली के 10 खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश की टीम से प्रतिभाग किया था सभी खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन फाइट का प्रदर्शन किया और चार खिलाड़ियों ने पदक हासिल कर मार्च के महीने में आयोजित होने वाली नेशनल प्रतियोगिता के लिए वेस्ट जोन की टीम में अपनी जगह बना ली है। पदक विजेता खिलाड़ियों में मॉडर्न कोच फैक्ट्री की दिव्या कुमारी ने अपनी पांच फाइटे खेली फाइनल मुकाबले में राजस्थान की फाइटर को 20-0 के बड़े अन्तर से शिकस्त देते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। डिम्पी तिवारी ने तीन बेहतरीन मुकाबले जीते पर हाथ में चोट लग जाने के कारण कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा सपना और दीक्षा जितेंद्र जाधव ने भी अपनी अच्छी फाइट का प्रदर्शन किया और कांस्य पदक हासिल किया। रायबरेली वूशु एसोसिएशन के अध्यक्ष अताउर रहमान ने बताया की खेलो इण्डिया की ओर से पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी जिसमे स्वर्ण पदक विजेता को पांच हजार रजत पदक को तीन हजार और कांस्य पदक विजेता को दो हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित डंपर खाई में पलटा, बड़ा हादसा टला

**बछरावां रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** बछरावां मौरावा मार्ग पर मदाखेड़ा गांव के पास एक अनियंत्रित डंपर मंगलवार को तड़के सुबह तकरीबन 4:00 बजे के आसपास खाई में पलट गया जिसके कारण घंटों मार्ग पर जाम की समस्या बनी रही। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की डंपर गाड़ी संख्या यूपी 51 बी टी 7138 बस्ती से कानपुर जा रहा था, जब वह बछरावां मौरावा मार्ग पर मदाखेड़ा गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचा तो अनियंत्रित होकर पलट गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने क्रेन के माध्यम से डंपर को बाहर निकाला फिलहाल किसी प्रकार की कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है, चालक और खलासी दोनों ही सुरक्षित हैं, प्रत्यक्ष दर्शियो की मानी जाए तो उनका कहना है कि शायद ड्राइवर नींद में आ गया था, इसीलिए यह गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई।

### पूरेचंदू गांव में शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से पूरेचंदू मजरे काल्हीगांव में शुरु होगी। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उल्लेखनीय है कि श्री श्री 108 श्री आत्मानंद सरस्वती जी महाराज (स्वामी जी) कथा वाचन करेंगे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा आज (बुधवार) से 06 फरवरी दिन मंगलवार तक चलेगी। वहीं सात फरवरी दिन बुधवार को पूर्णाहुति के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया है। वहीं श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक दीक्षित परिवार के सदस्य उमेश चंद्र दीक्षित ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा 31 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगी,जो सात फरवरी को पूर्णाहुति एवं भंड़ारे के साथ संपन्न होगी। साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक होगी वहीं श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक मुख्य यजमान गिरजा शंकर दीक्षित एवं हरी शंकर दीक्षित ने क्षेत्रीय कथा व धर्म प्रेमियों से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक : शत्रोहन

**रायबरेली।** महात्मा गाँधी के निर्वाण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी के नेतृत्व में समाज के विभिन्न संगठनों ने महात्मा गांधी इण्टर कालेज रायबरेली के परिसर में स्थापित महात्मा गाँधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक है, उनके बताये गये रास्ते पर चलकर हम राष्ट्रीय कार्यो को अन्जाम दे सकते हैं। वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वतन्त्रता की लड़ाई में सभी गुटों को एक कर लड़ाई लड़ी और स्वदेशी आन्दोलन के जरिए राष्ट्रीय भावनाओं को मजबूत किया। सेवारत स्वर्णकार संस्थान के संरक्षक भौमेश कुमार स्वर्णकार ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपनी वकालत छोड़कर देश की आजादी के लिए संघर्ष किया। पूर्व डीजीसी ओपी यादव ने कहा कि 30 जनवरी 1948 को साम्प्रदायिक शक्तियों ने गोली मारकर गांधी जी की हत्या कर दी, जिससे पूरे देश स्तब्ध रह गया। संत गाडगे सेवक कमलेश चौधरी ने कहा कि महात्मा गाँधी स्वच्छता अभियान के प्रबल समर्थक थे।

# लॉटरी प्रक्रिया से आवंटित की गई शराब की दुकानें



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

आबकारी आयुक्त के निर्देशन में नामित प्रतिनिधि एसएन दुबे की देखरेख में ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया से दुकानों के रजिस्ट्रेशन सम्पन्न कराए गए। रजिट्रेस्ट्रेश की प्रक्रिया आनलाइन थी। शहर में लगभग 25 दुकानों का आवंटन किया गया, जिसमें 16 दुकानें देशी मदिरा, दो दुकान अंग्रेजी शराब और दो मॉडल शॉप के लिए आवंटित की गईं। इसके अलावा पांच दुकानें बियर के लिए आवंटित की गई हैं। सभी आवंटित दुकानदारों के पास एसएमएस के माध्यम से सूचना पहुंच जाएगी और इसके बाद आगे की प्रक्रिया कराई जाएगी।

जिसमें जो भी संबंध शुल्क है उसको जमा कराकर दुकान आवंटित की जाएगी। आपको बता दें कि रायबरेली जिले में लगभग 50 दुकानें आवंटित होनी थी, लेकिन 25 फार्म ही उपलब्ध हुए थे।

इसलिए इस प्रक्रिया को 25 दुकानें आवंटित करते हुए आगे की प्रक्रिया फिर से कराई जाएगी, जिसमें 25 दुकान और आवंटित की जाएगी।

- सभी आवंटित दुकानदारों के पास एसएमएस के माध्यम से सूचना पहुंच जाएगी

**दुकान पर नियमों का पालन न होने पर होगी कार्यवाही**

आबकारी अधिकारी रायबरेली रविंद्र प्रताप सिंह ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जिनको भी दुकान उपलब्ध हुई है, उनको आबकारी अधिनियम के तहत जो भी दिशा निर्देश हैं, उन्हें मानक के अनुरूप ही अपनी दुकानें संचालित करनी होगी, जैसे की शराब की दुकानों पर सिर्फ बिक्री कर सकेंगे, नाकि वहां बैठाकर शराब पिलाने की प्रक्रिया कर पाएंगे। यही नियम बियर की दुकानों पर लागू रहेंगे। उन्होने बताया कि मॉडल शॉप में ही आप शराब बैठाकर पिला सकेंगे और वहां पर कैंटीन की व्यवस्था की जाएगी। साफ सफाई की व्यवस्था व खाद्य सामग्री जो भी वहां पर रखी जाएगी वह भी गुणवत्ता पूर्वक ही होनी चाहिए, जिनकी समय-समय पर आबकारी की टीम जानकारी लेती रहेगी। इस दौरान किसी भी दुकान पर नियम के विरुद्ध काम करते पाए जाने पर दंडात्मक कार्यवाही करते हुए उसके लाइसेंस को भी निरस्त किया जा सकता है। इन्हीं सब बातों के साथ सभी को सख्त हिदायत देते हुए आबकारी अधिकारी रविंद्र प्रताप सिंह ने नए आवंटित दुकानदारों को बधाई दी है।



# जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सैनिक बन्धु सदस्यों तथा पूर्व सैनिकों द्वारा शहीद स्मारक बनवाने एवं विद्यालयों के नामों को शहीदों के नाम पर कराये जाने, गन लाइसेंस नवीनीकरण, ईसीएचएस एवं कैंटीन में आ रही समस्याओं आदि विषयों पर चर्चा की गयी। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा जनपद व शासन स्तर पर पूर्व सैनिकों को उनके कार्यों/समस्याओं के समाधान हेतु वरीयता के साथ नियमानुसार निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रतिनिधि वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रतिनिधि मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतिनिधि महिला कल्याण, प्रतिनिधि उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण, प्रतिनिधि महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, प्रतिनिधि कमांडिंग आफिसर एनसीसी व सैनिक बन्धु समिति उपाध्यक्ष ऑनर कैप्टन राजपाल सिह, एवं विभिन्न ब्लाकों के सैनिक बंधु तथा अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित अधिकारियों, सैनिक बंधु सदस्यों एवं पूर्व सैनिकों/आश्रितो का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली, कैप्टन (नी सेना) अतुल्य दयाल (अ0 प्रा0), द्वारा स्वागत किया गया।

### दिल्ली-फुर्सतगंज के मध्य जल्द शुरू होगी विमान सेवा

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज** भाजपा नेता तथा सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने रायबरेली से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित फुरसतगंज एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए हवाई सेवा शुरू करने के संबंध में स्पाइसजेट के गुरुग्राम स्थित मुख्यालय में स्पाइसजेट के अध्यक्ष अजय सिंह से भेंट की तथा उनको इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में अग्रवाल ने अजय सिंह से 20 जनवरी को फोन पर विस्तृत वार्ता भी की थी। अजय अग्रवाल की मांग है कि फुरसतगंज एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए विमान सेवा की शुरुआत की जाए क्योंकि रायबरेली से काफी संख्या में यात्री रोजाना दिल्ली जाते हैं। उसके लिए उनको लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट जाना पड़ता है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, जिला अस्पताल रेफर

**शिवगढ़, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

ससुराल से वापस अपने घर जा रहा बाइक सवार युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को सीएचसी शिवगढ़ पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने युवक का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के मुताबिक संग्राम वर्मा पुत्र राजेंद्र कुमार वर्मा उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी चोरहा मजरे अनैय्या थाना नगराम जनपद लखनऊ शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवदयाल खेड़ा गांव में अपनी ससुराल आया हुआ था यहां से वापस जाते समय बेड़ारु बहुदा संपर्क मार्ग निकट मचौटी पुलिया के पास नगराम की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने आनन फानन में उसे सीएचसी शिवगढ़ पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**संग्राम नाम का युवक गंभीर अवस्था में एंबुलेंस द्वारा सीएचसी पर लाया गया था जिसका दाहिना पैर फैक्चर था प्राथमिक उपचार करने के उपरांत युवक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।**

**डॉ. अनिल कुमार**

# बीजेपी चली गांव की ओर कार्यशाला आयोजित

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**




भारतीय जनता पार्टी की गांव चलो अभियान की जिला कार्यशाला जिला भाजपा कार्यालय अटल भवन में जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

गांव चलो अभियान की जिला कार्यशाला को जिला प्रभारी श्री पीयूष मिश्रा ने भी संबोधित किया। जिला कार्यशाला में समापन सत्र को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि गांव चलो अभियान के माध्यम से पार्टी जिले में 4 फरवरी से 11 फरवरी तक प्रत्येक गांव तथा बूथ तक पहुंचकर व्यापक जनसंवाद का अभियान चलाएगी। जिसमें पंचायत एवं सहकारिता के जनप्रतिनिधि ,विधायक,पूर्व विधायक,जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख,नगर पंचायतों के अध्यक्ष सहित पार्टी के सभी प्रदेश,क्षेत्र एवं जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता गांव में प्रवास करेगें तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार की सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की योजनाएं तथा विकसित भारत का विजन लेकर गांव, मजरो, टीलो, चौपालो तथा बूथों पर चर्चा करेंगे। श्री तिवारी ने कहा कि संगठन व विचारधारा के विस्तार की सतत प्रक्रिया है और संगठन के विभिन्न अभियान व कार्यक्रम लक्ष्य को प्राप्त करने का माध्यम है।

हर बूथ, हर क्षेत्र में संगठन की मजबूती में गांव चलो अभियान नींव का पत्थर साबित होगा। यह अभियान मिशन 2024 में बड़ी विजय का आधार बनेगा।

# गौशालाओं का बिछा जाल फिर भी छुट्टा जानवरों से किसान हैं परेशान

- इस समय किसान रात में रखवाली कर अपनी फसल बचाने की कर रहे कोशिश

**महराजगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

गौशालाओं का है जाल उसके बावजूद भी छुट्टा जानवरों से किसान है बेहाल और अपनी फसल बचाने के लिए कर रहा है संघर्ष। कड़कड़ाती ठंड हो या फिर आसमान से आग उगलती हो सावन भादो की बरसात इनके बीच किसान अपने पसीने से उगता है अन्न वही आवारा पशु और वन रोज जब उनकी फसल चट कर जाते हैं तब इन किसानों के ऊपर क्या बीतती है यह विधाता ही जाने । वहीं सरकार द्वारा एक गाय पर 30 दिया भी जाता है और राज्य की योगी सरकार द्वारा तमाम तरह के उपाय भी छुट्टा जानवरों की रोकथाम के लिए चल रहे हैं। मेहनत से तैयार की गई हुई फसल धीरे-धीरे तैयार होती है और धीरे-धीरे खुल्ला मवेशी और वन रोज किसानों की फसल खा जाते हैं क्षेत्र में इस समय किसान रात को जाग कर रखवाली कर अपनी फसल बचाने की कोशिश कर रहे हैं तो वही तमाम तरह के उपाय करके खुल्ला मवेशियों को भागने की भरसक प्रयास में लगे रहते हैं।

खुल्ला मवेशियों की बढ़ती हुई संख्या के पीछे कहीं ना कहीं पशुपालकों का भी बहुत बड़ा हाथ है जब तक गाय दूध देती है तब तक उसके बछड़े को रखा जाता है नहीं तो कुछ पशुपालक इन पशुओं को अपने यहां से खेतों की तरफ भगा देते हैं तो यही मवेशी किसानों की फसल खा जाते हैं।

सरकारी चारागाह की जमीन पर जब उगाई जाएगी फसल तो खुल्ला जानवर किसानों की फसल को ही बनाएंगे अपना निशाना क्योंकि चारागाह की जमीन पर रहता है भू माफियाओं का कब्जा।

**कार्रवाई** | **भूमाफियाओं पर चला प्रशासन का डंडा**

# प्रशासन ने तालाब और चारागाह की सात बीघे से अधिक जमीन कराई खाली

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



सीएम योगी आदित्यनाथ के भू माफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश के बाद रायबरेली जिला प्रशासन मुख्यमंत्री के निर्देशों के पालन में जुटा हुआ है। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल कुलदीप सिंह की मानें तो कई बार नोटिस दी गई और कई बार कहने के बावजूद भी सरकारी जमीन नहीं खाली कर रहे थे। एसडीएम सदर और अन्य कर्मी पुलिस बल के साथ ट्रैक्टर और जेसीबी ले जाकर मौके पर पहुंचे और जमीन को खाली कराया। जिले के भूमाफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि सरकारी जमीनों पर भी कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। रायबरेली में सदर तहसील के एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने आज यानी मंगलवार को भूमाफियाओं के कब्जे में तालाब और चारागाह की सात बीघे से अधिक जमीन को खाली करवाई। मामला सदर तहसील के बछरांवा थाना क्षेत्र के पक्षिम गाँव मदन टूशी का है।

जहाँ भूमाफिया इस सरकारी जमीन पर ईंट भट्ठा संचालित कर रहे थे। वहीं कुछ लोग उस पर फसल भी लगाए हुए थे। तहसील प्रशासन ने फसल को ट्रैक्टर से जोतवा दिया तो वही जमीन पर बने कच्चे ईंट को ध्वस्त कर दिया। एसडीएम सदर मिथलेश त्रिपाठी ने बताया कि भूमाफियाओं ने तालाब और चारागाह की जमीन पर कब्जा कर लिया था, उनके कब्जे से 3 हेक्टेयर जमीन को खाली करवाया गया है और थाने में मामला दर्ज करवाया जा रहा है।

**जिले में जो भी तालाब व बंजर जमीन है सभी को सुरक्षित करके ग्राम प्रधानों के सौंपे जाएंगे। जो लोग तालाब पर अवैध कब्जा किए हुए हैं उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी को चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही लगातार अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।**

**प्रफुल्ल त्रिपाठी**
**एडीएम प्रशासन रायबरेली**

## धूमिल होते विपक्षी एकता के प्रयास

आजकल वर्तमान केंद्र सरकार को सत्ताच्युत करने के सपने देखने की राजनीति गरम है। केंद्र में विपक्ष की राजनीति करने वाली कांग्रेस सहित तमाम क्षेत्रीय दल एक साथ चलने का राग अलाप रहे हैं, लेकिन वर्तमान राजनीतिक शैली को देखते हुए सहज ही यह सवाल देश के वातावरण में अठखेलियां कर रहा है कि क्या आज की स्थिति और परिस्थिति को देखते हुए विपक्ष की भूमिका निभाने वाले राजनीतिक दल एक होकर चुनाव लड़ पाएंगे। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि सारे दल इस जोर आजमाइश में लगे हैं कि किसको कितनी सीट दी जाएं। इस बारे में कांग्रेस के समक्ष बड़ी विकट स्थिति निर्मित होती जा रही है, क्योंकि जहां एक ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी कांग्रेस के अस्तित्व को बचाने के लिए एक और राजनीतिक यात्रा पर हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय दल कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहे। इसके पीछे का कारण स्वयं कांग्रेस की राजनीति ही है, क्योंकि उसके नेताओं को न तो अपनी वास्तविक स्थिति का ज्ञान है और न ही उसके नेता वैसा आचरण ही कर रहे हैं। इसी कारण आज क्षेत्रीय दल कांग्रेस से ज्यादा प्रभावशाली हैं। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों के सहारे की तलाश है और कांग्रेस इस सत्य को अभी समझने में पूरी तरह असमर्थ दिखाई दे रही है। देश में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बाद यह लगने लगा है कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुनः आसीन होने की ओर अग्रसर है। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि केंद्र की सरकार ने जो काम किए हैं उनके प्रति भारत की जनता का जुड़ाव दिखाई देता है। इसी कारण भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए जहां देश में विपक्ष के राजनीतिक दल एकता के लिए प्रयास करते दिखाई दे रहे थे, अब उन प्रयासों में बहुत बड़ा पेच सामने आ गया है। यह पेच इसलिए भी स्थापित हुआ है क्योंकि कांग्रेस को सारे क्षेत्रीय दल आंखें दिखाने की अवस्था में दिखाई देने लगे हैं। इसके पीछे क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का अस्तित्व बचाने का तर्क दिया जा सकता है, लेकिन सत्य यह भी है कांग्रेस वर्तमान में बहुत कमजोर हो गई है। इसलिए कांग्रेस को मन मुताबिक सीट देने को कोई भी दल तैयार नहीं है। पश्चिम बंगाल में एक तरफ ममता बनर्जी कांग्रेस को उसकी स्थिति के अनुसार सीट देने को तैयार नहीं है। वहीं उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी कांग्रेस को ज्यादा सीट देने के मूड में नहीं है। इंडी गठबंधन के लिए रही सही कसर पर नीतीश कुमार ने बिहार में कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद स्वाभाविक रूप से विपक्षी एकता के गठबंधन को बहुत बड़ा आघात लगा है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन की एकता के एक बड़े नेता के रूप में स्थापित हुए थे, जिन्हें कांग्रेस द्वारा महत्व नहीं दिया गया। नतीजा सामने हैं। नीतीश कुमार ने अपनी अलग राजनीतिक राह निर्मित कर ली। वर्तमान में राजनीतिक रूप से अस्तित्व बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे विपक्षी दलों के समक्ष एक बार फिर से अपनी एकता को बनाए रखने के लिए चुनौतियों का पहाड़ स्थापित होता दिखाई दे रहा है। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो आज के हालात को देखते हुए निश्चित ही यह कहा जा सकता है कि जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं। विपक्ष के सारे दल किसी न किसी रूप में अपनी महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित कर रहे है। तू डाल डाल, मैं पात पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कांग्रेस सहित क्षेत्रीय दल अपनी पहचान बनाए रखने के लिए एक दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं।

**रास्ते भर चुप्पी और सामान्य हाव-भाव बनाए रखना। बारह घंटे लाश के साथ सफर करना यकीनन बेदिल कातिल का ऐसा अंदाज था जैसे वह इंसान नहीं एआई (आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस) हो। इस मां की सारी करतूत बेहद हैरतअंगेज है। गनीमत रही कि जहां होटल स्टाफ को संदेह हुआ, वहीं कैब ड्राइवर भी परेशान था कि हवाई यात्रा के मुकाबले बेहद लंबे सफर पर निकली महिला इतनी शांत और सहज कैसे है? शक और कमरे में मिले सबूतों की बिना पर होटल वाले पुलिस को इत्तला करते हैं। पुलिस कैब वाले से कोऑर्डिनेट करती है।कैब ठिकाने के बजाय सीधा थाने पहुंच जाती है। वहां बैग में कपड़ों के बीच छुपा चार साल के मासूम का शव मिलता है। इस तरह एक बेमिसाल महिला के हाथों हुए क्रूरतम हत्याकांड से हर कोई सन्न रह जाता है। न जाने कितनी निर्दयी माताओं की कैसी-कैसी क्रूरतम वारदात सुनी और देखी हैं।**

# सूचना जैसी निर्दयी मां कब तक रहेंगी समाज में...!

ऋतुपर्ण दवे



**एआई के जरिए माइंडफुल एआई लैब से कृत्रिम आदर्श और नैतिकता का आधुनिक पाठ पढ़ाने वाली सूचना सेठ ने कैसा घटिया माइंड गेम खेला जिससे हर कोई स्तब्ध है। उसके अनैतिक कारनामे की जितनी भी निंदा की जाए कम है और कठोर से कठोर सजा भी नाकाफी है। कोई अपढ़, ठेठ गंवई, दकियानूसी होता तो थोड़ा समझ भी आता। लेकिन एक पढ़ी-लिखी असाधारण महिला जिसकी बेहद तगड़ी प्रोफाइल हो। एक कंपनी की सीईओ और हार्वर्ड की रिसर्च फेलो हो। जिसका नाम-2021 की एआई एथिक्स में टॉप 100 ब्रिलियंट महिलाओं में शुमार हो। जिसने दो साल बर्कमैन क्लेन सेंटर में एक सहयोगी का काम किया और बोस्टन, मैसाचुसेट्स में एआई तथा रिस्पॉन्सिबल मशीन लर्निंग में भी अपना योगदान दिया। बैंगलुरु की प्रतिष्ठित कंपनी में डेटा साइंटिस्ट का काम कर चुकी हो।**

कोई मां भला कैसे निर्दयी हो सकती है? क्रूर हो सकती है? कैसे अपने जिगर के टुकड़े को बैग में पैक कर सड़क रास्ते लंबे सफर पर बेखौफ निकल सकती है? इसके जवाब मनोचिकित्सकों के पास अपने-अपने ढंग के और अलग भी हो सकते हैं। लेकिन गोवा में एक आम नहीं बल्कि बेहद खास वो मां जिसने देश-दुनिया को अपनी सफलता से आकर्षित किया और निर्दयता और क्रूरता की सारी हदें पार कर जाए तो हैरानी होती है। गोवा में जघन्य हत्याकांड ने जहां हर किसी को झकझोरा, वहीं कई सवाल भी खड़े कर दिए। बेहद पढ़ी-लिखी मां जिसे दुनिया आदर्श समझती थी, वही अपराधी निकले? सवाल यकीनन कचोटने वाला है। लेकिन जवाब आसान भी नहीं है।

पति-पत्नी के रिश्तों में तल्खी आना असामान्य नहीं है। लेकिन ऐसा भी क्या नफरत जो इसकी बलि वेदी पर खुद का मासूम चढ़ा दिया जाए? निश्चित रूप से बेकाबू गुस्सा, सोचने, समझने की शक्ति पर नियंत्रण खोना इंसान को कितना हैवान बना देता है। तमाम घटनाओं से यही समझ आता है। लेकिन सूचना सेठ ने जिस शातिर अंदाज में अपनी इकलौती संतान को मौत की नींद सुलाया वह बेहद अलग और चिंतनीय है। जैसा कि खुलासों से पता चला है कि बच्चे को अत्यधिक कफ सिरप पिलाकर बेसुध कर उसका दम घोंट मौत की नींद सुला दिया गया। लाश बैग में भर आधी रात को बड़े बेखौफ अंदाज में बेधड़क होटल के रिशेप्शन पर कैब ड्राइवर को पकड़ाना और सड़क रास्ते गोवा से बेंगलुरु के लंबे सफर पर निकलना किसी हॉरर स्टोरी से कम नहीं है।

रास्ते भर चुप्पी और सामान्य हाव-भाव बनाए रखना। बारह घंटे लाश के साथ सफर करना यकीनन बेदिल कातिल का ऐसा अंदाज था जैसे वह इंसान नहीं एआई (आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस) हो। इस मां की सारी करतूत बेहद हैरतअंगेज है। गनीमत रही कि जहां होटल स्टाफ को संदेह हुआ, वहीं कैब ड्राइवर भी परेशान था कि हवाई यात्रा के मुकाबले बेहद लंबे सफर पर निकली महिला इतनी शांत और सहज कैसे है? शक और कमरे में मिले सबूतों की बिना पर होटल वाले पुलिस को इत्तला करते हैं। पुलिस कैब वाले से कोऑर्डिनेट करती है।कैब ठिकाने के बजाय सीधा थाने पहुंच जाती है। वहां बैग में कपड़ों के बीच छुपा चार साल के मासूम का शव मिलता है। इस तरह एक बेमिसाल महिला के हाथों हुए क्रूरतम हत्याकांड से हर कोई सन्न रह जाता है। न जाने कितनी निर्दयी माताओं की कैसी-कैसी क्रूरतम वारदात सुनी और देखी हैं।

एआई के जरिए माइंडफुल एआई लैब से कृत्रिम आदर्श और नैतिकता का आधुनिक पाठ पढ़ाने वाली सूचना सेठ ने कैसा घटिया माइंड गेम खेला जिससे हर कोई स्तब्ध है। उसके अनैतिक कारनामे की जितनी भी निंदा की जाए कम है और कठोर से कठोर सजा भी नाकाफी है। कोई अपढ़, ठेठ गंवई, दकियानूसी होता तो थोड़ा समझ भी आता। लेकिन एक पढ़ी-लिखी असाधारण महिला जिसकी बेहद तगड़ी प्रोफाइल हो। एक कंपनी की सीईओ और हार्वर्ड की रिसर्च फेलो हो। जिसका नाम-2021 की एआई एथिक्स में टॉप 100 ब्रिलियंट महिलाओं में शुमार हो। जिसने दो साल बर्कमैन क्लेन सेंटर में एक सहयोगी का काम किया और बोस्टन, मैसाचुसेट्स में एआई तथा रिस्पॉन्सिबल मशीन लर्निंग में भी अपना योगदान दिया। बैंगलुरु की प्रतिष्ठित कंपनी में डेटा साइंटिस्ट का काम कर चुकी हो जिसने दो पेटेंट भी दाखिल किए हों। जिसके पास कलकत्ता यूनिवर्सिटी की भौतिक शास्त्र की स्पेशलाइजेशन की डिग्री हो और जो वहां की 2008 की टॉपर हो, वो ऐसा करे तो हैरानी की हदें भी पार होना स्वाभाविक है।

पश्चिम बंगाल की सूचना सेठ के पति वेंकट रमन बड़े इंडोनेशियाई कारोबारी हैं। 2010 में दोनों ने प्रेम विवाह किया लेकिन जल्द ही रिश्ते बिगड़ गए। तल्खी बढ़ते-बढ़ते अदालत की चौखट तक जा पहुंची जो आखिरी मुकाम पर है। अदालत ने हर रविवार को बेटे को पिता से मिलने की इजाजत दी। यही सूचना सेठ को नागवार गुजरी। उसके एआई पैटर्न के ब्रेन ने जबरदस्त चाल चली। कत्ल से पहले बेटे से बेंगलुरु में मिलने का संदेश देकर पति को गुमराह किया और खुद बेटे को लेकर गोवा आ गई। बेटा पिता से न मिल सके, इस प्रतिशोध में सूचना धधक रही थी। एक सक्षम एन्टरप्रेन्योर होकर भी पति से ढाई लाख रुपये हर माह गुजारा भत्ता भी चाहती थी। शायद सूचना बेहद प्रतिभाशाली होकर भी अकेलेपन का शिकार थी और खुद के बुद्धिमान होने का भ्रम पाले घृणित आपराधिक विकृति के गिरफ्त में जकड़ चुकी थी।

बेटे की हत्या का उसे कोई पश्चाताप नहीं है। बेटे का कुसूर बस इतना था कि उसकी शक्ल पिता से मिलती थी जो सूचना को सालता था। कैसी विकृत सोच थी? नासमझ मां में भी ममता होती है। जानवर तक संतान को बचाने को खूंखार हो जाते हैं। उसमें ईर्ष्या, द्वेष की कैसी-कैसी विकृत मानसिकता पनपी जिसका उदाहरण सामने है। आखिर समाज किस दिशा में जा रहा है? अकेलापन, आपसी मेलजोल की कमी, बिखरता समाज और हाथ में सिमटे मोबाइल से एकाकी बनता जीवन, सामाजिक ताना-बाना बिखेर लोगों को लोगों से अलग कर रहा है। एक वो जमाना था जब संयुक्त परिवार शान थे। गांवों में सांझा चूल्हा जलता जिसमें सबका खाना साथ पकता।

## विचार

# आर्थिक संकट और केंद्र का अंतरिम बजट

राहुल लाल

केंद्र सरकार की ओर से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। अंतरिम बजट एक अस्थायी वित्तीय बजट है,जो वार्षिक या आम बजट से अलग होता है। आम चुनाव के बाद और नई सरकार के गठन के बाद वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। अंतरिम बजट से सरकार अपनी आय और व्यय की रूपरेखा तैयार करती है,जिससे नई सरकार के गठन तक खर्च संबंधी कोई परेशानी नहीं हो।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अनेक आर्थिक संकटों के बीच अंतरिम बजट प्रस्तुत कर रही हैं। केंद्रीय सांख्यिकी संगठन के अनुसार चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की विकास दर 4 वर्ष के सबसे निचले स्तर पर 1.8 प्रतिशत पर है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र सरकार ने 13 अप्रैल 2016 को अशोक दलवाई समिति का गठन किया था। इस समिति ने 2017 में कहा था कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कृषि विकास दर कम से कम 12 प्रतिशत रहनी चाहिए। मनमोहन सरकार में कृषि विकास दर 4 प्रतिशत के ऊपर लगातार बनी हुई थी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। वर्तमान सरकार ने भले ही कृषि विकास दर का लक्ष्य 12 प्रतिशत रखा हो, लेकिन अब स्वयं सरकार के आंकड़ों से पुष्टि हो रही है कि चालू वित्त वर्ष में यह आंकड़े 2 प्रतिशत तक पहुंचना भी मुश्किल है। भारत में कृषि क्षेत्र सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था अभी गंभीर संकट से जूझ रही है। ग्रामीण क्षेत्र में निम्नस्तरीय क्रय क्षमता के कारण अर्थव्यवस्था अभी मांग के गंभीर संकट से जूझ रही है। कृषि क्षेत्र की धीमे विकास दर से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मांग की भारी कमी है।

ऐसे में चर्चा है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण अपने अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि की राशि को 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार कर सकती हैं। परंतु सवाल यह है कि ऐसी स्थितियां क्यों आई? चाहे 2008 का आर्थिक संकट हो या कोरोना काल, दोनों में ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था ने इंजन का कार्य किया तथा देश को संकट से बाहर निकाला। परंतु इसके बावजूद सरकार कृषि क्षेत्र को लेकर गंभीर नहीं रही है। दिल्ली की सीमाओं पर

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अनेक आर्थिक संकटों के बीच अंतरिम बजट प्रस्तुत कर रही हैं। केंद्रीय सांख्यिकी संगठन के अनुसार चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की विकास दर 4 वर्ष के सबसे निचले स्तर पर 1.8 प्रतिशत पर है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र सरकार ने 13 अप्रैल 2016 को अशोक दलवाई समिति का गठन किया था।**

एक वर्ष से ज्यादा समय तक किसानों का शांतिपूर्ण धरना- प्रदर्शन चलता रहा, जिसमें 750 से ज्यादा किसान शहीद हो गए, लेकिन अब तक सरकार श्न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानूनश् को लेकर गंभीर नहीं हुई। प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि की 6 हजार की राशि इस भीषण महंगाई में किसानों की जरूरत से बेहद कम है, इसे कम से कम दोगुनी करने की जरूरत है इससे भी ज्यादा आवश्यक है कि कृषि लागत को कम किया जाए तथा उत्पादकता में वृद्धि की जाए।

कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक की सख्त आवश्यकता है। इस समय जिस तरह से बेरोजगारी भयावह स्तर पर है, इससे बड़ी संख्या में लोग कृषि कार्य में जुटे हैं,क्योंकि उनके पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है। फ्लतरू ग्रामीण परिवारों में गरीबी की समस्या और बढ़ गई है। किसानों के खेत का आकार छोटा रह गया है। 85 प्रतिशत किसानों के पास 5 एकड़ से भी कम जमीन उपलब्ध है। इस स्थिति में ग्रामीण क्षेत्र में अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में मनरेगा की भी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। चालू वित्त वर्ष में मनरेगा के बजट में कटौती कर दी गई थी,जबकि देश भर में मनरेगा के तहत काम मांगने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है।

ऐसे में समय आ गया है कि सरकार अंतरिम बजट में मनरेगा के बजट में वृद्धि करे। विशेषज्ञों का आकलन है कि अंतरिम बजट में अगले वित्त वर्ष के लिए कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 22 से 25 लाख करोड़ रूपये तक कर सकती है। सरकार का यह प्रयास होना चाहिए कि प्रत्येक पात्र किसान की संस्थागत ऋण तक पहुंच हो। लेकिन इसके साथ सीमांत किसानों की कर्जमाफी भी आवश्यक है। सरकार जब पूंजीपतियों के लाखों करोड़ रूपयों को राइट ऑफ कर सकती है, तो किसानों की कर्ज माफी क्यों नहीं? साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सम्माननिधि की राशि बढ़ाने की जो चर्चा लगातार वित्त मंत्रालय के गलियारे में हो रही है,क्या वह केवल चुनावी जुमलेबाजी तो नहीं? अभी मध्यप्रदेश में चुनाव से कुछ दिन पूर्व लाडली लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों को नगद हस्तांतरण कर बीजेपी वोट लेने में सफ्ल हो गई थी।

लाडली लक्ष्मी योजना में दूसरे मद के बजट का भी प्रयोग किया गया। क्या सरकार केवल चुनावी लाभ के लिए लाडली लक्ष्मी योजना की तरह श्प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का तो प्रयोग लोकसभा चुनाव में तो नहीं करना चाहती? इस अंतरिम बजट में केन्द्र सरकार को वास्तव में कृषि क्षेत्र एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस करने की आवश्यकता है। कोविड काल और उससे 1 साल पहले के समय को नजरअंदाज करें, तो वित्त वर्ष 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि दर 21 साल में सबसे कम रहने का अनुमान है। इस दौरान 7.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

## कब थमेगा गाजा युद्ध

आदित्य नारायण

गाजा युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिम एशिया में पहली बार अमेरिकी सैनिकों पर हुए हमले में तीन सैनिकों की मौत के बाद स्थिति और भयानक हो गई है। यह आशंका पहले ही व्यक्त की जा रही थी कि इजराइल-हमास युद्ध अगर फैलता है तो पूरी दुनिया के लिए बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। अमेरिका अपने आप को सुपर पावर मानता है लेकिन इस सुपर पावर से टकराने की हिम्मत ईरान समर्थित मिलशिया यानि इस्लामिक रजिस्टैंस समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

इस समूह ने जार्डन में अमेरिकी सैन्य बेस पर हमला किया है। यह ग्रुप सीरिया, इराक, लेबनान और लीबिया में सक्रिय है। यद्यपि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसका बदला लेने की कसम खाई है लेकिन इससे युद्ध का विस्तार होने का खतरा पैदा हो गया है। इस्लामिक रजिस्टैंस ने कहा है कि उसके लड़ाकों ने ईराक में अमेरिकी कब्जे वाली ताकतों का विरोध करने और गाजा में इजराइल ने नरसंहार के जवाब में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमले शुरू कर दिए हैं। इस्लामिक समूह इजराइल-हमास युद्ध में अमेरिका को भी भागीदार मानता है। इसलिए वह सीधे तौर पर अमेरिका से भिड़ गया है। इस तरह युद्ध का नया मोर्चा खुल गया है। ईरान समर्थित हूती विद्रोही पहले ही लाल सागर में माल वाहक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। उधर इजराइल पर जनसंहार के आरोप में दक्षिण अफ्रीका की ओर से ध्किए गए मुकदमे पर इंटरनैशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस का आदेश आ गया है। कोर्ट ने इजराइल से कहा है कि वह गाजा में फलिस्तीनियों को हो रहे किसी तरह के नुक्सान को तुरंत रोके। गाजा में हमास को खत्म करने के लिए इजराइल ने ताबड़तोड़ हमले किए हैं और उसने अस्पतालों को भी अपना निशाना बनाया है। इन हमलों में हजारों निर्दोष लोग मारे गये हैं। हजारों महिलाएं विधवा हो गई हैं और बच्चे अनाथ हो गये हैं। कोर्ट ने इजराइल को गाजा में मानवीय त्रासदी रोकने के लिए तुरंत और प्रभावी कदम उठाने को कहा है।

इजराइल ने जनसंहार के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि आम फिलस्तीनियों को जो नुक्सान पहुंच रहा है उसके लिए आतंकवादी समूह हमास जिम्मेदार है। हमास ने गाजा के अस्पतालों, शरणार्थी शिविरों और रिहायशी आबादी के क्षेत्रों में भूमिगत सुरंगें बिछा रखी हैं जिस वजह से आम लोगों की मौत को रोकना असंभव है। युद्ध के कारण 23 लाख आबादी वाले गाजा की 85 फीसदी आबादी शरणार्थी बन चुकी है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इंटरनैशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस के आदेश के बाद क्या कुछ बदलेगा। जनसंहार के आरोपों को लेकर अदालत को फैसला लेने में बहुत समय लगेगा। हो सकता है कि इजराइल कोर्ट के फैसले को पूरी तरह से नजरंदाज कर दे। अब इजराइल को तय करना है कि वह क्या कदम उठाता है। दो महीने से ज्यादा समय हो चुका है। युद्ध विराम की कोशिशें जारी हैं लेकिन युद्ध रुकने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे। इजराइल के प्रधानमंत्री घरेलू राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए युद्ध जारी रखे हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि गाजा पट्टी पर मानवीय कॉरिडोर का निर्माण किया जाए और मानवीय आधार पर ही युद्ध बंद किया जाए। फिलस्तीनी लोगों को तुरंत और बिना किसी बाधा के मानवीय मदद पहुंचाई जाए। जंग एक करुर भट्ठी के सामन होती है जिसमें इंसानों को भयानक यातना से गुजरना पड़ता है लेकिन इस की तपिश दूर-दूर तक होती है। इस युद्ध ने गाजा पट्टी को नरक बना दिया है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की त्रासदी भी कम नहीं है। अधिकतर देश चाहते हैं कि द्विराष्ट्र के सिद्धांत का पालन किया जाए और युद्ध को तुरंत रोका जाए। इस जंग में हत्या और विनाश का आलम ये है कि कोई ये नहीं मान सकता कि किसी तरह की शांति वापस आएगी। इस बार स्थिति भिन्न है। इस बात को तो फिलस्तीनी और इजराइल के साथ-साथ इस मुद्दे से जुड़ी शक्तियां भी मान चुकी हैं।



## राशिफल

**मेषः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**बृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही कतई न करें।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**वृश्चिकः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

# निराशा को आशाजनक अवसरों में बदलने की खिड़की है परीक्षा पे चर्चा

ललित गर्ग



**प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते हैं कि पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे हैं, लेकिन 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। 'परीक्षा पे चर्चा' की विशेषता यह है कि इससे जुड़े प्रतिभागी किसी खास वर्ग, क्षेत्र, उम्र, जाति या धर्म के न होकर भारत के सभी राज्यों से लेकर विदेश तक के जूनियर और सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संवाद की व्यापकता विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर में अपनी बात को केवल परीक्षा तक ही सीमित न कर उसे जीवन से जोड़ देती है। विद्यार्थी जीवन में आने वाली अनेक समस्याएं प्रायः किसी न किसी रूप में जीवन के दूसरे पड़ाव में भी जरूर आती हैं।**

प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते हैं कि पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे हैं, लेकिन 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान दिया गया उद्बोधन एवं गुरु मंत्र छात्रों के लिये ऐसा आलोक स्तंभ है जो भविष्य की अजानी राहों एवं परीक्षा के जटिल क्षणों में पांव रखते समय उस आलोक को साथ में रख लिया गया तो उनके मार्ग में कहीं भी अवरोध, तनाव एवं संकट नहीं आ सकेगा। क्योंकि मोदी के ये गुरुमंत्र उनकी समर्थता, सिद्धता, अनुभव एवं साधना से उपजे हैं जो छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों के लिये भी रामबाण औषधि की तरह हैं।

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों के अंदर डर और तनाव दोनों होता है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम करते हैं। इस वर्ष भारत मंडपम, आईटीपीओ, नई दिल्ली में हुए इस अनूठे एवं प्रेरक कार्यक्रम में जहां तकरीबन 4,000 छात्रों ने हिस्सा लिया, वहीं लगभग 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए थे, जो एक रिकॉर्ड है। यह परीक्षा पर चर्चा का 7वां संस्करण है, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत करते हुए परीक्षाओं को तनाव का कारण न बनने देने की सीख दी। इस विलक्षण प्रयोग एवं उपक्रम में छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं के पंख खोले।

वे परीक्षा से जुड़े अनेक संदेहों, शंकाओं एवं डर को लेकर यहां आये, लेकिन लौटते समय उन चेहरों पर संतोष की झलक थी। उन्होंने कुछ अद्भुत या मौलिक, समाधानकारी एवं प्रभावी पाया या नहीं, लेकिन जितना पाया वह उनकी उम्मीद से अधिक था। वे ही नहीं, भारत के असंख्य छात्रों एवं परीक्षार्थियों के लिये यह आयोजन नवऊर्जा एवं नयी दिशाओं के उद्घाटन का माध्यम बना है, जहां से छात्रों के जीवन में व्यापक परिवर्तन, उत्साह एवं जिजीविषा की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई है।

प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते हैं कि पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे हैं, लेकिन 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। 'परीक्षा पे चर्चा' की विशेषता यह है कि इससे जुड़े प्रतिभागी किसी खास वर्ग, क्षेत्र, उम्र, जाति या धर्म के न होकर भारत के सभी राज्यों से लेकर विदेश तक के जूनियर और सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संवाद की व्यापकता विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर में अपनी बात को केवल परीक्षा तक ही सीमित न कर उसे जीवन से जोड़ देती है। विद्यार्थी जीवन में आने वाली अनेक समस्याएं प्रायः किसी न किसी रूप में जीवन के दूसरे पड़ाव में भी जरूर आती हैं।

नरेन्द्र मोदी के शब्दों का जादू और भारत की शिक्षा को ऊंचाई तक ले जाने की तड़प ने एक-एक छात्र एवं शिक्षक को भीतर तक हिला दिया। इस अभिक्रम को देख कुछ लोग तो आश्चर्य में डूब गये क्योंकि मोदी ने शुरुआत में ही कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक नवोन्मेषी हो गए हैं, इसलिये यह कार्यक्रम मेरे लिए भी एक परीक्षा की तरह है। उन्होंने माता पिता से कहा कि आपको किसी बच्चे की तुलना किसी दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उसके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। कुछ माता-पिता अपने बच्चे के 'रिपोर्ट कार्ड' को अपना 'विजिटिंग कार्ड' मानते हैं, यह ठीक नहीं है।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। इसके लिये उन्होंने प्रेरणा, आत्मविश्वास, एकाग्रता, आशा, उत्साह, समय और तनाव प्रबंधन आदि ऐसे अनेक विषयों पर बोला जो विद्यार्थी से लेकर आम व्यक्ति के जीवन को उजालने के लिये जरूरी है। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान मोदी से सवाल हुआ कि छात्रों को प्रेरित करने में शिक्षकों की क्या भूमिका होनी चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**बहन से दोस्ती के शक में दो भाईयों ने मिलकर कुल्हाड़ी व बाका से की थी हत्या**



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

पुलिस ने एक ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री का खुलसा किया है। थाना अजनर पुलिस टीम को 27 जनवरी को थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सगुनियामाफ निवासी जियालाल राजपूत पुत्र नथुवा राजपूत ने सूचना दी कि उनका पुत्र धरमपाल का शव गांव के ही अरहर के खेत में पड़ा मिला है, जिसे किसी अज्ञात द्वारा धारदार हथियार से मार कर फेंक दिया गया है, इस सूचना पर धारा अजनर में धारा 302/201 का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा सनसनीखेज घटना का संज्ञान लिया गया तथा घटना के अनावरण हेतु प्रवीण कुमार, थानाध्यक्ष अजनर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित हुई पुलिस टीमों ने उक्त घटित घटना में सम्बन्धित घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया व विभिन्न महत्वपूर्ण साक्ष्यों का संकलन किया। विवेचना के दौरान घटना के संबंध में विभिन्न कडियों को जोड सुरागरसी-पतारसी की गई। जिसमें ज्ञात हुआ कि गांव सगुनियामाफ निवासी आरोपी प्रीतम राजपूत व आरोपी प्रेमचन्द्र राजपूत पुत्रगण स्व. जानकी राजपूत दोनो सगे भाइयों ने मिलकर ही उक्त मर्डर की घटना को अंजाम दिया है।

जिसके क्रम में आरोपी प्रीतम राजपूत जो ग्राम सगुनियामाफ के पास बने प्रतीक्षालय के पास भागने कि फिराक में था, को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के उपरान्त न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी प्रीतम राजपूत ने पूछताछ में बताया कि धरमपाल (मृतक) मेरी बहन के ऊपर गलत निगाह रखता था, इस वजह से शक के कारण मैने व मेरे भाई प्रेमचन्द्र ने मिलकर 25 जनवरी की रात्रि 09.00 बजे कुल्हाडी व बांका से प्रहार कर धरमपाल की मृत्यु कर दी थी व शव को अरहर के खेत में भेक दिया । घटना अंजाम देने के बाद मेरा भाई कहीं भाग गया था, आज मैं भी गांव छोडकर भागने की फिराक में था कि आप लोग ने पकड लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा है।

## राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर शोक सभा का आयोजन

**हमीरपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिले के सभी विकास खंडों पर चलाई गई। मंगलवार को इसका समापन प्रांतीय सचिव राहुल राय प्रजापति की अगुवाई में हुआ। स्थानीय गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर शोक सभा की गई।अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी ने व संचालन जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने किया। पूर्व विधायक जगदीश नारायण शर्मा ने कहा कि आज संविधान के नाम पर खिलवाड़ किया जा रहा है। राष्ट्रपिता की समाधि स्थल पर प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करने जाते हैं वही यहां गांधी पार्क पर सफाई भी नहीं कराई जाती है।

# सड़क हादसे में एक की मौत, छह घायल

**मुस्करा,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

टेंट का सामान लादकर जा रहा ट्रैक्टर हमीरपुर रोड पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिससे ट्रैक्टर ट्राली में सवार पांच लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। उधर दो दिन पूर्व रात करीब रात सात बजे बसवारी मौदहा मार्ग पर ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया।

थानाक्षेत्र के ग्राम मसगांव में बसवारी मौदहा रोड पर सड़क के किनारे खड़े ट्रैक्टर में बाइक सवार जनपद महोबा के थाना खन्ना के ग्योड़ी गांव निवासी राधाचरण (32) पुत्र दीनदयाल व उनके चाचा हरिनारायण पुत्र रामचरण टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस रात में दोनों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी लाई।

जहां इलाज के दौरान हरिनारायण की मृत्यु हो गई। राधा चरण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई भेजा गया। मृतक हरिनारायण के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है।वहीं मंगलवार को बिवांर कस्बा निवासी ट्रैक्टर चालक नीतू (26) पुत्र कामता ने बताया कि दोपहर एक बजे हमीरपुर रोड स्थित आरआर मैरिज गार्डन से टेंट का सामान लादकर अपने चार साथियों के साथ वापस कस्बा आ रहा था। बताया दो साथी ट्रैक्टर के अगल-बगल बैठे थे। जबकि दो साथी ट्रॉली पर बैठे थे। आरआर मैरिज गार्डन से कुछ ही आगे चलने पर फटन पुल के पास ट्रैक्टर का अगला पहिया अचानक निकलकर बाहर हो गया। जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर ही पलट गई। जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार सभी लोग घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर थाने के उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश पांडे फोर्स सहित मौके पर पहुंच गए और घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी मुस्करा पहुंचाया। साथ ही साथ जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर ट्राली को सीधा करते हुए सड़क से हटवा कर मुस्करा हमीरपुर मार्ग पर वाहनों का आवागमन चालू कराया। उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश पांडे ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली पलटने की घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

# हादसे में सटरिंग मिस्त्री की हुई मौत, तीन घायल

**पुलिस ने छानी की सीएचसी की 108 एंबुलेंस से चारों को जिला अस्पताल भेजा**



**पौथिया, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

सटरिंग का काम कर एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे चार लोगों को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई।

जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची ललपुरा पुलिस ने छानी की सीएचसी की 108 एंबुलेंस से चारों को जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं एक की हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर किया गया है। उधर चालक घटना के बाद ट्रक को पेट्रोल पंप पर खड़ा कर भाग निकला। थाना ललपुरा के ग्राम पंचायत कुम्हऊपुर के मजरा भटपुरवा गांव निवासी सुमित निषाद, (21) पुत्र जयराम, रामविशाल (25) पुत्र मुन्नी लाल निषाद, केवल सिंह (22) पुत्र महेश घनश्याम (25) पुत्र शम्भू दयाल निषाद मंगलवार को करीब तीन बजे कुंडौरा गांव में सटरिंग का काम कर एक ही बाइक से लौट रहे थे। तभी राठ हमीरपुर हाईवे पर सिकरी श्रमदान चौराहे के पास पीछे से तेज गति आ रहे ट्रक ने बाइक पर जोरदार टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। चालक आगे पेट्रोल पंप के पास ट्रक को खड़ा कर खेतों की ओर निकल गया। ललपुरा पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कराया है।

वहीं 108 एंबुलेंस के एलटी हरिओम सचान ने बताया कि सभी कुंडौरा से लौटकर भटपुरवा अपने गांव जा रहे थे। बताया कि हादसे में सुमित निषाद की मौत हो गई। वहीं रामविशाल की हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने कानपुर रेफर किया है। बताया सभी लोग सटरिंग का काम करते हैं।

# वर-वधु को आशीर्वाद देने पहुंचे एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर

**बेलाताल, महोबा। समृद्धि न्यूज**



जैतपुर के ब्लॉक परिसर में मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के तहत मगंलवार को आयोजित विवाह सम्मेलन में भारती संग बृजभूषण ,ज्योति संग श्याम सिंह, आरती संग मनीराम, विमला संग रामपाल, गीता देवी संग प्रकाश सहित 37 जोड़े दांपत्य जीवन के बंधन में एक दूजे के हुए। अलग-अलग मंडपों में वर-वधु ने वैदिक-मंत्रोच्चार के बीच हिंदू रीति-रिवाज से वैवाहिक बंधन में बंधकर जीवन भर साथ साथ रहने का वचन लिया। सम्मेलन में आए अतिथियों ने वर-वधु को विवाह प्रमाण पत्र व आशीर्वाद देकर सुखमय जीवन की कामना की। और उपहार स्वरूप आवश्यक समान भेंट किया।ब्लॉक परिसर में सुबह से ही वर व वधू पक्ष के लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सामूहिक समारोह में आए एमएलसी जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने बर व वधु को आशीर्वाद देने के बाद संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा यह महत्वाकांक्षी योजना चलाई जा रही है जिसमें समाज के वंचित तबके के लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं इसके साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि मोदी और योगी सरकार की बदौलत ही निशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है तथा प्रधानमंत्री आवास भी वंचित समुदाय को उपलब्ध कराये जा रहे हैं इसके साथ ही स्वच्छ जल के लिए हर घर नल से जल योजना भी चल रही है।

जिससे प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पानी पीने को मिल रहा है इसी क्रम में ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत ने कहा कि यह योजना एक सफल योजना हो चुकी है क्योंकि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से आर्थिक स्थिति से कमजोर वर्ग के परिवार अपनी कन्याओं की शादी समारोह में कर अपने धन की बचत कर रहे हैं इससे उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो रहा है अनावश्यक खर्चों में कमी आ रही है अंत मे कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों का ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत ने आभार प्रकट किया । मंच का कुशल संचालन महेंद्र कुमार राजपूत जिला उपाध्यक्ष भाजपा व पी डी पटैरिया ने किया।इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, संदीप पांडेय मंडल अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन, अभिषेक रावत प्रधान संघ अध्यक्ष जैतपुर, महेंद्र द्विवेदी, समाज कल्याण विभाग के सचिव मनीष त्रिवेदी,बीडीओ मूलचंद बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य रामस्वरूप श्रीवास ,रामभरोसी रैकवार,कमालपुरा ग्राम प्रधान मनोज राजपूत, रामनरेश राजपूत सचिव निज़ाम अली, बृजेश कुमार, जेई सूरज सिंह, रविन्द्र पटेरिया,जुबेर खान सहित ब्लाक कर्मचारी और भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नाली निर्माण के चलते पानी की टंकी ठप

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के इंगोहटा में नालियों के निर्माण के चलते पानी की टंकी ठप करा दिए जाने से एक सप्ताह से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिससे जनता पेयजल संकट से जूझ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह से पानी की टंकी ठप है, पेयजल आपूर्ति न होने से उन्हें दूर दूर लगे हैंडपंपों से पानी ढोना पड़ रहा है। जिससे हैंडपंपों में सुबह से लेकर शाम तक भीड बनी रहती है। एक एक बाल्टी पानी बड़ी मशक्कत से मिल पा रहा है। लोगों ने पानी की टंकी चालू कराकर पेयजल संकट से निजात दिलाने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है। वहीं नलकूप आपरेटर बच्चा प्रजापति ने बताया कि गांव के अंदर कई जगह नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। इस वजह से पेयजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### दो स्थानों पर छापेमारी कर पकड़े आठ जुआरी

**मौदहा।** जनपद में अपराध रोकने के आलाधिकारियों के आदेश पर अमल करते हुए थाना प्रभारी सिसोलर ने क्षेत्र के भुलसी और भैंसमरी में छापेमारी कर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे भुलसी निवासी सबी पुत्र शब्बीर,सददाम पुत्र हसमत,भूरा पुत्र जन्नती और कृष्ण कुमार पुत्र राम मनोहर सभी निवासी ग्राम भुलसी और भैंसमरी में छापेमारी कर राजकरन सिंह पुत्र शिवबालक सिंह,राममिलन वर्मा पुत्र स्वामीदीन,सुरेश यादव पुत्र मदनपाल यादव और भवानीदीन वर्मा पुत्र छोटा सभी निवासीगण भैंसमरी को गिरफ्तार किया है। दोनों फड़ो से पुलिस ने लगभग साढेतीन हजार रुपये बरामद कर सभी के विरुद्ध जुए की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### मेला ग्राउंड में हो रहे अवैध अतिक्रमण को रोकने की मांग

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खण्डेह निवासी रिजवाना, सलीम, कमरुद्दीन सहित अन्य कई लोगों ने उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके गांव में एक मेला ग्राउंड है जहां पर गांव के आटो आदि भी खड़े होते हैं। लेकिन गांव का जाकिर अली उक्त जमीन पर लेखपाल की मिलीभगत से अवैध निर्माण कर रहा है।जिसकी शिकायत उनके द्वारा की गई थी जिसपर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में कानूनगो सहित अन्य जिम्मेदारों ने जमीन की नापजोख कर मना किया था लेकिन उक्त जाकिर अली रात बिराद अवैध निर्माण कर रहा है और हैण्डपम्प उखाड़ को भी दीवार के अंदर कर लिया है। ग्रामीणों ने एसडीएम से अवैध निर्माण रुकवाने की गुहार लगाई है।

### मौसम में आया बदलाव, बारिश के बने आसार

**हमीरपुर।** मंगलवार को एक बार मौसम ने फिर पलटी मारी दिन में धूप जरूर निकली परंतु बेअसर साबित हुई। शाम 5:00 बजे तक आसमान में बादलों का डेरा जमा होने से बारिश के आसार नजर आने लगे थे। मंगलवार को मौसम में आए बदलाव से गलन भरी ठंड से थोड़ा राहत रही सुबह से धूप खिलने से लोगों ने राहत महसूस की लेकिन जैसे ही दोपहर हुई धूप का असर बेअसर हो गया और शाम होते ही आसमान में बादलों का डेरा हो जाने से बारिश के आसार नजर आने लगे थे। किसानों ने कहा कि अगर बारिश होती है तो फसलों को फायदा होगा और कीट पतंगों से निजात मिलेगी।

### व्यापारी की हत्या से आक्रोशित व्यापारियों ने दिया ज्ञापन

**चरखारी,महोबा।** विगत दिनों चरखारी तहसील के पनवाड़ी कस्बे में सर्राफा व्यापारी अजय कांत के साथ हुई लूट एवं इलाज के दौरान हुई व्यापारी की मृत्यु से पूरे जिले का व्यापारी आक्रोशित है, चरखारी के व्यापारियों द्वारा व्यापार मंडल अध्यक्ष की अगुवाई में घटना के खुलासे के लिए एसडीएम चरखारी डॉक्टर प्रदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया है कि 25 जनवरी 2024 को सायं काल के समय पनवाड़ी कस्बा निवासी सर्राफा व्यापारी अजयकांत सोनी अपने अधिष्ठान से घर जा रहे थे तभी बदमाशों द्वारा घात लगाकर उनके ऊपर हमला करके लूट की घटना को अंजाम दिया गया, विरोध करने पर उनके ऊपर फायर भी किया गया जिससे उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है व्यापारियों द्वारा बताया गया की घटना के 6 दिन पूरे हो जाने के बावजूद अभी तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

# ओडीएफ प्लस पंचायतों में लगा गंदगी का अंबार, कीचड़ से निकलना दूभर

**सुमेरपुर,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**



ओडीएफ प्लस पंचायतों में गंदगी का क्या आलम है इसका नमूना आपको ग्राम पंचायत विदोखर पुरई में देखने को मिल जाएगा। जहां एक वर्ष से ग्रामीण कीचड़युक्त रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत ब्लाक की ग्राम पंचायत विदोखर पुरई ओडीएफ प्लस में शामिल कर लाखों का बजट जारी किया गया है, लेकिन पंचायत में गंदगी का क्या आलम है इसका नमूना सर्वोदय जूनियर हाई स्कूल से लेकर पूर्व प्रधान चंद्रप्रकाश यादव के दरवाजे तक देखने को मिल जाएगा। कीचड़ से लबालब इस रास्ते में पिछले 1 वर्ष से लोग चलने को तरस रहे हैं। पूर्व प्रधान चंद्र प्रकाश यादव, ग्राम पंचायत सदस्य संदीप यादव, सुरेश यादव आदि ने बताया कि वह सदर विधायक, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य के सामने समस्या को रख चुके हैं। सभी ने जल्द रास्ता बनवाने का आश्वासन दिया, लेकिन अभी तक बनवाया किसी ने नहीं है। ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति ने बताया कि यह रास्ता नमामि गंगे पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने से खराब हुआ है। ठेकेदार से रास्ता बनवाने के लिए कहा है जल्द कार्य कराया जाएगा।

## नवागन्तुक बीडीओ ने पंचायतों की स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

**सुमेरपुर।** नवागन्तुक प्रभारी खंड विकास अधिकारी/ डिप्टी कलेक्टर ने चार्ज संभालने के बाद ग्राम पंचायतों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर उनमें मूलभूत आवश्यकताओं की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी है। मंगलवार को डिप्टी कलेक्टर शांतनु सिनसिनवार ने खण्ड विकास अधिकारी का चार्ज ग्रहण किया। इसके उपरांत एपीओ मनरेगा विकास चंद व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ.परवेज अहमद कादरी के साथ विदोखर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं इंगोहटा में संचालित मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण उपकेंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों में बेहतर सेवा देने के लिए कौन कौन सी मूलभूत आवश्यकताओं की जरूरत है।



## सपा ने कुरारा में आयोजित की पीडीए चौपाल

**हमीरपुर।** पीडीए पखवारा के तहत समाजवादी पार्टी ने कुरारा कस्बे में चौपाल आयोजित करके सपा की नीतियों से अवगत कराते हुए भाजपा से सावधान रहने की अपील की। लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी सपा पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों को एकजुट करने के उद्देश्य से पीडीए पखवारा चलाकर जगह-जगह चौपाल का आयोजन कर रही है। मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में कुरारा कस्बे में संपन्न हुई चौपाल में सपाइयों ने पार्टी की नीतियों से अवगत कराने के बाद भाजपा पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों के हितो पर निरंतर हमला करके उनको कमजोर बना रही है सपाइयों ने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करके लोगों के अधिकार छीनने की तैयारी में है।चौपाल को प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण सिंह यादव, नारायनदास अकेला, सुरेंद्र यादव, मैयाराम वर्मा, लक्ष्मी श्रीवास, अब्दुल हमीद, रणविजय सिंह आदि ने संबोधित किया।

## किसानों की समस्याओं को लेकर टिकैत गुट ने सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत गुट के जिला अध्यक्ष रामदास सविता की अगवाई में कलेक्ट्रेट गोल चबूतरे में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में बताया कि पूरे प्रदेश का किसान विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों से जूझ रहा है। किसानों की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए इसका हल निकाला जाना अति आवश्यक है। कहा कि एमएसपी पर कानून बनाया जाए। पूरे देश के किसानों को कर्ज मुक्त किया जाएं। केंद्र सरकार से जो मदद मिलती है उसे राज्य सरकार अपने संसाधनों से और बढ़ाएं। किसने की बेटियों की शादी के लिए शादी अनुदान की व्यवस्था की जाए।

# कुष्ठ रोग से जनपद को मुक्त करने की दिलाई शपथ



**मौदहा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त करने के अभियान में जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त करने की शपथ दिलाई। कस्बे की नगरपालिका और सरकारी अस्पताल में जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त करने के अभियान के तहत जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर शपथ दिलाई गई। शपथ में कहा गया कि कुष्ठ रोग असाध्य नहीं है इलाज द्वारा सही हो जाता है इस लिए हम सभी का दायित्व है कि कुष्ठ रोगियों की खोज करें।

क्योंकि इसे पहचाना भी आसान है और कुष्ठ रोगियों से किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए।तभी जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त किया जा सकता है।

# एसडीएम ने सीएचसी पहुंच देखी व्यवस्थाएं

**चुस्त दुरुस्त व्यवस्था मिलने पर जताई खुशी**

**राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**



सीएचसी की व्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे ने औचक निरीक्षण किया। उनके अस्पताल परिसर में आते ही सीएचसी में घूम रहे दलालों में भी हड़कंप मच गया। मेडिकल स्टोर के दलाल एसडीएम को देखते ही भाग खड़े हुए। एसडीएम ने सीएचसी पहुंच आयुष्मान केंद्र, दवा वितरण कक्ष, ओपीडी कक्ष व रजिस्ट्रेशन पर्चा काउंटर का निरीक्षण किया।

बता दें कि कस्बे के सीएचसी के बाहर संचालित हो रहे मेडिकल स्टोरों व उनके दलालों की ऐशगाह बन चुका है। मेडिकल स्टोरों के ज्यादातर संचालक दवाओं की दलाली में लिप्त हैं। मरीज के आते ही दलाल सक्रिय हो जाते हैं।

एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि अस्पताल के निरीक्षण में व्यवस्थाएं सही मिली। अस्पताल का स्टाफ मौजूद मिला। आयुष्मान कार्ड निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि मंगलवार 10 आयुष्मान कार्ड बन चुके थे। ओपीडी में 30 पर्चे भी काटे जा चुके थे। जिसमें से 20 लोग दवा भी ले चुके थे। मेडिकल स्टोरों के दलालों और उनके संचालकों की मौजूदगी के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें मेडिकल स्टोरों के दलालों की मौजूदगी की जानकारी नहीं थी। बताया कि इस संबंध में वह सीएचसी अधीक्षक से बात करेंगे साथ ही कहा कि सीएचसी में दलाली करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीएचसी के अधीक्षक डॉ.अखिलेश कुमार समेत स्टाफ मौजूद रहा।

# बीडीओ के स्थानांतरण पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

**सरीला, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड सरीला में तीन वर्ष कार्यकाल पूर्ण कर चुके खंड विकास अधिकारी रवि प्रताप चौधरी का स्थानांतरण हो जाने के बाद मंगलवार को ब्लाक में आयोजित विदाई समारोह में उनको फूल मालाओं से लाद कर भावभीनी विदाई दी गई विदाई समारोह में सभी ने उनकी मुक्त कंठ से सराहना की है। विकास खंड सभागार में आयोजित विदाई समारोह की अध्यक्षता कर रहे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि देवेन्द्र कुमार उर्फ जीतू राजपूत ने उनके कार्य व्यवहार की सराहना की और उन्हें सोने की अंगूठी व साल भेंट कर सम्मानित किया एपीओ जितेन्द्र कुमार एवं बड़े बाबू इमरान खान ने स्मृति चिन्ह भेंट किया सभागार में उपस्थित प्रधान, सचिव एवं रोजगार सेवकों ने उनको स्मृति चिन्ह भेंट कर फूल मालाओं से लाद दिया और उनके कार्य व्यवहार की मुक्त कंठ से सराहना की,वीडीओ रवि प्रताप चौधरी भी अपने मनोभावों को नहीं रोक सके और भाव विभोर होकर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सभी से जुड़े रहने की बात कही, वो ब्लाक सरीला में लगभग तीन साल तक रहे वो नौकरी के साथ ही आईएएस की तैयारी भी करना चाहते हैं।

**बयान** | **इस योजना से पुत्री की शादी में दिए जाते है 35 हजार रूपयेः सीडीओ**

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 29 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ

**पनवाड़ी,महोबा। समृद्धि न्यूज**

विकासखंड पनवाड़ी के ब्लॉक सभागार में मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कुल 30 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हुआ था। जिसमें 30 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया, इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने दूल्हा और दुल्हन को आशीर्वाद देते हुए उनकी सुखमय जीवन की कामनाएं की ,शादी का प्रमाण पत्र भी सौंपा इस सामूहिक विवाह में पनवाड़ी विकासखंड के 29 जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पंडित दीपक ब्यास आचार्य, पंडित अरुण दीक्षित आचार्य ने विवाह संपन्न कराकर उनकी विदाई की गई। शहर काजी अब्दुल हकीम के द्वारा एक मुस्लिम जोड़े का निकाह कराया। पनवाड़ी विकासखंड के ब्लॉक सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत ने रहे विधायक के साथ अंजना श्री प्रकाश अनुरागी ब्लॉक प्रमुख पनवाड़ी , प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष ग्राम प्रधान पनवाड़ी संजय द्विवेदी, डॉ मंगल सिंह महान, उपेंद्र द्विवेदी, श्री प्रकाश मिश्रा, संतोष विश्वकर्मा, संतोष अग्निहोत्री,



अलीपुरा प्रधान प्रतिनिधि बबलू रावत, नीरज द्विवेदी, , रवि पटेल दिदवारा ,बुडेरा प्रधान प्रतिनिधि मुरलीधर श्रीवास, सोरा प्रधान प्रतिनिधि रामाधीन अहिरवार, लोधी पुरा प्रधान प्रतिनिधि मुन्ना अहिरवार, रिछा प्रधान प्रतिनिधि, राजू राजपूत भरवारा प्रधान प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी, खंड विकास अधिकारी संतराम ,एडीओ पंचायत कमलेश अनुरागी ,सचिव निर्देश पटेल, रामआसरे यादव,सैफ खान , आलोक द्विवेदी, ,राहुल पाठक ,धर्मवीर अभिषेक चौरसिया, सचिव हरबंस अनुरागी, गणेश शंकर गुप्ता ,आदि ब्लॉक कार्यालय के स्टाफ सहित मौजूद रहा ,कार्यक्रम का संचालन कर रहे सचिव हरबंस कुमार अनुरागी ने किया इस मौके पर खंड विकास अधिकारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में जानकारी देते हुए ,बताया कि इस योजना से शासन द्वारा गरीब रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों की पुत्री की शादी में 35000 रुपए , दस हजार रुपए समान 6000 अन्य खर्च में किए जाते हैं।

वर बधु का ब्लॉक प्रमुख दंपति ने कन्या दान किया विधायक चरखारी ब्रजभूषण राजपूत,प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष ग्राम प्रधान पनवाड़ी संजय द्विवेदी एडीओ पंचायत कमलेश अनुरागी ने वर और बधू को आशीर्वाद दे नम आंखों से विदा किया।

# विकास कार्यों में तेजी लाएं मंडलीय अधिकारी: मंडलायुक्त

- आयुक्त देवीपाटन मंडल की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न
- आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अराजक तत्वों को चिन्हित किए जाने की करे करवाई: मंडलायुक्त
- राजस्व वसूली में लाए तेजी: मंडलायुक्त




**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**देवीपाटन मंडल** के आयुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार बलरामपुर में विकास कार्यो,कानून व्यवस्था,राजस्व वसूली की मंडलीय समीक्षा बैठक बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने सभी मंडलीय अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की सभी योजनाओं में अच्छा करते हुए सीएम डैश बोर्ड अच्छी रैंकिंग प्राप्त करें। उन्होंने कहा की मंडल के सभी जिलों में मशरूम की खेती को बढ़ावा दिया जाए। महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए जा लोकल उत्पादों की ब्रांडिंग की जाए। मंडल में पीएम आवास योजना एवं सीएम आवास योजना में प्रगति का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की नई सड़को में निर्माण की गुणवत्ता का निरीक्षण कर लिए जाए। सड़को पर छुट्टा जानवर/गोवंश ना दिखे, निराश्रित गोवंश स्थलों पर क्षमता के अनुसार गोवंश संरक्षित किया जाए। कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों समीक्षा के दौरान उन्होंने गैंगस्टर, भूमाफिया, को चिन्हित करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वन माफियाओं को चिन्हित किया जाए तथा तथा कड़ी कार्रवाई की जाए। महिला अपराधों में त्वरित कारवाही सुनिश्चित की जाए। आगामी लोकसभा के दृष्टिगत अराजक तत्वों को चिन्हित करते हुए निरोधात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गंभीर अपराधों में विवेचनाएं लंबित न रहे। कर करेतर की समीक्षा के दौरान उन्होंने राजस्व वसूली में तेजी ले जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की तीन व पांच वर्ष से अधिक के लंबित वादों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। भूमि विवाद में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डीआईजी देवीपाटन मंडल श्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी बलरामपुर श्री अरविंद सिंह, जिलाधिकारी गोंडा नेहा शर्मा,जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी,जिलाधिकारी श्रावस्ती कृतिका शर्मा, सभी जिला के पुलिस अधीक्षक,मुख्य विकास अधिकारी,विभिन्न विभागों के मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीदत्तगंज ब्लॉक में रोजगार मेले का आयोजन





**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**श्रीदत्तगंज ब्लॉक** परिसर में पण्डित दीन दयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संयुक्त मिशन निदेशक देवीपाटन मण्डल के राजेश राम ने की । ब्लॉक परिसर में मेले में स्टाल लगाकर रोजगार अभ्यर्थियों ने सम्बंधित काउंटर पर जाकर फॉम भरे एवं अपना अपना रजिस्ट्रेशन कराए मेले में 173अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन हुआ तथा रोजगार के लिए मेले में आए 20 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर भी वितरित किया गया। अभ्यर्थियों ने गोरखपुर प्रशिक्षण केंद्र बनाए जाने से काफी परेशान दिखे अभ्यर्थी बबली मिश्रा ने बताया कि उतनी दूर घर छोड़कर प्रशिक्षण किया जाना सम्भव नही है 10 हजार रुपये क्या होगा पूछने पर बबली ने बताया कि मैं गोरखपुर प्रशिक्षण देने नही जाऊंगी।सपना तिवारी ,एम ए शिक्षा प्राप्त करने के बाद रोजगार के आई थी तो वही मनोज गुप्ता आई टी आई ,अनुराधा,सिविल इंजीनियरिंग कोर्स करके रोजगार के भटक रही है।इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी सुमित सिंह,ए डी ओ कॉपरेटिव आनंद बाबू, मिशन के जिला प्रबन्धक सत्यम शुक्ला मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय बढ़या भैसाही में किया गया मासिक संकुल बैठक का आयोजन



**उतरौला बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**गैड़ास बुजुर्ग** विकास खंड के पुरैना बुलंद न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय बढ़या भैसाही में मंगलवार को मासिक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता एआरपी सीता राम ने किया। पांच पॉइंट टूल किट का उपयोग, समस्त शिक्षको द्वार निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से सभी बच्चो का माह में दो बार आँकलन, निपुण संवाद के उपयोग के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जाना, शिक्ष?को की दीक्षा, यू-ट्युब के माध्यम से साझा किये जा रहे शिक्षक प्रशिक्षण विडियो अवलोकन एवं प्रशिक्षण) स्थिति की समीक्षा, बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि हेतु डोर टू डोर अभिभावक सम्पर्क कैम्पेन, एमपीएन योजना के अन्तर्गत सुरूच पूर्व, पौष्टिक भोजन वितरण की समीक्षा, विद्यालय कायाकल्प के अन्तर्गत 19 पैरामीटर के सम्बन्ध में अघतन स्थिति, महानिदेशक द्वारा प्रेषित एजेंडा सहित अन्य आवश्यक महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा विस्तार से चर्चा किया गया। संकुल शिक्षक गंगा राम,मोहम्मद फिरोज, मनोज कुमार, पल्लवी, मोहम्मद हारुन, शिव कुमार,जगमोहन, भुवनेश प्रताप सिहं, इन्द्रा यादव, प्रेम चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अनाया कम्प्यूटर एन्ड सीसीटीवी कैमरा सेंटर का भव्य उद्घाटन

**उतरौला (बलरामपुर)।** विकास खण्ड रेहरा बाजार के अंतर्गत नया नगर बाजार में सीसीटीवी कैमरा एवं कम्प्यूटर उद्घाटन चन्द्रहास सिंह एवं प्रधान सरायखास गंगाराम वर्मा ने फीता काटकर किया। नयानगर बाजार में ऐसी दुकान खुलने से आसपास के लोगों को सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए बड़ी सुबिधा होगी।प्रो0दीपक सिंह (नीटू) ने बताया कि मेरा मकसद है आसपास के लोगों में जागरूकता फैलाना, जागरूक करना है।अब लोगों को सीसीटीवी कैमरों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। हमारे यहाँ पर सभी को उचित मूल्य पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने और सर्विस के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर राजेश यादव, विवेक सिंह, कौशल यादव, प्रदीप जायसवाल, ओमप्रकाश वर्मा, के डी मिस्र, बबलू जायसवाल, ओंकार सिंह, इंद्रजीत सिंह, बंशराज वर्मा, बेद प्रकाश वर्मा,प्रकाश टेलर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रणनीति बनाई जाए कि कोई भी बच्चा संघर्षशील की श्रेणी में न हो: डीएम

- डीएम ने विद्युत विभाग को दिये निर्देश-चिन्हित विद्यालयों से हाई टेंशन तार हटाना सुनिश्चित करें
- जिला स्तरीय टास्क फ़ोर्स की बैठक में डीएम ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिये निर्देश



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार को** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला स्तरीय टास्क फ़ोर्स की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि कायाकल्प योजना के तहत ब्लॉक कन्नौज की प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहीं प्रेरणा एप पर ब्लाक टास्क फोर्स गुगरापुर, हसेरन की स्थिति ठीक नहीं है। इसमें सुधार लाया जाए। डीएम ने कहा 330 विद्यालयों के सापेक्ष 190 विद्यालय निपुण है। ब्लॉक सौरिख में संघर्षशील बच्चों की संख्या अधिक है। रणनीति बनाई जाए कि कोई भी बच्चा संघर्षशील की श्रेणी में न हो। संघर्षशील की सूची शून्य हो, मध्यम, सक्षम की श्रेणी में बच्चों को लाया जाए। डीएम ने कहा कि हर न्याय पंचायत स्तर पर संकुल शिक्षक होते हैं और संकुल शिक्षक का कार्य बच्चों को निपुण बनाना हैं। उन्होंने तालग्राम में बच्चों की उपस्थिति कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग 1 महीने बाद विद्यालय बच्चे आ रहे हैं। बच्चों का अच्छे से रिवीजन कराये। कहा कि 7804 बच्चों का आधार बनना शेष है, जल्द से जल्द कार्य पूर्ण किया जाए। डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत विभाग चिन्हित विद्यालयों से हाई टेंशन तार हटाना सुनिश्चित करें। उन्होनें निर्देश दिये कि डीपीआरओ से समन्वय स्थापित कर विद्यालय के 100 मीटर परिधि में साफ सफई कराई जाए। उन्होंने कहा कि आरबीएसके टीम के विजिट दौरान विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत होनी चाहिए। बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत सम्बन्धित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# स्पर्श कुष्ठ रोगी जागरूकता अभियान में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. उत्कर्ष मिश्रा ने दिलाया शपथ



**उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**

**सुत्र चकत्ता** दाग निशान ,कुष्ठ रोग की है पहचान ,कुष्ठ रोग को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए स्वास्थय बिभाग ने कमर कस ली है आज पी एच सी रेहराबाजार मे स्वास्थ बिभाग के डाक्टर व कर्मचारियों ने स्पर्श कुष्ठ रोगी जागरूकता अभियान के तहत शपथ लिया ,प्रभारीचिक्तसाधिकारी डा उत्कर्ष मिश्रा व आर के मिश्रा एन एम ए ने बताया कि शासन के मंशानुरूप स्पर्श कुष्ठ रोगी जागरूकता अभियान आज से शुरू होकर 13 फरवरी तक गाँव गाँव ,स्कूल , व भीडभाड वाले स्थानो पर जागरूक करने के लिए 254 आशा , 32ए एन एम ,31सी एच ओ , 12 संगिनी व अन्य कर्मचारियों को लगाया गया है जो जागरूक करेगे , सुत्र चकत्ता व दाग के निशान होने पर सरकारी अस्पताल मे इलाज कराये कुष्ठ रोग इलाज से ठीक हो जाता है ,इस अवसर पर डा जाकिर डा उर्मिला ,डा कनकसिंह , डा केडी गौतम , आदि मौजूद रहे।।

# वाहनों की व्यस्तता और भीड़ के चलते आए दिन जाम के झाम में उतरौलावासी



**उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**

**कुछ समस्याएं** ऐसी हैं जिसके निराकरण को लेकर लंबे समय से लोग मांग करते आ रहे हैं, पर उन्हें हल करने की दिशा में कोई कारगर कदम अब तक नही उठाया जा सका यहां पर नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे से मुख्य बाजार को जाने वाली मार्ग इसका जीता जागता प्रमाण है जहां शायद ही कोई दिन ऐसा रहता हो जब वाहनों की व्यस्तता और भीड़ के चलते जाम के हालात न बनते हों।आलम यह है कि जाम के झाम में घंटों फंसे वाहन चालक दुश्वारियों का सामना करने को मजबूर हैं। नगर क्षेत्र के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे से कस्बे में जाने वाली मुख्य मार्ग व तहसील गेट तक पटरियों के दोनों ओर दुकानदारों के अतिक्रमण के चलते मार्ग सकरा हो गया है वहां सड़क के दोनों ओर पटरियों पर बैठे सब्जी,फल,व ठेला,खुमचे वाले विक्रेताओं के चलते वाहनों के आवागमन में लोगों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन के समय में वाहनों की तादाद बढ़ जाती है तो वहां प्राय- जाम के हालात बन जाते हैं। और ऐसा दिन में अनेको बार होता है जब जाम में फसे लोग लंबी जद्दोजहद के बाद थोड़ी सी दूरी तय कर पाते हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार उक्त मार्ग पर लगने वाले जाम के निराकरण के लिए आवाज भी उठाई यहां तक कि बीच बीच में कई बार पालिका प्रशासन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण अभियान के दौरान सड़क के दोनों ओर बैठने वाले सब्जी विक्रेताओं को हटाया भी गया लेकिन बाद में फिर स्थितियां जस की तस बन गई और मौजूदा समय में स्थिति यह है कि उक्त सड़क पर वाहनों ,ई रिक्शा की भरमार होने के कारण आए दिन जाम का शिकार हो जाते हैं और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदारों को इस मामले में गंभीरता के साथ लेकर इसका निराकरण कराना जरूरी है ताकि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सकें। इस संबध में नपा ईओ राजमणि वर्मा का कहना है कि जल्द ही एलाउंसमेन्ट कराकर पुलिस का सहयोग लेकर अवैध अतिक्रमण हटवाया जाएगा जिससे नगर अतिक्रमण मुक्त हो।

## खबरें एक नजर में

### रेलवे स्टेशन स्थापना दिवस एक फरवरी को

- रेलवे स्टेशन ए.सी.सी. सदस्य बने अनुराग गुप्ता



जानकारी देते जेडआरयूसीसी सदस्य राज शर्मा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के स्थापना दिवस एक फरवरी को रेलवे स्टेशन परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि राज शर्मा सदस्य जेडआरयूसीसी पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर द्वारा केक काटकर मनाया जायेगा। यह जानकारी मंगलवार को जेडआरयूसीसी सदस्य राज शर्मा नें दी। बताया कि 01 फरवरी सन 1881 को इस रेलवे स्टेशन की स्थापना कराई गई थी। जिसका 143 वां स्थापना दिवस एक फरवरी को केक काटकर मनाया जायेगा। उधर रेलवे बोर्ड इज्जतनगर द्वारा नगर निवासी भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता को गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन परामर्शदात्री का सदस्य मनोनीत किया गया। रेलवे स्टेशन परामर्शदात्री का सदस्य मनोनीत होनें की खबर पर नागरिकों व शुभचिंतकों ने फूलमालाये पहनाकर स्वागत किया।

### एआईएमआईएम ने उठाई दिव्यांगों की आवाज



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष व अन्य

- जिलाध्यक्ष ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के वलिदान-दिवस के मौके पर एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों के साथ दिव्यांगजनों की आबाज बुलंद करते हुये जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सदर उपजिलाधिकारी को सौंपकर मानदेय बढाये जानें की मांग की है। मंगलवार को एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इशरत खॉन नें पदाधिकारियों व दिव्यांगजनों के साथ एसडीएम अविनाश कुमार गौतम को ज्ञापन सौंपनें के उपरान्त बताया कि दिव्यांगजनों को एक हजार रुपये मानदेय भत्ता मिलता है। उसे बढ़ाया जाये और उनकों रोजगार दिलाया जाये। इस दौरान बड़ी तादाद में जिले के तमाम दिव्यांगजन सहित एआईएमआईएम के जिला प्रमुख महासचिव वसीम खान उवैसी, जिला विधानसभा सदर कन्नौज खालिद ओवैसी, जिला सचिव हारून अली, दिव्यांग जिला विकलांग संघर्ष संगठन समिति संयोजक अब्दुल अलीम अली, दिनेश इशहाक, इरशाद, योगेंद्र सिंह कुशवाहा, सलमान, शाकिर, जागेश्वर, रामऔतार आदि मौजूद रहे।

# देश के युवा बापू के बताए मार्ग पर चलने का लें संकल्प: नवाब सिंह

- पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में समाजवादियों ने गांधी चबूतरा पर एकत्र होकर रामधुन का गायन कर महात्मा गांधी को किया याद



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**महात्मा गांधी** की पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में सपाईयों ने शहर के मोहल्ला ग्वाल मैदान स्थित गांधी चबूतरा पर पहुंचकर साफ-सफाई कर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने देश की एकता और अखंडता के लिए रामधुन रघुपति राघव राजा राम का गायन कर गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने अपने सम्बोधन में बापू के बताए गए मार्ग पर चलने के लिए युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने ऐसे भारत की परिकल्पना की थी, जिसमे सभी जाति धर्म के लोगो में किसी भी प्रकार की बैमनश्यता न हो, परन्तु बापू ने जो सपना देखा था आज हम उनके बताए गए मार्ग से भटक गए हैं और एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए हैं। कहा कि धर्म और जाति की राजनीति के जाल में ऐसे फसे कि एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए हैं। श्री यादव ने कहा कि गांधी जी के सपने को तार तार किया जा रहा है। दिखावे में सभी गांधी जी का सम्मान कर रहे हैं, परंतु उनके बताए गए मार्ग पर चलने के लिए कोई तैयार नहीं दिखाई दे रहा है। श्री यादव ने कहा कि इसलिए आज के दिन हम युवाओं से आह्वान करते हैं कि बापू के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लें। यही संकल्प बापू के लिए सही मायने में श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर विनोद यादव, प्रमोद यादव, अमित मिश्रा, मनोज कठेरिया, सभासद सुरेन्द्र कुशवाहा, सत्येंद यादव, हरिपाल राजपूत, राजेश यादव, वीरपाल सभासद, अन्नू तिवारी, रानू सक्सेना, रमेश यादव, धर्मवीर पाल, संजीव मिश्र, देवराज यादव, नीरज यादव, सुरजीत, रंजीत दिवाकर, नंद कुमार कुशवाहा, अतुल मौर्य, गौतम कुशवाहा, रामवीर कठेरिया, सौरभ शर्मा समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान चलाकर दी जानकारी

- महिलाओं को हेल्प नंबरों से अवगत कराया



महिलाओं को जागरूक करतीं महिला आरक्षी प्रियंका

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो सहित सार्वजनिक स्थानों पर मिशन शक्ति अभियान चला कर महिलाओं एवं छात्रों को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में महिला आरक्षी प्रियंका, राखी, रोशनी बालियान, विजय सिंह आदि ने नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, रेलवे रोड, रेलवे स्टेशन, रामगंज आदि स्थान पर आने जाने वाली महिलाओं एवं छात्राओं को शासन द्वारा चलाई जा रही वूमेन पावर लाइन 1090, डायल 112, ऑपरेशन कवच की जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि स्थानीय कोतवाली परिसर में स्थापित महिला हेल्प डेस्क में मौजूद महिला अधिकारी को अपनी समस्या बताकर निस्तारण करायें। बताया कि महिलाओं एवं छात्राओं की पहचान गुप्त रखी जाएगी। कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के चलते अराजक तत्वों में हड़कंप मच गया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 447 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सभी वर्गों के गरीबों के लिए हो रही लाभकारी: कैलाश राजपूत
- वैदिक मन्त्रोचार के बीच विधि विधान से हिन्दू जोड़ो का संपन्न हुआ विवाह, वहीं मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज से संम्पन कराया गया विवाह

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**मंगलवार को** जिले में मुख्यमन्त्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 447 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। तिर्वा स्थित डीएन कालेज परिसर में आयोजित हुए समारोह में 134 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें 130 जोड़े हिन्दू एवं 04 जोड़े मुस्लिम समुदाय के थे। वही तथा छिबरामऊ स्थित नेहरू डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित हुए कार्यक्रम में 128 जोड़े तथा विकास खण्ड तालग्राम स्थित डा. हरिश्चंद्र मैरिज हॉल सराय प्रयाग में 69 जोड़े एवं सौरिख क्षेत्र स्थित किरण मैरिज होम खडनी व हसेरन के 116 जोड़ो का विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत व छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सभी वर-वधू को नव दाम्पय जीवन में प्रवेश करने की बधाई और आर्शीवाद दिया।

तिर्वा क्षेत्र स्थित डीएन इण्टर कालेज में आयोजित हुए मुख्यमन्त्री सामूहिक विवाह में मौजूद तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने वर-वधू को वैवाहिक जीवन की बधाई एवं आर्शीवाद देते कहा कि केंद्र व राज्य सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। कहा कि इस योजना के माध्यम से ऐसा भव्य कार्यक्रम हो रहा है जिसकी भव्यता अलग ही प्रतीक हो रही है। और यह हर्ष का विषय है जब राम मंदिर 500 साल बाद बनकर तैयार हुआ और प्रधानमंत्री मोदी ने शुभ मुहूर्त में वेदों उच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा की। और इस शुभघड़ी के अवसर पर आज के दिन शादी विवाह संपन्न हो रहे हैं। यह बहुत ही सौभाग्यशाली अवसर है। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने विवाह समारोह के मांगलिक क्षणों में सभी वर-वधुओं को आर्शीवाद एंव शुभकामनाऐं दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से असंख्य लोगों का विवाह हो रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। कहा कि यह योजना समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों एवं कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति पर डीएम ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर डीसी मनरेगा दयाराम यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, ब्लाक प्रमुख सहित अन्य संबंधित अधिकारी एंव जनप्रतिनिधियों के साथ ही वर-वधू व उनके पारिवारिकजन मौजूद रहे। छिबरामऊ स्थित नेहरू डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित हुए विवाह समारोह में मौजूद छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय ने वर व वधू को शुभाशीष देते हुए खुशहाल नवदाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर तमाम गणमान्यजन व सम्बन्धित अधिकारीगण तथा वर व वधू पक्षों के परिजन मौजूद रहे।





## चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया गया

**कन्नौज।** शहर के बस्तीराम मोहल्ला स्थित एक गोदाम से दीवार काट कर लाखो का सामान पार करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।पुलिस ने विभिन्न धाराओं में राजेश चौहान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कटरा मोहल्ला निवासी शेखर गुप्ता की गोदाम मोहल्ला बस्तीराम में है।इस का नरेंद्र सिंह चौहान से विवाद चल रहा है।मामले का वाद न्यायालय में विचाराधीन है।न्यायालय ने शेखर गुप्ता को स्टे दे रखा है।सोमवार करीब 3बजे राजेश चौहान पुत्र नरेंद्र सिंह दरवाजा तोड़ दिया तथा दीवार काट दी गोदाम में रखी मैदा,चीनी आदि ट्रैक्टर में भर कर ले गए।जब उन्हें न्यायालय का स्टे दिखाया तो मानने से इनकार कर दिया।गली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।अर्पित गुप्ता पुत्र शेखर गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# खबरें चलते-चलते

## 580 ग्राम अवैध नशीला सहित गिरफ्तार किया गया

**छिबरामऊ सौरिख कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संसार सिंह के मार्ग दर्शन मे, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ, ओमकारनाथ शर्मा के पर्यवेक्षण मे थाना सौरिख पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अभि0 राहुल उर्फ शिवप्रताप पुत्र सरमन सिंह यादव निवासी ग्राम सरफापुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज उम्र करीब 24 वर्ष को एक पन्नी में लगभग 580 ग्राम अवैध नशीला शाहित गिरफ्तार किया गया। उ0नि0 राज कुमार गौतम मय हमराह दौलतराम व निक्की कुमार के देखरेख क्षेत्र शान्ति व्यवस्था मे मामूर थे तभी खिरियापुल से करीब 50 मीटर पहले थाना सौरिख जनपद कन्नौज पर अभि0 राहुल उर्फ शिवप्रताप पुत्र सरमन सिंह यादव निवासी ग्राम सरफापुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज उम्र करीब 24 वर्ष को एक पन्नी में लगभग 580 ग्राम अवैध नशीला पाउडर (डायजापाम) के साथ गिरफ्तार कर थाना सौरिख पर मु0अ0सं0धारा 21/22 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा गया।

## शाकाहारी जीवन का संकल्प ही गुरु दक्षिणा



**छिबरामऊ कन्नौज।** बाबा पंचम सिंह जनता इंटर कॉलेज नगला लक्ष्मण रामपुर हृदय शंकरपुर में जय गुरुदेव सत्संग सुनाया गया गुरु गुरु संदेश सुनते कश्मीर सिंह जी छिबरामऊ ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह जी के द्वारा भक्तों को तमाम अच्छे विचार गुरु संगति में रहकर शाकाहारी बनेपांडाल में उपस्थित जन समूह को शाकाहारी सदाचारी जीवन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जब से समाज में मांसाहार बढ़ा है तब से बीमारियां बहुत बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि हमारा यही निवेदन है कि आप शाकाहारी हो जाएं, यही आपकी गुरु दक्षिणा है। इसके पश्चात महाराज ने सभी भक्तों पर नामदान की अमृत वर्षा की।

## अभाविप के कार्यकर्ताओं ने गाँधी जी को किया याद

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताआं ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प एवं माला पहनाकर श्रृद्धाजंलि अर्पित कर गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अभाविप के पूर्व संयोजक दीपक ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में से एक महात्मा गांधी थे। सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर उन्होंने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। कोई उन्हें बापू कहता है तो कोई देश का राष्ट्रपिता। दोनों का अर्थ एक ही है, उन्हें हर भारतीय के पिता के रूप में देखा जाता है, जिन्होंने सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर आजादी की जंग लड़ी। आजादी मिलने के कुछ महीनों बाद 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी को नाथूराम गोडसे ने को गोली मार दी। इतिहास में 30 जनवरी का दिन गांधी जी की पुण्यतिथि के तौर पर हमेशा के लिए दर्ज हो गया। हर साल 30 जनवरी को गांधी जी की पुण्यतिथि के साथ ही शहीद दिवस भी मनाया जाता है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन धारण कर गांधी जी को श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पवन कुमार, शिवा, सचिन यादव, शैलेन्द्र, चंदन, राजू तिवारी, अर्पित, विपिन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 116 जोड़े प्रणय सूत्र में बंधे

- ब्रांडेड कंपनी के उपहार के स्थान पर लोकल कंपनी के उपहार दिए गए
- शादी समारोह में बासी खाना लाभार्थियों को बांटा गया

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**मुख्यमंत्री सामूहिक** विवाह योजना में 116 जोड़ा प्रणसूत्र में बंद जिसमें दो मुस्लिम समाज के जोड़ों का कराया गया निकाह। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आज शहर के नेहरू महाविद्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 116 बर बाधुओं को परिणय सूत्र में बांधा गया दो जोड़ा मुस्लिम समाज का निकाह कबूल कराया गया शासन की तरफ से पुरस्कार बतौर जो सामान ब्रांडेड कंपनी का आना चाहिए था उसके स्थान पर लोकल माल देकर की गई खाना पूरी शादी समारोह में लाभार्थियों के लिए भोजन में भी की किया गया भेदभाव बासी भोजन कर लंच पैकेट लाभार्थियों को दिया गया जब वीडियो खंड विकास अधिकारी नरेंद्र देव से बासी खाना के बारे में जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय से आया हुआ है हमें इसके बारे में कुछ जानकारी नहीं है उपहार के बारे में जानकारी की गई तब खंड विकास अधिकारी ने बताया कि उपहार भी जिला मुख्यालय टेंडर के जरिए आए हुए हैं जो आया है वह दिया जा रहा है जब पत्रकारों द्वारा शामिल हुए जोड़ों से पूछताछ की गई तो तीन जोड़ा पंडाल से उठकर फरार हो गए जिसकी जानकारी भी खंड विकास अधिकारी को दी गई ही ठंड विकास अधिकारी ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# भाकियू नेता ने पुलिस पर सांठगांठ का जताया संदेह

छिबरामऊ कन्नौज। तालग्राम देहात में व्याप्त भ्रष्टाचारों के विरोध में लगातार न्याय के लिए उठाई जा रही आवाज के मामले में भाकियू नेता ने एक बार पुनः तालग्राम पुलिस की जांच व कार्यशैली पर सांठगांठ का आरोप जताते हुए सवाल खड़े किए हैं। भाकियू (स्वराज) जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा पुष्पेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि पूर्व से ही संघर्षरत प्रकरण में उन्होंने तालग्राम-इंदरगढ़ रोड पर आई.टी.आई. के निकट कुछ लोगों द्वारा ÷रोड कंट्रोल एक्ट÷ का उल्लंघन कर, किए जा रहे निर्माण को रुकवाने एवं नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने के संबंध में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्गत नोटिसों का हवाला देते हुए रजिस्टर डाक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को शिकायत की थी, जो की आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर भी दर्ज हुई, जिसकी शिकायत संदर्भ संख्या-20016024000674 है। उक्त शिकायत की जांच थानाध्यक्ष तालग्राम को प्रेषित की गई थी जो की दरोगा ज्योति गौर द्वारा कराई गई। जिसमें जांच अधिकारी दरोगा ज्योति गौर द्वारा उक्त शिकायत से अलग हटकर अन्य प्रकरण से सम्बन्धित गलत एवं भ्रामक आख्या लगाकर शिकायत का निस्तारण किया गया। जबकि लगाई गई आख्या का उक्त शिकायत से दूर-दूर तक का कोई वास्ता या जिक्र भी नहीं है। जिसके चलते भाकियू स्वराज जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा पुष्पेन्द्र सिंह राठौर ने तालग्राम पुलिस व दरोगा की जांच एवं कार्यशैली पर संदेह जताते हुए सांठगांठ का आरोप लगाया है एवं उच्च अधिकारियों से ट्विटर के माध्यम से शिकायत की पुन־ निष्पक्ष जांच कराने के साथ-साथ संबंधित जांच अधिकारी की विभागीय जांच की भी मांग की है।

# शैक्षिक विकास में सहायक है स्मार्टफोन: मयंक गुप्ता



- एबी महाविद्यालय में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि नें वितरित किये स्मार्ट फोन

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**उच्च शिक्षा** प्राप्त कर रहे युवाओं के शैक्षिक विकास के लिये स्मार्ट फोन सहायक हैं। इसके माध्यम से विद्यार्थी सभी प्रकार के कम्प्टीशन में प्रतिभाग कर सकेंगे। भाजपा सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनानें एवं डिजीटल भारत के निर्माण पर कार्य कर रही है।

यह बात मंगलवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित अमतुन्ना बानो महिला महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द सशक्तिकरण योजना के तहत छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करनें के उपरान्त पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता नें कही। इस दौरान महाविद्यालय की प्रबन्धक रिजवाना सिद्धीकी नें कहा कि आज का युग तकनीकी शिक्षा से अधिक प्रभावित है। इसलिये छात्र-छात्राओं को स्कूली शिक्षा के साथ साथ तकनीकी ज्ञान का होना अति आवश्यक है। जिससे उनका चौमुखी विकास हो सके। डॉ रुवी वर्मा नें जानकारी देते हुये बताया कि 180 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान किये गए है। इस दौरान डॉ0 पूजा श्रीवास्तव, डा0 साधना, नूरुल शम्स, नाजनीन, स्मृति दीक्षित, नीतू सिद्दीकी, प्रीती यादव, अमित चौरसिया, जमाल खान, महफूज खान, गिरीश चंद्र, मुदसिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक शिक्षक बैठक संपन्न

- बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज

**मंगलवार को** क्षेत्र के अलीनगर स्थित अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह 2024 एवं शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधनारायण ने बताया कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत विभिन्न हकदारियों आदि पर निगरानी की व्यवस्था सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने एवं 6 से 14 वयवर्ग के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन उपस्थिति एवं ठहराव सुनिश्चित करने अधिगम स्तर आदि को बढ़ावा देने आदि पर विचार विमर्श करने को लेकर के विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डीबीटी योजना निपुण भारत अभियान ऑपरेशन कायाकल्प शारदा अभियान दिव्यांग बच्चों हेतु समर्थ कार्यक्रम एमसी के कार्य एवं दायित्व आदि पर चर्चा परिचर्चा की गई। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए प्रतिभागी बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रगति कुमार, सिराज अहमद, पंकज सिंह रावेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान उर्मिला बाथम एसएमसी अध्यक्ष धनदेवी, अशोक कुमार रामबेटी, आयशा बेगम, सोनीदेवी, संतोष कुमार सहित आदि रहे।



प्रशस्ति पत्र के साथ मौजूद बच्चें व शिक्षक, अभिभावकगण

# प्राण प्रतिष्ठा की शोभायात्रा पर नागरिकों ने की पुष्पवर्षा

- सती माता मंदिर परिसर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**नगर के** मोहल्ला रामगंज स्थित मनसा देवी मंदिर एवं गांधीनगर स्थित शिव मंदिर में स्थापना से पूर्व नगर के सती माता मंदिर में आचार्यो नें विधि विधान से दुर्गा माता, गौरी मैया, शिवजी, नंदी महाराज, राम दरबार, राधा कृष्ण, हनुमान जी सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की शोभायात्रा को नगर के प्रमुख मार्गो से बडे ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। जिसमें सैकडों की संख्या में महिला पुरुष भक्तों नें जय श्री राम का उदघोष कर नगर का माहौल भक्तिमय कर दिया।

मंगलवार की दोपहर नगर के सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर से वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता व पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी की अगुवाई में प्रतिनिधि मयंक गुप्ता सहित सैकडों भक्तों नें सजीव झांकियों के साथ प्राण प्रतिष्ठा शोभायात्रा नगर के जीटीरोड, तिर्वारोड, चकोर रोड पर निकाली गई। जिसमें डीजे की भक्तिमय धुनों पर युवा जयकारें लगाकर थिरकते नजर आये। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर घरों की छतों से प्राण प्रतिष्ठा शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। जिसके बाद शोभा यात्रा का समापन सती माता मंदिर में हुआ। शोभा यात्रा के समापन के बाद मंदिर के बाहर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकडों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान नीरज मिश्रा, राजीव ठाकुर, देवेन्द्र देव, विनय वर्मा, अमरदीप मिश्रा, संजीव गुप्ता उर्फ संजू, धर्मेंद्र कौशल, मानव गुप्ता, हरिओम गुप्ता, विकास गुप्ता, अनुराग गुप्ता, संजीव गुप्ता टीटू, विनोद गुप्ता, गौरव वर्मा, रामकुमार पाठक, धर्मेंद्र शुक्ला, विजय दुवे, अमन कठेरिया, मनोज गुप्ता, अजय दीक्षित, केतन गुप्ता, मोनू गुप्ता सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान शांति व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा दल बल के साथ मौजूद रहे।



शोभायात्रा में मौजूद पालिकाध्यक्ष व पूजा करते समाजसेवी

**न्याय यात्रा** | कांग्रेसियों ने गांधी जी को किया याद, गांधी चबूतरा पर रामधुन गायन कर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का किया समापन

# गांधी जी के आदर्शों पर चलकर, अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का काम करें: विजय मिश्र

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**महात्मा गांधी** के शहादत दिवस के अवसर पर मंगलवार को प्रत्येक ब्लॉक के न्याय पंचायत सेंटरों एवं नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई ÷भारत जोड़ो न्याय यात्रा÷ मकरंदनगर स्थित जिला कांग्रेस पार्टी कार्यालय पहुंची। यहां सभी कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता भारी संख्या में एकत्र होकर शहर के माता फूलमती मंदिर मार्ग से होते हुए लाखन तिराहा से नगर पालिका रोड होते हुए ग्वाल मैदान स्थित गांधी चबूतरा पहुंचे। यहां कांग्रेसियों ने गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष रामधुन गायन कर गांधी जी की प्रतिमा पर श्रृद्धासुमन अर्पित किए। वहीं पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में ÷भारत जोड़ो न्याय यात्रा÷ का समापन किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा समेत कांग्रेसी नेताओं ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर गांधी जी के कृतित्व एवं व्यकितत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शो पर चलते हुए देश के संविधान को बचाने के लिए देश में कांग्रेस पार्टी की सत्ता लाने के लिए कांग्रेस के एक-एक सिपाही को मजबूती के साथ खड़ा होना होगा। श्री पालीवाल ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के नायक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के 14 फरवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने पर समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उनका भव्य स्वागत करें। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास ऐसा अतुलनीय इतिहास व देश को आजाद कराने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी है, जबकि सत्तारूढ़ पार्टी में एक भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसने देश की आजादी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो। उन्होंने कहा कि गांधी जी के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए अनुशासन के साथ हम आगे बढ़ने का काम करेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश चंद दुबे, मोहम्मद तारिक वशीर जिला उपाध्यक्ष, आकाश बाबू कटियार जिलाध्यक्ष निशक्तजन प्रकोष्ठ, शमशाद आलम जिला सचिव, अंबुज शुक्ला युवा जिलाध्यक्ष, अमोल दीक्षित, किरन गिहार, इमरान खान, अशोक कनौजिया, राम भरोसे कमल, इमरान अली, मोहम्मद आमिर अंसारी, मोहम्मद शाकिर समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# फर्रुखाबाद से डा. नवल किशोर शाक्य लोकसभा प्रत्याशी घोषित

- सपा ने 16 प्रत्याशियों की सूची की जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आगामी लोकसभा** चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए अब तक पीडीए के नाम पर एकजुट मतदान हो, इसके लिए समाजवादी पार्टी ने अब तक 16 प्रत्याशियों की घोषणा की है। जिसमें फर्रुखाबाद 40वीं लोकसभा क्षेत्र से नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी घोषित किया गया है। वहीं अन्य फिरोजाबाद से अक्षय यादव, संभल से शफीकुर्र रहमान बर्क, मैनपुरी से डिम्पल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बदायूं से धर्मेन्द्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनन्द भदौरिया, उन्नाव से अनु



डॉ0 नबल किशोर शाक्य

टण्डन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा और फर्रुखाबाद से डा0 नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद को प्रत्याशी बनाया गया है। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने दी है। डा0 नवल किशोर के नाम की जैसे ही जानकारी समर्थकों को हुई तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गयी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का धन्यवाद करते हुए समर्थकों ने फूल मालाओं से डा0 नवल किशोर शाक्य का स्वागत किया।

सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने बताया कि डा0 नवल किशोर शाक्य के प्रत्याशी घोषित होने पर पार्टी में खुशी की लहर है। जनता उन्हें चुनाव जीताकर लोकसभा भेजेगी। डा0 नवल किशोर शाक्य का जिला कार्यालय पर स्वागत किया जायेगा और पूरी दमदारी से चुनाव लड़ा जायेगा।

## डीएम संजय कुमार सिंह का तबादला, बीके सिंह होंगे नये जिलाधिकारी



नवागन्तुक डीएम बी.के. सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार ने देर रात कई जिलों के डीएम को बदल दिया है। डीएम संजय कुमार सिंह प्रथम को जनपद रामपुर भेजा गया है, जबकि सरकार ने राज्य संपत्ति अधिकारी बी0के0 सिंह को फर्रुखाबाद का डीएम बनाया है। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह नें बीते 25 अक्टूबर 2021 को फर्रुखाबाद के जिलाधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह जिले में करीब 27 महीने तक रहे।

# बारह देशी, आठ विदेशी तथा दो बीयर की दुकानों का हुआ ई-लाटरी से आवंटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**वित्तीय वर्ष** 2024-25 के लिए देशी शराब की फुटकर दुकानों का ई-लाटरी के माध्यम से आवंटन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। राजेपुर स्थित दुकान पदमा के नाम, नीबकरोरी की दुकान रवींद्र के नाम, खिमसेपुर स्थित दुकान श्यामा देवी, धंसुआ बेवर रोड स्थित दुकान मनोज कुमार, बघौना स्थित दुकान मुनेश्वरी देवी शुक्ला, निसाई स्थित दुकान रंजना अवस्थी, ईमादपुर सोमवंशी की दुकान भोजराज चेतवानी, न्यामतपुर की दुकान जागेश्वर सिंह, भरतपुर की दुकान गीता तोमर, दारापुर की दुकान मुरारी लाल अवस्थी, महोई की दुकान सतेंद्र सिंह तोमर, बहादुरपुर की देशी शराब की दुकान विजय अग्रवाल के नाम आवंटित की गयी। वहीं अंग्रेजी शराब की कमालगंज स्थित दुकान शिवम, गैसिंगपुर स्थित दुकान मनोज कुमार, मदनपुर स्थित दुकान मयंक मित्तल, खिमसेपुर (ए) स्थित दुकान ध्रुव पाण्डेय, सिवारा खास की दुकान मुन्नी देवी, राजेंद्र नगर की दुकान किरन कान्ती, मेरापुर की दुकान विनोद कुमार तथा खिमसेपुर (बी) की अंग्रेजी शराब की दुकान पल्लवी गुप्ता के नाम आवंटित की गयी। वहीं बीयर की दुकानों में बढ़पुर स्थित दुकान विमल सिंह तथा राजेपुर स्थित बीयर की दुकान गीता तोमर के नाम आवंटित की गयी।



ई-लॉटरी प्रक्रिया के दौरान मौजूद शराब कारोबारी

# अवकाश पर गांव आये कैंसर से पीड़ित एसआई की मौत

**कायमगंज/कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** अवकाश पर घर आए कैंसर से पीड़ित दारोगा की हालत बिगड़ गयी। स्वजन उन्हें सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डॉक्टर ने दारोगा को मृत घोषित कर दिया। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी 59 बर्षीय सुरेश सिंह यादव दारोगा के पद पर लखनऊ में मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात थे। वर्तमान समय में वह कोतवाली कायमगंज के गांव शिवरई बरियार में रह रहे थे। स्वजनों के अनुसार वह लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। उनका इलाज कानपुर स्थित रीजेंसी



मृतक एसआई का फाइल फोटो

अस्पताल से चल रहा था। कुछ दिन पूर्व वह अवकाश लेकर घर आए थे। मंगलवार दोपहर हालत बिगड़ने पर स्वजन उन्हें सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डॉक्टर ने दारोगा को मृत घोषित कर दिया। स्वजन शव लेकर घर चले गए। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। मृतक की पत्नी शीतला देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के एक पुत्र रत्नेश व दो पुत्रियां संध्या व नेहा हैं। स्वजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेज दिया। थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# मिशन कम्पाउण्ड के खेल मैदान के पास पड़ा मिला शिशु का कटा सिर

- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सिर को लिया कब्जा में, की लोगों से पूछताछ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मिशन कम्पाउण्ड** के खेल मैदान के पास फुटपाथ पर नवजात शिशु का कटा सिर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा कटे हुए सिर को कब्जे में लिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को मिशन कंपाउंड के खेल मैदान के पास फुटपाथ पर कुछ लोगों ने नवजात बच्चे का कटा हुआ सिर पड़ा देखा। इसकी जानकारी संबंधित चौकी को दी गयी। जिस पर आवास विकास चौकी इंचार्ज दीपक तथा थानाध्यक्ष कादरी गेट विनोद कुमार शुक्ला पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी की। पुलिस काफी देर तक जांच करती रही। स्थानीय निवासी रिंकू ने बताया की मोहल्ला बैंडीपुरा के आसपास है दर्जनों कुत्ते आवारा किस्म के हैं। उपरोक्त कुत्तों के द्वारा ही नवजात शिशु के सिर को लाकर डालने की आशंका जतायी गयी। पुलिस ने नवजात शिशु के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। लोग तरह-तरह की चर्चायें करते देखे गये।



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## महिला कोटेदार व उसके पुत्र पर मुकदमा दर्ज

- खाद्य सामग्री को दूसरे कोटेदार को किया सुपुर्द
- जांच में अनियमिततायें मिलने पर की गयी कार्रवाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्ति निरीक्षक ने ग्रामीणों की शिकायत पर जॉच में दोषी पाये जाने पर अनुसूचित वस्तु विक्रेता व उसके पुत्र पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 3 व 7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार पूर्ति निरीक्षक सुधांशु यादव ने विकास खण्ड नवाबगंज की ग्राम पंचायत तुर्कललैया की उचित दर विक्रेता रामा देवी के खाद्यान्न वितरण एवं स्टाक की जांच दिनांक 23 जनवरी को की तथा उपभोक्ताओं से पूछताछ की। जिस पर उपभोक्ताओं ने बताया कि महिला कोटेदार पहले तो राशन कम देती है। साथ ही अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन नहीं देती है। काफी चक्कर लगाने के बाद कोटेदार का पुत्र पप्पू कह देता है कि राशन खत्म हो गया है। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक से करीब डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने इसी प्रकार की शिकायत की। इसके बाद जांच में पाया गया कि 70.50 कुंतल गेहूं व 115.90 कुंतल चावल एवं 12.08 कुंतल बाजरा का कालाबाजारी में बेच दिया गया। इसके अलावा उचित दर दुकान के संचालन में भी अनियमिततायें पायी गयीं। विक्रेता का उक्त कृत्य उ0प्रा0 आवश्यक वस्तु अधिनियम का खुला उल्लंघन है। जो अपराध की श्रेणी में आता है। पूर्ति निरीक्षक ने ई-पाश मशीन को अपनी अभिरक्षा में लिया तथा मौजूद खाद्यान्न को कब्जे में लेकर नजदीकी उचित दर विक्रेता सुमित कुमार गंगवार की सुपुर्दगी में अग्रिम आदेशों तक सुरक्षित रखने को दिया गया। पूर्ति निरीक्षक ने रामा देवी पत्नी मवासी लाल तथा भूप सिंह उर्फ पप्पू निवासीगण अमलैया मुकेरी कायमगंज के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 3 व 7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

## रंजिश के चलते बच्चों व युवती को पीटा, तीन पर मुकदमा दर्ज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सिरपारपुर निवासी बृज किशोर उर्फ रोशन लाल पुत्र राम लड़ेते ने पड़ोसी नीलेश कुमार, रितेश कुमार उर्फ छोटू पुत्रगण हरिओम तथा महिला राम चहेती पत्नी हरिओम निवासीगण उपरोक्त के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा दिनांक 27 जनवरी की शाम 4 बजे के करीब बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। आरोपियों द्वारा पूर्व रंजिश के चलते गाली-गलौज किया गया। विरोध करने पर मारपीट की गई। बीच बचाव के दौरान पुत्री शिवांगी को आरोपियों द्वारा लाठी-डंडों से पीटा गया। आरोपियों की पिटाई से पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख पुकार सुनकर जब तक आसपास मुहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी जानमाल की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित पिता के अनुसार घायल पुत्री को उपचार के लिए सीएचसी शमशाबाद लाया गया। जहां चिकित्सकों ने लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में पीड़ित महिला ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं शमशाबाद थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## नवजात बच्चे की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम पट्टी मदारी निवासी टीकाराम उम्र 1 माह पुत्र वीरेन्द्र की हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने नवजात बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# थानाध्यक्ष के खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज कर नोटिस भेजने के आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अपर मुख्य** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ज्ञानेंद्र कुमार ने थाना मोहम्मदाबाद में दर्ज मु0अ0सं0 226/2016 के मामले में न्यायालय द्वारा पूर्व में प्रकरण के संबंध में कई बार संबंधित थानाध्यक्ष मोहम्मदाबाद से आख्या आहूत की गयी तथा नोटिस भी निर्गत किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध संबंधित थाने की आख्या से केवल यह स्पष्ट होता है कि दिनांक 06 जून 2017 को अभियुक्तगण बृजेश और सुधाकर के विरुद्ध आरोप पत्र संख्या 23ए/2017 किता किया गया था। न्यायालय द्वारा उपरोक्त थानाध्यक्ष मोहम्मदाबाद को दिनांक 20 दिसंबर 2023 को नोटिस जारी करते हुए पुनः स्पष्ट आख्या आहूत की गयी। पत्रावली पर उपलब्ध थाने की आख्या दिनांकित 10 जनवरी 2024 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि मु0अ0सं0 226/2016 धारा 307 आई.पी.सी. थाना मोहम्मदाबाद के संबंध रजिस्टर नंबर 4 के अवलोकन से यह पाया गया कि मुकदमे की विवेचना उप निरीक्षक ललित कुमार द्वारा प्रारम्भ की गयी। जिसमें आरोप पत्र 23/2017 दिनांक 02 फरवरी 2017 को किता किया गया। मुकदमे की विवचेना तत्कालीन उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव द्वारा की गयी थी। जिनके द्वारा आरोप पत्र संख्या-23/2017 दिनांक 03 जून 2017 को अभियुक्तगण बृजेश और सुधाकर के विरुद्ध किता किया गया। थाने की आख्या के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद की जेड रजिस्टर की जानकारी से आरोप पत्र के संबंध में कोई विवरण उपलब्ध नहीं हुआ। प्रकरण सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय अपराध से संबंधित है। किन्तु संबंधित थाने द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल करने के संबंध में कोई सम्यक कार्यवाही हीं की जा रही है। जो न्यायालय कार्य के प्रतित उदासीनता को दर्शाता है। न्यायालय उपरोक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक से लिखित आख्या मांगता है। जिससे दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध सम्यक रुप से कार्यवाही की जा सके। उपरोक्त आदेश की एक प्रति पुलिस अधीक्षक को इस निर्देश के साथ प्रेषित की जाये कि वह दोषी उप निरीक्षक/क्षेत्राधिकारी से लिखित स्पष्टीकरण प्राप्त करने के पश्चात अपनी आख्या के साथ न्यायालय को दिनांक 8 फरवरी 2024 तक अवगत करायें। प्रकीर्णवाद वास्ते सुनवाई नियत दिनांक को पेश हों। प्रकीर्णवाद के संबंध में न्यायालय द्वारा थानाध्यक्ष मोहम्मदाबाद को नोटिस निर्गत करते हुए लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन उनके द्वारा लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया और उप निरीक्षक अजय सिंह द्वारा प्रस्तुत की गयी आख्या को न्यायालय के समक्ष अग्रसारित किया गया। जो कि थानाध्यक्ष को प्रेषित किये गये नोटिस के विपरीत है। ऐसी स्थिति में थानाध्यक्ष मोहम्मदाबाद के विरुद्ध धारा 349 द0प्र0सं0 के अंतर्गत प्रकीर्ण वाद दर्ज रजिस्टर किया जाता है। कार्यालय को आदेशित किया जाता है कि वह अविलंब प्रकीर्णवाद दर्ज करना सुनिश्चित करें और थानाध्यक्ष मोहम्मदाबाद को धारा 349 द0प्र0सं0 के अंतर्गत नोटिस प्रेषित किया जाये।

# पत्नी से हुए विवाद में पति ने पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**पति पत्नी** में हुए विवाद के बाद पति ने कीटनाशक पी लिया। हालत गम्भीर होने पर परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कायमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम झब्बूपुर लटूरनगर निवासी राम लड़ैते के 28 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार ने परिवारिक विवाद के चलते कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि राजीव का विवाद उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर हुआ था। इसके बाद गुस्साये पति ने रख में रखी खेत में डालने वाली कीटनाशक दवा पी ली। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गयी। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डाक्टरों ने भर्ती कर उसका उपचार शुरु कर दिया।



सीएचसी में भर्ती युवक — समृद्धि न्यूज

# कैडर कैंप गांव चलो अभियान के तहत बैठक सम्पन्न



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**विधान सभा** कायमगंज में बसपा कैडर कैंप गांव चलो अभियान ने तेजी पकड़ी। लोकसभा चुनाव से पहले बसपा तीसरे मोर्चे की तैयारी में है। जिसके तहत बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने कार्यकताओं को निर्देशित किया है कैडर कैंप गांव चलो अभियान में तेजी लायें। उसी क्रम में मंगलवार को फर्रुखाबाद की विधानसभा कायमगंज के गांव रायपुर में मंगलवार को विधानसभा कायमगंज के सेक्टर नंबर 10 रायपुर व 11 ईदगाह मुबरिक नगर में बैठक हुई। जिसमें उपस्थित विधान सभा प्रभारी रामोतार, प्रेम सिंह गौतम, सेक्टर अध्यक्ष सुशील गौतम (रायपुर), सेक्टर अध्यक्ष प्रभुदयाल, सचिन बौद्ध, विधान सभा महासचिव गौरव सिद्धार्थ के अलावा बूथ के पदाधिकारी मौजूद रहे। बसपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने गांव में बसपा के कार्यो का उल्लेख किया और 2024 में मायावती को प्रधानमंत्री बनने के लिए एक-एक मत को एकजुट करने का संकल्प लिया। वहीं विधान सभा अध्यक्ष उपेंद्र सिंह लोधी ने बसपा सुप्रीमो के कार्यो का वर्णन करके करते हुए लोगों को समझाने का प्रयास किया व सर्व समाज की पार्टी बताते हुए सर्व समाज को एक साथ आने का आह्वान किया और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को आगे आने को कहा।

# घर में घुसकर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव अलाउद्दीनपुर निवासिनी रानी बेगम पत्नी पप्पू ने लिखाए गए मुकदमे में बताया की 28 जनवरी की शाम को मैं घर पर अपने बच्चों के साथ अकेली थी तथा मेरे पति पप्पू काम करने गए थे, तभी मेरे पड़ोसी चौकीदार की पत्नी जकिया बेगम पत्नी चांद मियां अपने बच्चों के साथ मेरे घर में आई और मेरे बच्चे अलेना पर कंडा चोरी का इल्जाम लगाया तथा गाली-गलौज कर मारपीट करने लगी। जब मैं बचाने गई, तब जाकिया तथा जाकिया के बच्चों मिनाज, कैफ, मोनू तथा पुत्री सहरोज पुत्रगण चांद मियां एक राय होकर मेरे तथा मेरे बच्चे के साथ में मारपीट करने लगे। जिससे मेरे सिर में तथा माथे पर तथा मेरे पुत्र अलेना के मुंह में चोटें आई हैं। उपरोक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

# टंकी निर्माण में घटिया ईट लगाने का विरोध करने पर ठेकेदार व साथियों ने प्रधान को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**विकास खण्ड** कायमगंज की ग्राम पंचायत रसीदाबाद तिवारियान निवासी प्रधान अजय कुमार पुत्र रामपाल ने दी तहरीर में कहा है कि मेरी ग्राम पंचायत मं पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है। जिसके ठेकेदार मोनू व प्रिन्स हैं। वाउड्रीवाल में पीला ईट लगा रहे थे। जब मैंने जाकर कहा कि पीला ईट मत लगाओ। मै ग्राम पंधान हूँ और गॉव की जनता ने जाकर मुझसे कहा। आप अच्छी ईट का प्रयोग करो और घटिया सामिग्री इस्तेमाल मत करो। मैंने उक्त ठेकेदारो को निर्माण कार्य करने से रोक दिया और मै अपने घर चला गया। ठेकेदार प्रिन्स अपनी मोटर साइकिल से हमें बुलाने आया और कहा कि कम्पनी के लोग आये हैं। पानी की टकी के पास तुम्हें बुला रहे हैं। जब मैं मौके पर पहुंचा, तो वहाँ पर उक्त ठेकेदार व अन्य लगभग 7-8 लोग जो कि चार पहिया कार मे बैठे हुए थे और मय असलहों से लैस थे। मैं उन लोगों को नहीं जानता। मैं जैसे ही पहुॅचा तो उक्त लोग बोले कि तू ग्राम प्रधान है और तू कौन जाति का है। जिस पर मैंने कहा कि मै अनुसूचित जाति धानुक हूँ। तो मुझे उक्त सभी लोग जाति सूचक गालियों देने लगे। जब मैंने गालियां देने का विरोध किया, तभी उक्त लोगो ने लात-घूसों, थप्पड़ों से मारना पीटना शुरू कर दिया। मैं बचाव-बचाव चिल्लाता रहा, तो गांव के लोग दौड़कर आये और उक्त लोगो से मुझको बचाया। उक्त लोग जान से मार डालने की धमकी देते हुए भाग गये। मैंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दीष मौके पर पहुँची डायल 112 पुलिस कम्पित थाने आन की बात कहकर चली गयी।



मौके पर घटना की जानकारी करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

# केंद्रीय चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

> गांव चलो अभियान के तहत कार्यशाला सम्पन्न

**मंगलवार** को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में गांव चलो अभियान की जिला कार्यशाला एवं लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर पूरे विधि विधान हवन पूजन एवं मंत्रोचार के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित रहे। जिला कार्यालय के सामने प्रांगण में सांसद मुकेश राजपूत ने कहा पार्टी का संगठन 24 घंटे कार्य करने वाला संगठन है। आचार संहिता लगने से पूर्व ही भाजपा ने चुनावी तैयारी के लिए चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया है। भाजपा विचार धारा पर आधारित राजनीतिक दल है। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलित, शोषित, वंचित, पिछड़े, महिला और गरीब वर्ग के लिए कार्य किया है।

शाहजहांपुर की महापौर अर्चना वर्मा ने कहा एक समय था जब महिला को अपने घर से निकलने में सोचना पड़ता था, लेकिन केंद्र व प्रदेश में सरकार बनने के बाद महिलाओं की सुरक्षा को लेकर मजबूत कानून बने योगी सरकार ने महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। प्रदेश की महिलाएं सुरक्षित महसूस कर रही है। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, लोकसभा प्रभारी अजय धाकरे, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने विचार व्यक्त किये। साथ ही जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी अभियान गांव चलो की जिला कार्यशाला आयोजित हुई। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा संगठन के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान को सफल बनाने का कार्य किया। अभियान के बाद पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में गांव चलो अभियान कार्यक्रम को चलने का निर्णय लिया है। जिला कार्यशाला के बाद मंडल स्तर पर भी कार्यशाला आयोजित होगी। गांव चलो अभियान सिर्फ गांव के लिए नहीं बल्कि शहरों में भी रहने वाले लोगों तक प्रवासी कार्यकर्ता पहुंचेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करने के लिए हर वर्ग का समर्थन आवश्यक है। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया कि चुनाव की तारीखों के ऐलान से पूर्व संगठन ने गांव चलो अभियान चलने का निर्देश दिया है। इसके लिए संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी गांव-गांव पहुंचेगा। गांव चलो अभियान के लिए हिमांशु गुप्ता को जिला संयोजक एवं रश्मि दुबे व वीरेंद्र कठेरिया को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। इस अभियान के लिए 2 फरवरी तक सभी औपचारिकता को पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। संचालन वीरेंद्र कठेरिया ने किया। इस अवसर पर विधायक डा0 सुरभि, विधायक सुशील शाक्य, फतेहचंद वर्मा, डीएस राठौर, जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, संजीव गुप्ता, वीरेंद्र सिंह राठौर, बीके गंगवार, अतुल दीक्षित, हेमचंद्र राजपूत, सर्वेश कुशवाहा, रामवीर चौहान, बबीता पाठक, मीरा सिंह, चित्रा अग्निहोत्री, ममता सक्सेना, पुष्पराज सिंह, अभिषेक बाथम, धीरेंद्र वर्मा, धर्मेंद्र राजपूत, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यालय उद्घाटन के दौरान मौजूद सांसद व अन्य

# यज्ञ संसार का श्रेष्ठतम कर्म है: चन्द्रदेव शास्त्री



प्रवचन करते प्रदीप शास्त्री — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेला रामनगरिया** के वैदिक क्षेत्र में आयोजित ज्ञान ज्योति महोत्सव में प्रति दिन की भांति प्रातःकाल देव यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आहुतियां डालकर कल्पवासियों ने पुण्यलाभ अर्जित किया। पंजाब के मानसा से आये आचार्य महावीर शास्त्री ने वैदिक ऋचाओं से यज्ञ सम्पन्न कराया। शिविर के संचालक आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने अपने आशीर्वचन में यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा यज्ञ संसार का श्रेष्ठतम कर्म है। ब्रह्मा से लेकर जैमिनी पर्यंत ऋषियों ने हम मनुष्यों को यज्ञ का निर्देश दिया। परमपिता परमात्मा भी अपनी वाणी वेद में जीवात्मा के कल्याण के लिए यज्ञ की आज्ञा देते हैं। यज्ञ से बड़ा परोपकार का कोई साधन नहीं है। इसमें डाला हुआ सांकल्य सुगंधी का रूप धर वायु रूपी देवता पर सवार होकर सूर्यलोक तक जाता है तथा श्रष्टि के प्रत्येक प्राणी को लाभ पहुंचाता है। ये मेला राम के नाम से लगता है और श्रीराम का जन्म ही यज्ञ के यज्ञ की कृपा से हुआ था।

वैदिक क्षेत्र में प्रतिदिन यज्ञ और संध्या का आयोजन किया जाता है, ताकि सभी कल्पवासियों को राम से जोड़ा जा सके। मध्यान्ह की सभा मे प्रदीप शास्त्री ने ईस्वर भक्ति के गीत सुनाकर भक्तिरस की धारा प्रवाहित की। उनके गीत श्प्रभु प्यारे से जिसका संबंध है उसको हर दम आनंद ही आनंद है पर श्रोता भावविभोर हुए। हरियाणा से आए पं0 धनीराम बेधड़क ने हरियाणवी रागनियों के माध्यम से अपने भक्तिमय विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में स्वामी महेन्द्रनानंद, आचार्य ओमदेव, डॉ0 रामकुमार कटियार, राजाराम आर्य, रामवीर आर्य, मंगलम आर्य, शिशुपाल आर्य, प्रवल आर्य, यज्ञप्रताप, उदयराज, रत्नेश द्विवेदी, अमृता पाण्डेय, उपासना कटियार, जयंती आर्या आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बाबा नीमकरोरी मंदिर के चतुर्थ स्थापना दिवस पर हुआ भंडारा



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाबा नीमकरोरी मंदिर के चतुर्थ स्थापना दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज थाने के सामने हनुमान मंदिर पर बाबा नीम करोरी के चतुर्थ स्थापना दिवस के अवसर पर सचिन गुप्ता, नितिन गुप्ता, नन्हेंलाल गुप्ता ने भंडारे का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद छका। भंडारा सुबह से शुरु हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। भक्त आते जाते रहे और प्रसाद लेते रहे। बताते चलें कि बाबा नीमकरोरी की प्रसिद्धी देश से लेकर विदेशों तक फैली हुई है। बाबा के कई किस्से ऐसे हैं जो लोग आज भी बड़े चाव से बताते है। इस प्रकार उनके भक्तों की संख्या भी बहुत अधिक है। भक्तगण गाहे बगाहे बाबा नीम करोरी का भंडारा आदि करते रहते हैं।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंग ने किशोर को पीटा, मुकदमा दर्ज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** पशुओं के लिए चारा लेने गए किशोर को दबंग ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित के पिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी बबलू पुत्र जिलेदार ने गांव के ही पप्पू पुत्र समेर के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका पुत्र 29 जनवरी को पशुओं के लिए खेत से चारा लेने गया था। आरोप है आरोपी ने पुत्र के साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। शोर शराब सुनकर जब तक लोग मौके पर एकत्रित होते तब तक आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो चुका था। आरोपी की पिटाई के शिकार हुए किशोर ने घटना की जानकारी घर पर दी। पीड़ित पिता ने आरोपी के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर पुत्र के साथ गाली-गलौज व लाठी डंडों से मारपीट तथा जानमाल की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया।

### न्यायालय ने विवेचक व सीओ से 4 फरवरी तक मांगा स्पष्टीकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ज्ञानेंद्र कुमार ने थाना मोहम्मदाबाद में दर्ज मु0अ0सं0 381/2018 के मामले में न्यायालय में प्रेषित किये गये आरोप पत्र के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विवेचक वीरेंद्र पाल सिंह द्वारा दिनांक 08 जनवरी 2019 को आरोप पत्र किता किया गया। जबकि उक्त आरोप पत्र आज दिनांक 29 जनवरी 2024 को न्यायालय के समक्ष प्रसंज्ञान हेतु प्रस्तुत किया गया। जो लगभग 4 वर्ष विलम्ब के पश्चात प्रस्तुत किया गया। ऐसी स्थिति में पूर्व विवेचक तथा अग्रसारण अधिकारी (संबंधित सीओ मोहम्मदाबाद) इस संबंध में लिखित स्पष्टीकरण दें कि विवेचक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारी को आरोप पत्र कब प्रेषित किया गया था और उसके पश्चात क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद द्वारा आरोप पत्र को पुनः न्यायालय प्रेषित करने हेतु विवेचक को कब प्राप्त कराया गया। विवेचक और क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वह अपने लिखित स्पष्टीकरण के साथ जी0डी0 की प्रति भी संलग्न करें। स्पष्टीकरण देने के लिए 4 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

### 501 रुपये से 701 रुपये कुंटल तक बिका आलू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर मण्डी में मंगलवार को आलू का भाव 501 रुपये कुंटल से 551 रुपये कुंटल रहा। पीली मिट्टी सिल्चर क्वालिटी का आलू 581 रुपये से 651 रुपये कुंटल बिका। छट्टा आलू 651 रुपये से 701 रुपये कुंटल बिका। मंगलवार को भी बिकवाली सुस्त रही। आलू की आमद लगभग 100 मोटर रही। मौसम साफ होते ही आलू के भाव में सुधार होने की संभावना है।

# रोजगार मेले में 280 अभ्यार्थियों का किया गया चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



रोजगार मेले में प्रशिक्षार्थी व अतिथि — समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय औद्योगिक** प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क के तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन विकास खण्ड कमालगंज के परिसर में सम्पन्न हुआ। आईटीआई कौशल मिशन एवं जिला सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव रही। कृष्ण कुमार शंखवार, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचन्द्र राजपूत, विकास खण्ड अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय आदि अधिकारियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। आये हुए अतिथियों का नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मेले में 16 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 1400 रिक्तियों के सापेक्ष 668 प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। कुल 280 अभ्यार्थियों का रोजगार मेले में चयन किया गया। आईटीआई पास आउट 20, नॉन आईटीआई 145, कौशल विकास मिशन के 114, डीडीयू-जी0केवाई के 1 प्रतिभागी का चयन हुआ। संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया। मेले की व्यवस्था कार्यदेशक बृजेश कुमार, आशीष कुमार, सुभांक मिश्रा, रंजीत कुमार सुमन, शिव बहादुर सिंह, राजकिशोर महतो, प्रमोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# कोठरी का ताला तोड़कर समरसेबिल का स्टार्टर चोरी

> ग्राम प्रधान पति ने अज्ञात चोरों के खिलाफ दी तहरीर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** के ग्राम कुइयासंत निवासी ग्राम प्रधान पति लियाकत अली मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया उनके द्वारा कब्रिस्तान के निकट समर सेबिल लगाया गयी थी। जो कोठरी के अंदर थी। बाहर से ताला लगा दिया जाता था। उन्होंने बताया समरसेबिल पम्प से किसानों को निःशुल्क सिंचाई उपलब्ध कराई जाती थी। बीते दिवस की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा पहले कोठरी में नकब लगाने का प्रयास किया गया। जब सफलता नहीं मिली, तो अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर समरसेबिल पम्प का स्टार्टर व अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब मंगलबार की सुबह कुछ किसान सिंचाई के लिए समरसेबिल के नजदीक पहुंचे और जब कोठरी का ताला टूटा देखा, तो उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा प्रधान पति को दी गई। जिस पर प्रधान पति मौके पर पहुंचे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इस्लाम मंसूरी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

# पुस्तक मानव कल्याण दर्पण का हुआ विमोचन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



पुस्तक विमोचन करते बजरंग दास महाराज व अन्य

**मेला श्रीराम** नगरिया पांचाल घाट पर पधारे गायत्री धाम अयोध्या से बजरंग दास महाराज की अध्यक्षता में मानव कल्याण दर्पण लेखक सूबेदार मेजर रघुवीर सिंह गहरवार की धार्मिक समाजिक सांस्कृतिक पुस्तक का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक वीरेन्द्र सिंह राठौर व शरद कटियार ने पत्रिका का विमोचन किया। धीरज सिंह गहरवार ने पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया। रघुवीर सिंह ने पुस्तक के बारे में परिचय दिया। देह धरे का दण्ड है। सबकालू को होय। ज्ञानी भुगते ज्ञान से, मूरख भुगते रोय। बड़े-बड़े साधु, महात्माओं पर भी दुख आता है पर वह रोते नहीं है। वह अपने मन को ईश्वर से लगाये रहते है और दुखों संकटों के समय धैर्य पूर्वक समय निकाल देते है। चतुर शिरोमनि सोइ माही जो मन लागि सुजतन कराही। हम परिवार का भरण पोषण करने के लिए सुख देने वाली हर वस्तुओं को उपलब्ध कराने के लिए रात दिन मेहनत करते है और अपनी सफलता पर प्रसन्न होने के साथ ही गर्व करने लगते है। जीवन इसी तरह चलता रहता है। माता-पिता, गुरु पूज ले, रह इनके अधीन। निश्चिय करके जान लो यही देवता तीन। सभी लोग तीर्थों में रुपया खर्च करके जाते है और रास्ते में तकलीफ भी उठाते है, वहां ईश्वर की मूर्तियां देखकर वापस आ जाते है। माता-पिता, सास-ससुर, दादा-दादी ईश्वर के रुप में आपके घर पर विराजमान है। आप उपकी सेवा करके आशीर्वाद तो लेकर देखा कि क्या फल आपको देते है। मैने तो लोगों को कहते सुना है कि हम तो अपने पुरखों के आशीर्वाद से ही खुशहाल है। उन्हें आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। आप आशीर्वाद लेने में कोताही मत बरते। ईश्वर आपका अवश्य कल्याण करेगा। इस मौके पर अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# उ0प्रा0वि0 ढिलावल में स्काउट गाइड प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



प्रशिक्षण में मौजूद छात्र-छात्रायें — समृद्धि न्यूज

**बेसिक शिक्षा** के अंतर्गत शासन द्वारा उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के प्रादेशिक कार्यालय द्वारा अनुदानित विद्यालयों में जनपद के परिषदीय विद्यालयों में बालचर योजना के अंतर्गत कब बुलबुल और स्काउट गाइड के लिए पंजीकरण कराते हुए निःशुल्क प्रशिक्षण की श्रृंखला में मंगलवार को जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय ढिलावल में गठित राधा रानी गाइड कंपनी की छात्राओं को स्काउट गाइड के अंतर्गत प्रवेश का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सभी विद्यार्थियों को स्काउट गाइड नियम, स्काउट गाइड प्रार्थना, स्काउट गाइड झंडा गीत, सेल्यूट, ध्वज शिष्टाचार, स्काउट गाइड का संक्षिप्त इतिहास, स्काउट ध्वज तथा बाया हाथ मिलाना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी बच्चों को स्काउटिंग से परिचित कराया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी विद्यार्थियों को ग्राउंड में प्रशिक्षकों के द्वारा बीपी सिक्स का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर ब्लॉक स्काउट मास्टर प्रदीप सिंह यादव, पुष्प लता यादव, रिचा सिंह, अर्चना आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी को विदाई समारोह में युवा समिति ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**फर्रुखाबाद युवा** महोत्सव समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनपद के शासनिक व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी संजय सिंह का वरिष्ठ प्राशसनिक एवम् जनसेवा सम्मान अंकित किया गया। जिलाधिकारी के कार्यकाल में उत्कृष्ठ कार्यों एवम् अतिशीघ्र जनता की परेशानियों का समाधान करने हेतु समिति द्वारा यह सम्मान अलंकृत किया गया। सम्मान मिस्टर फर्रुखाबाद हर्ष दुबे द्वारा दिया गया।

# कांग्रेसियों ने शहर में निकाली भारत जोड़ों न्याय यात्रा



भारत जोड़ों न्याय यात्रा में भाग लेते कांग्रेसी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**राहुल गांधी** के नेतृत्व में भारत जोड़ों न्याय यात्रा के समर्थन में मंगलवार को बजरिया स्थित डा0 पीएन सक्सेना के आवास से शहर के मुख्य मार्गों पर यात्रा निकाली गई। भारत जोड़ों न्याय यात्रा टाउन हाल पहुंचकर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रघुपति राजा राम गीत गाया गया। भारत जोड़ों न्याय यात्रा में पूर्व विधायिका लुईस खुर्शीद के साथ जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, लोकसभा कोआर्डिनेटर प्रकाश प्रधान, शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा हनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अंकुर मिश्रा हनी ने अपने नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ भारत जोड़ों न्याय यात्रा में शामिल हुए। राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाते हुए यात्रा निकाली गई। इस मौके पर युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अम्मार अली, अनिल मिश्रा, उजैर खान, आसिफ खान, मुख्त्यार खान, पप्पो, शबाना, रेहान, सलमान, नसरीन, लकी, डा0 अरुण अग्निहोत्री, वरुण त्रिपाठी, शिवाशीष तिवारी, नसरीन बानो, हिलाल सफीकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# रजत क्रांतिकारी बने सपा फ्रंटलों के नगर प्रभारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए संगठन को मजबूत करने को नई गति देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति पर फ्रंटल संगठनों का प्रभारी नगर महासचिव रजत क्रांतिकारी को बनाया है। साथ ही वह 15 दिन के अंदर चारों फ्रंटल महानगर अध्यक्षों की कमेटी घोषित करायेंगे। साथ ही विधानसभा कमेटी की जानकारी भी सौंपेंगे।

# सीएचसी में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएचसी में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 शरद गंगवार ने फीता काटकर मॉ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर शिविर का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि मानसिक रोग विशेषज्ञ को दिखाकर इलाज कराना चाहिए, क्योंकि इलाज कराने से ही मानसिक बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। उन्होंन डाक्टरों और स्वास्थ्य अधिकरियों से कहा कि मानसिक रोगियो को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिल रही है। मानसिक रोग के लक्षण व बचाव के उपायों का प्रचार प्रसार कराया जाये। उन्होंने कहा नींद न आना, तनाव घबराहट जीवन के प्रति निराशा, डर लगना, व्यवहार में अचानक तेजी आना आदि मानसिक रोग की देन हो सकती है। इसका चेकअप कराकर इलाज कराएं। इस दौरान आशा बहू व एएनएम सहित स्वास्थ विभाग के लोग मौजूद रहे।



शिविर में जानकारी देते चिकित्सक — समृद्धि न्यूज

## जर्जर निष्प्रयोज्य भवन नीलामी सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फर्रुखाबाद के पत्रांक SSA/ निर्माण 3833/2023-24 दिनांक 16/01/2024 के आदेशानुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास क्षेत्र बढ़पुर की मौजूदगी में निम्न विद्यालय की नीलामी निम्न तिथि में दिये गये स्कैप वैल्यू तथा समयानुसार होनी है।

**1- 02/02/2024-कम्पोजिट विद्यालय मसेनी (बढ़पुर) के प्राथमिक विद्यालय भवन की (निष्प्रयोज्य)- सुबह 11 बजे, स्क्रैप वल्यू (1,64000/-)**

उपरोक्त विद्यालय की स्क्रैप वैल्यू का 10 प्रतिशत नीलामी से पूर्व जमा करना होगा। शेष राशि भवन तोड़कर मलवा उठाने से पूर्व एक माह में जमा करना होगा। शेष शर्ते विद्यालय में नीलामी से पूर्व बता दी जायेगी। कार्यवाही विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न होगी। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

**भवदीय**
**(गीता कटियार), प्रधानाध्यापिका**

# पश्चिमी विक्षोभों से फिर बढ़ेगी ठंड

## मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक 40 किमी की रफ्तार से चलेंगी गलन भरी हवाएं

एजेंसी



**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू कश्मीर, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के राज्यों में अगले छह दिनों के भीतर तीन बार लगातार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर पड़ने वाला है। मौसम वैज्ञानिक आलोक यादव बताते हैं कि जिस तरीके से पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता बनी हुई है, उसके चलते मौसम में कई तरह के परिवर्तन का अनुमान लगाया जा रहा है।

अगले छह दिनों तक उत्तर भारत में मौसम एक बार फिर तेजी से करवट बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक 31 जनवरी को दिल्ली एनसीआर समेत उत्तर भारत के कुछ राज्यों में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी और गलनभरी हवाएं चलने वाली हैं। जबकि सप्ताह के अंत तक अलग-अलग इलाकों में सबसे तेज कोहरा पड़ने का भी अनुमान लगाया जा रहा है।

विभाग के मुताबिक न्यूनतम पारे में औसतन दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम में यह बदलाव इस सप्ताह के अंत तक तीन बार सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से हो रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू कश्मीर, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के राज्यों में अगले छह दिनों के भीतर तीन बार लगातार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर पड़ने वाला है। मौसम वैज्ञानिक आलोक यादव बताते हैं कि जिस तरीके से पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता बनी हुई है, उसके चलते मौसम में कई तरह के परिवर्तन का अनुमान लगाया जा रहा है। विभाग के इसी अनुमान के मुताबिक 31 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली समेत एनसीआर के हिस्सों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इन हवाओं में गलन और ठंड के होने का अनुमान है। दरअसल मौसम विभाग का आकलन है कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते पहाड़ी इलाकों पर बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इसमें जम्मू कश्मीर, लद्दाख के निचले इलाकों और हिमाचल प्रदेश के साथ उत्तराखंड के पहाड़ी राज्य शामिल हैं। विभाग के मुताबिक बीते कुछ दिनों से इन इलाकों में बर्फबारी भी हुई है। इसी के चलते अगले कुछ दिनों में जिन तेज हवाओं के आसार बन रहे हैं, वे मैदानी इलाकों में गलन और ठंड को बढ़ा सकते हैं। जिससे दिन के अधिकतम तापमान में कुछ कमी दर्ज हो सकती है। विभाग के अनुमान के मुताबिक बुधवार और गुरुवार को हिमाचल समेत कश्मीर के कुछ हिस्सों में बर्फबारी होगी।

# मिसाइल सेमी-एक्टिव मिशन होमिंग के परीक्षण पूरे, उत्पादन की तैयारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 120 मिमी एंटी टैंक मिसाइल सेमी-एक्टिव मिशन होमिंग (एसएएमएचओ) के सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। अब इस मिसाइल के उत्पादन की तैयारी है, जिसके बाद उपयोग के लिए भारतीय सेना को दी जाएगी। यह एक बहुउद्देशीय एंटी-आर्मर गाइडेड मिसाइल है, जो टैंकों और कम उड़ान वाले लड़ाकू हेलीकॉप्टरों को मार गिराने की क्षमता रखती है। इसे आधुनिक बख्तरबंद वाहनों और टैंकों की विस्फोटक प्रतिक्रियाशील कवच सुरक्षा को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है।

**▸ टैंकों व कम उड़ान वाले हेलीकॉप्टरों को मारने में सक्षम है मिसाइल**

डीआरडीओ ने 120 मिमी एंटी टैंक मिसाइल सेमी-एक्टिव मिशन होमिंग (एसएएमएचओ) को भारतीय सेना के स्वदेशी अर्जुन टैंकों के लिए अपनी पुणे स्थित आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट लैब में विकसित किया है।

पहले इस एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल को मूल रूप से अर्जुन की 120 मिमी राइफल वाली बंदूक से फायर करने का इरादा था। बाद में डीआरडीओ ने इसे भारतीय सेना के टी-90 टैंकों के साथ संचालित करने की योजना बनाई है, जिसमें 125 मिमी. स्मूथबोर गन है। उच्च-विस्फोटक एंटी-टैंक टेंडेम-चार्ज वारहेड लगाकर इसे आधुनिक बख्तरबंद वाहनों और टैंकों की विस्फोटक प्रतिक्रियाशील कवच सुरक्षा को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। डीआरडीओ के अनुसार यह एक बहुउद्देश्यीय एंटी-आर्मर गाइडेड मिसाइल है, जिसमें टैंकों और कम उड़ान वाले लड़ाकू हेलीकॉप्टरों को मार गिराने की क्षमता है।

# गेनवेल ग्रुप ने टीआईएल लिमिटेड का किया अधिग्रहण

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** गेनवेल ग्रुप ने अपनी समूह इकाई- इंडोक्रेस्ट डिफेंस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से आज भारत की अग्रणी इन्फ्रा उपकरण निर्माता कंपनियों में से एक टीआईएल लिमिटेड (एनएसई : टीआईएल) में एक प्रमुख हिस्सेदारी हासिल कर ली है।

मेक-इन-इंडिया समूह गेनवेल ग्रुप का खनन, निर्माण, ऊर्जा, रक्षा, रेलवे और भारी उपकरण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपस्थिति है जिससे टीआईएल के विकास में और तेजी आने के साथ ही क्रेन, रीच स्टैकर्स, सामग्री प्रबंधन और रक्षा उपकरण के लिए इसकी पहले से ही शक्तिशाली ऑर्डर बुक को और मजबूत करने की उम्मीद है। गेनवेल ग्रुप के प्रोत्साहक सुनील कुमार चतुर्वेदी को आज टीआईएल के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है, जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन टीआईएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने वाले हैं। सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अधिग्रहण के बारे में कहा, यह गेनवेल और टीआईएल दोनों के लिए एक मील का पत्थर वाला पल है और अगले 5 वर्षों के भीतर 1 बिलियन डॉलर का आकार और कद हासिल करने की गेनवेल समूह की बड़ी आकांक्षा के अनुरूप है। आईडीएसपीएल ने टीआईएल में 120 करोड़ रुपये निवेशित किए हैं, जिनमें कंपनी की निर्गमित शेयरों के लिए 70 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। शेयरधारकों की मंजूरी की प्रत्याशा में गेनवेल ग्रुप द्वारा मौजूदा पदाधिकारियों की जगह एक नये छह सदस्यीय निदेशक मंडल स्थापित की गई है। श्री चतुर्वेदी ने आगे कहा, हम टीआईएल के सुप्रसिद्ध विश्व स्तरीय उत्पाद प्रदान करना और कमरहट्टी (कोलकाता) और चंगौल (खड़गपुर), पश्चिम बंगाल में मौजूदा सुविधाओं से काफी बेहतर बिक्री उपरांत समर्थन प्रदान करना जारी रखेंगे।

## विश्व धरोहर में होंगे शामिल छत्रपति शिवाजी के किले

**नई दिल्ली।** संस्कृति मंत्रालय ने सोमवार को घोषणा की कि भारत 2024-25 चक्र के लिए यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल करने के लिए मराठा सैन्य लैंडस्केप को नामांकित कर रहा है, इस नामांकन में कुल 12 घटक शामिल हैं। संस्कृति मंत्रालय ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि मराठा सैन्य परिदृश्य मराठा शासकों द्वारा परिकल्पित असाधारण किलेबंदी और सैन्य प्रणाली का प्रतिनिधित्व करता है, जो भारत के जीवंत इतिहास को प्रदर्शित करता है। इस नामांकन के बारह घटक हैं - सालहेर किला, शिवनेरी किला, लोहगढ़, खंडेरी किला, रायगढ़, राजगढ़, प्रतापगढ़, सुवर्णदुर्ग, पन्हाला किला, विजय दुर्ग, और महाराष्ट्र में सिंधुदुर्ग, और तमिलनाडु में जिंजी किला, इसमें कहा गया है। मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि ये बारह घटक विविध भौगोलिक और भौगोलिक क्षेत्रों में वितरित हैं और ये प्राचीन भारत में मराठा शासन की रणनीतिक सैन्य शक्तियों को प्रभावित करते हैं।

# कमांडो ने पाक जहाज को बचाया, डाकुओं को खदेड़ा

**▸ नौसेना ने द. अरब सागर में नाकाम कीं दो समुद्री डकैतियां**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर के चारों ओर तैनात हैं। भारतीय नौसेना ने 36 घंटे के भीतर दक्षिणी अरब सागर में दो समुद्री डकैतियों को नाकाम किया है। ईरानी जहाज एफवी इमान को छुड़ाने के बाद भारत के नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज अल नईमी को समुद्री डाकुओं के चंगुल से मुक्त कराया है। इन दोनों ऑपरेशन में व्यापारिक जहाज़ों को छुड़ाने के साथ ही चालक दल के 36 सदस्यों को सुरक्षित बचाया है, जिसमें 17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी नागरिक हैं।

अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील दूर पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने 28 जनवरी को मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज एमवी इमान का अपहरण कर लिया था। जहाज पर सवार 17 क्रू सदस्यों और अपहृत मछुआरों को बचाने के लिए भारतीय नौसेना ने अपना युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को भेजा। युद्धपोत ने अपहृत इस जहाज को बचाने के लिए तत्काल ऑपरेशन शुरू किया।

भारत ने मछली पकड़ने वाले जहाज इमान को सुरक्षित बचाकर सोमालियाई लुटेरों को निहत्था करके सोमालिया की ओर खदेड़ दिया। युद्धपोत पर मौजूद एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को चारों ओर से घेर लिया था, ताकि उस पर मौजूद समुद्री डाकुओं को चेतावनी दी जा सके। ईरानी जहाज को बचाने के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा इलाके से बाहर निकल गया। भारतीय युद्धपोत यह ऑपरेशन पूरा करने के बाद सोमालिया के पूर्वी तट पर ही था, तभी उसे 29 जनवरी को एक और समुद्री लुटेरों की हरकत का पता चला। कोच्चि से लगभग 850 नॉटिकल मील पश्चिम में दक्षिणी अरब सागर में मिशन तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को मछली पकड़ने वाले पाकिस्तानी जहाज अल नईमी और उसके चालक दल के 19 पाकिस्तानी नागरिकों को बंधक बनाए जाने की सूचना मिली। इस पर उसे पाकिस्तानी जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने की कार्रवाई में लगाया गया। युद्धपोत सुमित्रा ने 29 जनवरी को अपने हेलीकॉप्टर की मदद से अपहृत जहाज को घेरकर पाकिस्तानी चालक दल और जहाज की सुरक्षित रिहाई के लिए 11 समुद्री लुटेरों को भागने के लिए मजबूर कर दिया।

# कब्ज दूर करेंगे ये पांच फल, आज ही बना लें डाइट का हिस्सा



गलत खान-पान के कारण पेट से जुड़ी समस्याओं से कई लोग जूझ रहे हैं, इन्हीं में से एक है कब्ज। डाइट में फाइबर और तरल पदार्थों की कमी होने के कारण कब्ज की समस्या होने लगती है। यदि सुबह पेट अच्छी तरह से साफ न हो, तो सारा दिन ही बैचेनी सी रहती है। इसके अलावा लंबे समय तक पेट अच्छी तरह से साफ न होने के कारण बवासीर जैसी समस्या भी होने लगती है। कब्ज की समस्या से छुटकारा पाने के लिए डाइट में फाइबर युक्त फूड्स को शामिल करने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा कुछ ऐसे फल भी होते हैं जिनका सेवन करके आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इन फलों के बारे में...

### पपीता

यह पेट के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। कब्ज की समस्या होने पर आप इसका सेवन कर सकते हैं। पपीते में पाया जाने वाला पपैन नाम का एंजाइम पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने और कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद करता है। नियमित रुप से पपीता के सेवन करने से पेट संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

### संतरा

यदि आपको कब्ज रहती है तो आप संतरे को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसमें पाया जाने वाला फाइबर पाचन क्रिया को मजबूत बनाने में मदद करता है। संतरे का सेवन करने से आंतों में जमी गंदगी बाहर निकल जाती है। इसमें पाया जाने वाला नारिनजेनिन नाम का फ्लेवोनॉयड कब्ज से छुटकारा दिलवाने में मदद करता है।

### कीवी

इसमें भरपूर मात्रा में पानी और फाइबर पाया जाता है, जो कब्ज से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। इसके अलावा कीवी में एक्टिनिडिन नाम का एंजाइम पाया जाता है जो प्रोटीन को तोड़ने में मदद करता है। कीवी का सेवन करने से पाचन स्वस्थ रहता है और मल त्यागने की प्रक्रिया आसान बनती है।

### सेब

सेब में फाइबर काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है जो मल त्याग को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसमें पेक्टिन भी पाया जाता है जो बाउल मूवमेंट को बेहतर बनाकर कब्ज से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। लेकिन सेब का सेवन हमेशा छिलके के साथ ही करें। आपको समस्या से काफी राहत मिलेगी।

### नाशपाती

नाशपाती का सेवन करने से भी आपका पेट साफ हो जाएगा। इसमें ऐसे कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो जो पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। नाशपाती में फाइबर, फ्रुक्टोज और सोरबिटोल जैसे तत्व भी मौजूद होते हैं जो मल त्याग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। नियमित नाशपाती का सेवन करने से कब्ज और पेट से जुड़ी अन्य समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

## अब्बास अंसारी व पत्नी निखत समेत पांच पर कार्रवाई

**चित्रकूट।** माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी के जेल के अंदर पत्नी निखत अंसारी से गैर कानूनी तरीके से मिलन कांड के मामले में विधायक अब्बास अंसारी समेत 5 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। इसमें विधायक की पत्नी निखत के वाहन चालक, चित्रकूट के सपा नेता और कैंटीन के सप्लायर भी शामिल हैं। इसी कार्रवाई को लेकर लखनऊ और चित्रकूट की पुलिस टीम स्थानीय 2 मददगार के आवास पर छापा डाला, लेकिन दोनों नहीं मिले, जिस पर टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। दरअसल, आज चित्रकूट पुलिस और एसओजी टीम छापेमारी कर सपा नेता और केंटीन के सप्लायर को पकडने गई थी। पुरानी बाजार में सपा नेता फराज खान के आवास पर पुलिस टीम पहुंची। दुकान व घर में किसी पुरुष सदस्य के न मिलने पर पुलिस ने शक के आधार पर दुकान के दरवाजे का ताला खुलवा कर जांच की, लेकिन वहां कोई नहीं मिला।

# जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने कमाया पांच गुना से ज्यादा मुनाफा

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप की सहायक कंपनी, जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने 5 वर्ष पहले अपनी स्थापना के बाद से इंडस्ट्री की तुलना में अपने व्यवसाय में 5 गुना अधिक वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 22 में 1,000 करोड़ रुपए का अभूतपूर्व आँकड़ा पार करने के बाद, जेएसडब्ल्यू पेंट्स अब 15 महीनों के भीतर 2,000 करोड़ रुपए के रन-रेट की महारत हासिल कर चुका है। कंपनी वित्त वर्ष 24 में 2,000 करोड़ रुपए से अधिक के टर्नओवर को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है।

व्यवसाय के विकास पर टिप्पणी करते हुए, पार्थ जिंदल, मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू पेंट्स, ने कहा, हमारा प्रयास शुरू से ही एक मजबूत समग्र जल-आधारित पेंट्स पोर्टफोलियो बनाने का रहा है, जिसने हमें भारतीय उपभोक्ताओं की तेजी से विकसित हो रही प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए एक प्रभावशाली स्थिति प्रदान की है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि जेएसडब्ल्यू ग्रुप के पहले सच्चे कंज्यूमर-फेसिंग बिज़नेस को देश भर में अनूठी पहचान मिली है, जिसने हमें बाजार में प्रवेश करते ही बेहद कम समय में 2,000 करोड़ रुपए के राजस्व का आँकड़ा पार करने में सक्षम बनाया। हम जेएसडब्ल्यू पेंट्स को भविष्य की प्रमुख पेंट्स कंपनी के रूप में स्थापित करने के अपने दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो इंडस्ट्री में लगातार नए रुझान स्थापित करेगी। जेएसडब्ल्यू पेंट्स के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ एएस सुंदेरसन ने कहा, प्रत्येक प्रोडक्ट सेगमेंट में सर्वोत्तम गुणवत्ता प्रदान करने के हमारे वादे को हमारे महत्वपूर्ण उपभोक्ताओं से काफी सराहना प्राप्त हुई है। हम कोई भी रंग एक कीमत जैसी अपनी विचारशील प्रतिबद्धताओं के साथ पारदर्शिता लाना जारी रखेंगे।

## इजराइल जाने को मजबूर युवकों को रोकने का सरकार के पास उपाय नहीं : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार पर युवकों को रोजगार मुहैया नहीं कराने का आरोप लगाते हुए कहा है कि हर साल दो करोड़ युवकों को रोजगार देने का वादा जुमला साबित हुआ है और यही वजह है कि बेरोजगार युवा युद्धग्रस्त इजराइल जाकर खतरा उठाने को मजबूर हैं वहीं सरकार के पास कोई उपाय नहीं है। श्रीमती वाड्रा ने कहा अगर कहीं पर युद्ध के हालात हैं तो सबसे पहले हम अपने नागरिकों को वहाँ से बचाकर, वापस अपने वतन लाते हैं लेकिन बेरोजगारी ने आज वो हाल कर दिया है कि देश की सरकार हजारों असहाय और मजबूर युवाओं को युद्धग्रस्त इजराइल जाकर ये खतरा उठाने से भी बचा नहीं रही है। उन्होंने कहा इसी से पता चलता है कि चुनावों में 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी, सालाना दो करोड़ रोजगार और मोदी की गारंटी जैसी बातें सिर्फ जुमला हैं। यहाँ, अपने देश में इन्हें रोजगार क्यों नहीं मिल रहा।

# खबरें एक नजर में

### प्रतिभाओं को निखारने का अवसर है आईआईटी जीनियस टेस्ट

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।** फिटजी ने शुरू से सच्चे गुरु के गुणों को संजोए रखा है। इसलिए यह न केवल आईआईटी-जेईई प्रशिक्षण उद्योग में नया दौर शुरू करने बल्कि निरंतर पारदर्शिता और नैतिकता का बहुत उच्च मानक देने में भी सफल रहा है। यह हमेशा छात्रों और उनके अभिभावकों के हित में अनूठी पहल करने में सफल रहा है और एकमात्र संस्थान है जो आईआईटी जीनियस टेस्ट जैसे अभूतपूर्व अवसर देकर छात्रों को उत्कृष्टता का नया मानक देता रहा है। फिट्जी के ये प्रयास छात्रों की जिन्दगी बदल रहे हैं। एक बार फिर फिटजी की सबसे प्रतिष्ठित और सबसे प्रतीक्षित परीक्षा 'आईआईटी जीनियस टेस्ट' होने वाला है। वर्तमान में आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों (क्रमश: 2028,2027, 2026, 2025 और 2024 में मेन और एडवांस के उम्मीदवारों) के लिए यह टेस्ट देश भर में 4 फरवरी 2024 को होगा। फिटजी द्वारका सेंटर के मैनेजमेंट पार्टनर और प्रमुख श्री विनोद कुमार अग्रवाल कहते हैं, ''फिट्जी लंबे समय से पूरे देश की प्रतिभाओं को उभर कर सामने आने का अवसर और उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा है। इसके लिए हमारी एक खास सामाजिक पहल फॉर्च्यून 40 काफी प्रशंसित है, जो साधन हीन लेकिन प्रतिभा सम्पन्न छात्रों की मदद के लिए है। इसी तरह, आईआईटी जीनियस टेस्ट से हम भारत की अद्भुत प्रतिभाओं की पहचान करते हैं और आईआईटी में पढ़ने का सपना साकार करने में आर्थिक सहायता देते हैं। सच्चे जीनियस को अपनी पहचान बनाने के लिए यह जरूरी है कि वे सही समय पर अपनी क्षमता समझें। आईआईटी जीनियस टेस्ट वैज्ञानिक पद्धति से जीनियस की पहचान करता है।

### अंगीठी की गैस से दम घुटने से यूपी के तीन युवकों की मौत

**नैनीताल।** अंगीठी की गैस से दम घुटने से उत्तर प्रदेश के तीन युवकों की मौत हो गयी। इसका खुलासा सोमवार देर रात्रि देर हुआ। ये तीनों युवक उत्तराखंड उच्च न्यायालय परिसर में चल रहे किसी निर्माण कार्य में मजदूर लगे हुए थे। बीती रात्रि करीब एक बजे बीडी पांडे जिला चिकित्सालय में 3 युवकों को लाया गया। इनमें से 2 युवकों को चिकित्सक ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया, जबकि उनके एक अन्य साथी की स्थिति भी नाजुक बनी हुई थी। उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी के लिये रेफर किया गया। वहां उसने भी दम तोड़ दिया है। तीनों युवकों की मौतों का कारण अंगीठी की गैस से दम घुटना बताया जा रहा है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय परिसर में चल रहे किसी निर्माण कार्य में यूपी के मजदूरी पर लगे हुए थे। इन तीनों युवकों से उनके परिजनों का दो दिन से संपर्क नहीं हो पा रहा था। इस पर उन्होंने उनके ठेकेदार से संपर्क किया। ठेकेदार सोमवार देर रात्रि उनके कक्ष में गया तो तीनों बेहोश पड़े थे। तीनों को रात्रि करीब एक बजे बीडी पांडे जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां ईएमओ यानी आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी डॉ. हाशिम अंसारी ने दो युवकों 21 वर्षीय राजकुमार व 24 वर्षीय अवनीश को मृत घोषित कर दिया।

### लेह-लद्दाख से किर्गिस्तान तक भूकंप से डोली धरती

**नई दिल्ली/बिश्केक।** भारत के लेह-लद्दाख से लेकर सात समंदर पार किर्गिस्तान में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र और जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो साइंसेज ने दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार सुबह 05 :39 बजे लेह और लद्दाख में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 दर्ज की गई है। फिलहाल कहीं से अभी तक नुकसान की सूचना नहीं है। उधर, जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो साइंसेज के अनुसार किर्गिस्तान-झिंजियांग सीमा क्षेत्र में मंगलवार भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6 मापी गई। भूकंप के कारण जानमाल की कोई क्षति हुई या नहीं, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

### देश में 718 हिम तेंदुए मौजूद, रिपोर्ट जारी

**नई दिल्ली।** भारत में हिम तेंदुए की आबादी का आकलन (एसपीएआई) कार्यक्रम के पहले वैज्ञानिक सर्वे के तहत देश में हिम तेंदुए की संख्या 718 है। मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की बैठक के दौरान भारत में हिम तेंदुओं की स्थिति पर रिपोर्ट जारी की। एसपीएआई के इस कार्यक्रम के दौरान कुल प्रयासों में हिम तेंदुए के संकेतों को रिकॉर्ड करने के लिए 13,450 किलोमीटर के क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया जबकि 1,80,000 ट्रैप रातों के लिए 1,971 स्थानों पर कैमरा ट्रैप तैनात किए गए थे। हिम तेंदुए का निवास 93,392 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में दर्ज किया गया था, जिनकी अनुमानित उपस्थिति 100,841 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पाई गई है। कुल 241 अद्वितीय हिम तेंदुओं की तस्वीरें खींची गईं। डेटा विश्लेषण के आधार पर हिम तेंदुए की संख्या लद्दाख में 477, उत्तराखंड में 124, हिमाचल प्रदेश में 51, अरुणाचल प्रदेश में 36, सिक्किम में 21, और जम्मू तथा कश्मीर में 9 है।

### कठुआ के शेरपुर इलाके में मिले विस्फोटक उपकरण

**कठुआ।** कठुआ जिले के शेरपुर इलाके में बई नाला के पास मंगलवार को एक पॉलिथीन बैग में मिले दो विस्फोटक उपकरणों को सुरक्षित तरीके से बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 2 किलोमीटर दूर हीरानगर के शेरपुर इलाके की ओर जाने वाली सड़क पर बई नाला के पास तलाशी अभियान के दौरान एक पॉलिथीन बैग मिला। बैग की जांच करने पर इसमें विस्फोटक उपकरण पाए गए। इसके बाद अन्य सुरक्षाकर्मियों तथा बम निरोधक दस्ते को तुरंत मौके पर बुलाया गया। कुछ ही देर में अन्य सुरक्षाकर्मी तथा बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया और सुरक्षित तरीके से विस्फोटक उपकरणों को निष्क्रिय कर दिया।

### एलजी इंडिया ने पेश किए एक्सक्लूसिव ऑफर्स



**नई दिल्ली,समृद्धि न्यूज।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्राण्ड्स में से एक, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने एक खास कैम्पेन ''26 ईयर्स ऑफ सेलीब्रेटिंग 26'' लॉन्च किया है। यह कैम्पेन हमारे देश के गणतंत्र दिवस की भावना से भी जुड़ा है। 15 जनवरी से लेकर 31 जनवरी, 2024 तक के लिये एलजी इंडिया एक्सक्लूसिव डील्स की पेशकश कर रहा है जिसमें ग्राहकों को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाले नए-नए प्रोडक्ट्स अपने घर ले जाने के लिये आमंत्रित किया गया है। एलजी के खास उत्पाद खरीदने के इच्छुक ग्राहकों के लिये सुविधाजनक ''2626 फिक्स्ड ईएमआई'' प्लान है, जिसमें पूर्वानुमान और प्रबंधन के योग्य भुगतान विकल्प हैं। एक अलग ऑफर के तौर पर ''पे रुपीज 26 एण्ड टेक होम एलजी प्रोडक्ट्स'' में उपभोक्ता बेहद कम अग्रिम कीमत पर एलजी के उत्पादों को अपने घर ला सकते हैं। इस पर अपनी बात रखते हुए, एलजी इंडिया के एमडी होंग जु जीयोन ने कहा, 'हम गणतंत्र दिवस से पहले अपने उपभोक्ताओं के लिये कुछ बेहद रोमांचक ऑफर्स की पेशकश कर वाकई रोमांचित हैं। इस साल एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने भारत जैसे खूबसूरत देश की सेवा के 26 वर्ष पूरे करने की उपलब्धि भी हासिल की है।

# अक्ल दाढ़ निकलवाना पड़े तो इन बातों का रखें ध्यान

विसडम टूथ को ही अक्ल दाढ़ कहा जाता है। यह दाढ़ 17 से 25 वर्ष की उम्र में निकलती है। एक स्टडी के अनुसार, पता चला है कि अक्ल दाढ़ हर किसी में नहीं आती करीब 53 प्रतिशत लोगों में ही अक्ल दाढ़ आती है। एक्सरपर्टस के मुताबिक इसका अक्ल आने से कोई कनेक्शन नहीं होता। इसके निकलने पर दांतों में असहनीय दर्द होता है।

यह मुंह के ठीक पीछे निकलने वाली एक दाढ़ है, जिसे तीसरी दाढ़ भी कहते है। यह अगर सही दिशा में न निकले, तो दांतों में तेज दर्द होता है। पेरियोडोंटिस्ट डॉ.पर्ल भारद्वाज के अनुसार,यह दाढ़ मसूड़ों को फोड़कर बाहर निकलती है। कई बार पर्याप्त जगह न होने पर यह आसपास के दांतों को धक्का देती है। तो चलिए, आपको इसके लक्षण और उपचार के बारे में बताते है।

**अक्ल दाढ़ के आने पर क्यों होता है दर्द?**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, जैसे-जैसे मानव का मस्तिष्क बड़ा होता गया। इंसानों के जबड़े समय के साथ छोटे होते गए है। इसी वजह से विसडम टीथ जब आते हैं तो दर्द होता है। क्योंकि जबड़ों के साइज छोटे होने के कारण ये ठीक तरह से फिट नहीं हो पाते हैं।



**अक्ल दाढ़ के लक्षण**

- मसूड़ों में सूजन
- मसूड़ों से खून बहना
- सांसों में बदबू आना
- जबड़ों के आसपास सूजन आना
- मुंह खोलने में कठिनाई होना

### हो सकता है इंफेक्शन

अक्ल दाढ़ को साफ करना कठिन होता है। भोजन और बैक्टीरिया दांतों और मसूड़ों के बीच फंस सकता है। बैक्टीरिया बढ़कर इनेमल लेयर में छेद कर देते हैं। जिस कारण संक्रमण का खतरा बहुत ज्यादा होता है। दुर्लभ मामलों में संक्रमण मुंह और सिर के अन्य हिस्सों में फैल सकता है।

### अक्ल दाढ़ का इलाज

अगर अक्ल दाढ़ से आपको बहुत तकलीफहो रही है तो इलाज के लिए डेंटिस्ट से जांच करवाए। वह उस जगह का एक्सरे करवा करवाएगा जिस से यह जानने में मदद मिलेगी की किस तरह का इलाज सबसे अच्छा है।

**दवाएं :** अक्ल दाढ़ में संक्रमण को दूर करने के लिए डॉक्टर आपको एमसॉक्सिलिन, मेट्रोनाइडेजॉल जैसी एंटीबायोटिक दे सकता है। इसे आपको दाढ़ रिपेयर करने से एक सप्ताह पहले लेना होता है। यह दवा दाढ़ को ठीक करने और बैक्टीरिया को फैलने से रोकने में मदद करती है।

**सर्जरी :** अगर दाढ़ डैमेज हो गई हो तो उसे पूरी तरह से निकालना पड़ता है। एक प्रभावित संक्रमित अक्ल दाढ़ के लिए सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। अक्ल दाढ़ को खींचना बहुत मुश्किल होता है। इसलिए इस जगह में इंजेक्शन लगाकर इसे सुन्न किया जाता है। इस प्रक्रिया में 20 मिनट या इससे ज्यादा समय भी लग सकता है। सर्जरी के बाद खून बहने, ठुड्डी में सुन्नता आने और जबड़े के कमजोर होने जैसे साइड इफेक्ट देखने को मिलते हैं।

**रिपेयर :** संक्रमण के साफ हो जाने के बाद दाढ़ को हटाने के बाद दाढ़ की दोबारा जांच होती है। डॉक्टर दांत के किनारे को भी फाइल कर भोजन और बैक्टीरिया फंसाने वाले खुरदुरे या उबड़ खाबड़ किनारों को हटा देता है।

### अक्ल दाढ़ निकलवाने का तरीका

कुछ गंभीर मामलों में डॉक्टर अक्ल दाढ़ निकलवाने के लिए कहते है अक्सर लोग इस बात से घबरा जाते है लेकिन अगर आप कुछ नियमों का पालन करेंगे, तो दिक्कत नहीं होगी। जिसने दाढ़ निकलवाई है उस व्यक्ति को 24 घंटे तक फॉलो करने चाहिए।

1- दाढ़ निकलवाने के बाद उस जगह को कम से कम एक घंटे तक दबा कर रखें, इससे ब्लीडिंग नहीं होगी।

2- दाढ़ निकलने के 24 घंटे तक ब्रश, कुल्ला, गरारे नहीं करने चाहिए न ही थूकना चाहिए।

3- दाढ़ निकलवाने के सख्त या गरम चीजें बिल्कुल नहीं खानी चाहिए। केवल ठंडी और नर्म चीजें ही खाएं। ठंडी चीज में भी गैस वाले पेय पीने से बचें। किसी भी ठंडी चीज को पीने के लिए स्ट्रॉ का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

4- अगर आप चाय या कॉफी पीना चाहते हैं, तो पी सकते हैं लेकिन ठंडा करके।

5- दाढ़ वाली जगह की बाहर से बर्फ से सिकाई करें।

6- 24 घंटे के बाद नमक युक्त गर्म पानी से कुल्ला करें।